सुप्रभात
रांची, गुरुवार
21.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 71

12 देशप्रिय क्लब थड़पकना : काल्पनिक मंदिर में पधारेंगी मां दुर्गा

### न्यूज डायरी

**वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में सिराज फिर से टॉप पर**

**नयी दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के तूफान ने उन्हें एमआरएफ टायर्स आइसीसी पुरुष वनडे बॉलिंग रैंकिंग के चार्ट में सीधे टॉप पर पहुंचा दिया है। इस स्थान पर जोश हेजलवुड का कब्जा था। इससे पहले मार्च 2023 में आखिरी बार मोहम्मद सिराज ने इस रैंकिंग पर कब्जा किया था।

**छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में बुधवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों की मौत हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी शांत होने के बाद घटनास्थल से एक इंसास राइफल और एक 12 बोर राइफल के साथ दो महिला नक्सलियों के शव बरामद किये गये हैं।

**नंगे पांव उपायुक्त आवास पहुंची कस्तूरबा की छात्राएं**

**पलामू।** बुधवार को कस्तूरबा विद्यालय चैनपुर की दर्जनों छात्राएं स्कूल से सड़क पर नंगे पांव आ गयी और तीन किलोमीटर प्रदर्शन करते हुए छहमुहान स्थित उपायुक्त शशि रंजन के आवासीय परिसर में पहुंच गयी। उपायुक्त से मिल पूरी स्थिति से उन्हें अवगत कराया। उपायुक्त ने उन्हें भरोसा दिलाते हुए कहा कि आप सभी स्कूल जायें, मामले की जांच करायी जायेगी।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक के पक्ष में 454 वोट, विरोध में सिर्फ 2 मत पड़े

# ऐतिहासिक महिला आरक्षण बिल पास

### आज राज्यसभा में चर्चा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नये संसद भवन में पेश होने वाले पहले एतिहासिक बिल 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को बुधवार को लोकसभा से मंजूरी मिल गयी। इसमें लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। बिल पर गुरुवार को राज्यसभा में चर्चा होगी। संसद के विशेष सत्र के तीसरे दिन पर्ची से हुए मतदान में लोकसभा में इस बिल के पक्ष में 454 मत और विरोध में दो मत पड़े। यह बिल को लोकसभा में मंगलवार को पेश किया गया था। बुधवार को दिन भर इस बिल पर चर्चा चली।



**राजनीति मुद्दा नहीं मान्यता का सवाल**

: भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र में इस बिल का वादा किया था। लोकसभा में बिल पर चर्चा के दौरान भाजपा की तरफ से कहा गया कि यह पार्टी का महिला सशक्तीकरण राजनीतिक मुद्दा नहीं है बल्कि मान्यता का सवाल है। बिल पर हुई चर्चा में आखिरी वक्ता भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह थे।

(शेष पेज 11 पर)

### परिसीमन पर बोले कानून मंत्री

बिल पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि परिसीमन को लेकर सवाल खड़ा किया जा रहा है। परिसीमन के सेक्शन 8 और 9 में ये कहा गया है कि संख्या देकर ही निर्धारण होता है। इन तकनीकी चीजों में हम जायेंगे तो आप चाहते हैं कि ये बिल फंस जाये। लेकिन हम इस बिल को फंसने नहीं देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने तय किया है कि महिला आरक्षण का विषय हॉरिजोन्टल भी है और वर्टिकल भी है। अब तुरंत तो परिसीमन, जनगणना नहीं हो सकती।

### शाह का राहुल पर पलटवार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि वह विधेयक के समर्थन में हैं, पर उन्होंने ओबीसी मसले पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सरकार के 90 सेक्रेटरी में सिर्फ 3 सेक्रेटरी ओबीसी समुदाय से हैं। शाह ने इसके काउंटर मे अपने डेटा सामने रखे। शाह ने तंज भी किया और कहा कि इनकी समझ है कि देश सेक्रेटरी चलाते हैं, मेरी समझ है कि देश सरकार चलाती है। नीतियां सरकार और संसद बनाती है। उन्होंने कहा कि हमारे 29 पर्सेंट सांसद ओबीसी कैटेगरी के हैं। 29 मंत्री ओबीसी कैटेगरी के हैं। भाजपा के 1358 विधायकों में से 365 यानी 27 पर्सेंट ओबीसी से हैं। 163 एमएलसी में से 65 पर्सेंट यानी 40 पर्सेंट ओबीसी हैं। शाह ने कहा कि आपकी पार्टियों ने कभी ओबसी पीएम नहीं बनाया भाजपा ने ओबीसी पीएम बनाया।

## गबन के आरोपी अभियंता पर चलेगा केस, सीएम की मंजूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक और सहायक अभियंता पर केस चलाने की अनुमति दे दी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरही के भवन निर्माण कार्य के क्रियान्वयन में सरकारी पद का दुरूपयोग, अपराधिक षडयंत्र धोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन कर सरकारी राशि के गबन करने के अभियुक्त ग्रामीण

**भ्रष्टाचार पर वार**



विशेष प्रमंडल के तत्कालीन सहायक अभियंता सुनील कुमार के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति का आदेश दे दिया। (शेष पेज 11 पर)

### विरोध में एक ओवैसी और दूसरा भी उनका सांसद

**नयी दिल्ली।** लोकसभा से मंजूर नारीशक्ति वंदन विधेयक के विरोध में दो सांसदों ने वोट किया। जिन दो लोगों ने महिला आरक्षण बिल के खिलाफ वोट किया वे दोनों ही ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सांसद हैं। असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को लोकसभा में विधेयक का खुलकर विरोध किया था। इसके अलावा, उनकी ही पार्टी के सांसद सय्यद इम्तियाज जलील ने भी बिल के विरोध में वोट किया है। इम्तियाज जली महाराष्ट्र के औरंगाबाद से लोकसभा सांसद हैं।

### रेल रोको आंदोलन से झारखंड में घंटों ट्रेन सेवा रही बाधित, अब सामान्य

## सीएस के आश्वासन पर आंदोलन वापस

**25 को रांची में बैठक, 2 अक्टूबर को केंद्रीय गृह सचिव से मिलेगा कुड़मी समाज**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एसटी सूची में शामिल करने और कुरमाली भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर कुरमी/कुड़मी समाज का रेल टेका, डहर छेका (रेल रोको-रास्ता रोको) आंदोलन के पहले दिन बुधवार को झारखंड और



ओड़िशा में व्यापक असर रहा। पटरी पर धरना देने के कारण मूरी, गोमो, नीमडीह और पश्चिम सिंहभूम के घाघरा-मनोहरपुर रेलवे स्टेशन से होकर गुजरनेवाली दर्जनों ट्रेनें प्रभावित रही। नीमडीह स्टेशन पर आंदोलनकारियों को रोके जाने के बाद पथराव किया। पुलिस को लाठीचार्ज करनी पड़ी। आखिरकार शाम को दो घंटे की वार्ता और मुख्य सचिव (सीएस) के आश्वासन के बाद आंदोलन वापस लेने की घोषणा की गयी। सीएस ने रांची में 25 को वार्ता करने और 2 अक्टूबर को केंद्रीय गृह सचिव से बात कराने का भरोसा दिया। (शेष पेज 11 पर)






खबर एक नजर में

## राज्यपाल से मिले डीजीपी



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह व अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को पुलिस ड्यूटी मीट में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

## इडी ने गोरा संजय और काला संजय को भेजा समन

**रांची।** अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने साहिबगंज के गोरा संजय और काला संजय को एक नया समन जारी किया है। इडी ने उन्हें साहिबगंज के अवैध खनन मामले में 27 सितंबर को इडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले भी ईडी ने दोनों को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन दोनों उपस्थित नहीं हुए थे। गोरा संजय और काला संजय बच्चू यादव का भांजा है। इडी को जानकारी मिली है कि बच्चू यादव की अवैध खनन से अर्जित संपत्ति का निवेश उसके दोनों रिश्तेदारों ने किया है। इडी ने बैंक खातों के ट्रांजेक्शन से जुड़े साक्ष्य और निवेश की जानकारी जुटाई है। इसी आधार पर दोनों को इडी ने समन किया है।

## भानु प्रताप प्रसाद की जमानत पर सुनवाई 27 को

**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन व अन्य भूखंडों की फर्जी दस्तावेज के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े जमीन घोटाले के मास्टर माइंड बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की जमानत अर्जी पर सुनवाई 27 सितंबर को होगी। उसने जमानत की गुहार लगाते हुए 19 सितंबर को अर्जी दाखिल की है। बुधवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई के लिये सूचीबद्ध थी। समय लेने के कारण सुनवाई टल गई।

## अभिनेत्री अमीषा पटेल का होगा प्रति-परीक्षण

**रांची।** चेक बाउंस से जुड़े अभिनेत्री अमीषा पटेल के मामले में बुधवार को न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई। अब, मामले में अमीषा पटेल एवं उसकी प्रोडक्शन कंपनी शिकायतकर्ता का प्रति-परीक्षण करेगा। इसके लिए अदालत से समय की मांग की गई। इस पर अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 29 सितंबर निर्धारित की है। मालूम हो कि फिल्म मेकर अजय कुमार सिंह ने अभिनेत्री अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। देसी मैजिक फिल्म बनाने के नाम पर अजय कुमार सिंह से अमीषा पटेल ने 2 करोड़ रुपये ली थी। वापसी के लिये जो चेक दिया गया, वह बाउंस कर गया।

आंदोलनकारियों से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल किया गया था तैनात

# कुड़मी आंदोलन: मूरी जंक्शन पर सुबह से ही जुट गये आंदोलनकारी, रेल सेवा को किया प्रभावित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कुरमी/कुड़मी आंदोलन के कारण बुधवार को रेल सेवा प्रभावित हुई। आंदोलनकारियों से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल, रैफ के जवानों को भी तैनात किया। कुरमी जाति को एसटी का दर्जा देने की मांग को लेकर आंदोलनकारी मूरी जंक्शन पर बुधवार की सुबह ही जुट गये। इससे पहले प्रशासन की सख्ती के बाद आंदोलनकारी रेलवे ओवर ब्रिज के पास ट्रैक पर बैठ गये। आंदोलनकारियों में महिलाओं की संख्या सबसे ज्यादा थे।

टोटेमिक कुड़मी विकास मोर्चा के आह्वान पर झारखंड के तीन रेलवे स्टेशनों पर 20 सितंबर से अनिश्चितकालीन रेल चक्का जाम की घोषणा की गई थी। इससे पहले प्रशासन ने भीड़ को रोकने की कोशिश की, लेकिन महिलाओं की भारी संख्या को देखते हुए प्रशासन को पीछे हटना पड़ा। नतीजा यह हुआ कि उस रूट से ट्रेन का परिचालन बंद करना पड़ा। रेलवे ट्रैक जाम करने से रांची-मूरी और मूरी-टाटा रूट प्रभावित हो गयी।



### विधायक डॉ लंबोदर महतो पुलिस हिरासत में

आजसू पार्टी के गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे समाज के लोगों के बीच मुरी जंक्शन पहुंचकर रेल रोको आंदोलन में शामिल हुए। करीब अपराह्न 1:00 बजे पुलिस प्रशासन ने उनको हिरासत में ले लिया। उन्हें सिल्ली थाना ले जाया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. लंबोदर महतो कुड़मी को अनुसूचित जनजाति ( एसटी) की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर कई मौके पर मुखर बने रहे हैं।

### आंदोलनकारियों को रोकने में पुलिस नाकाम

आंदोलनकारियों को रोकने के लिए जिला पुलिस और रेलवे की तरफ से भी जबरदस्त तैयारी की गई थी। मंगलवार से ही पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी गयी थी। मूरी रेलवे जंक्शन तक पहुंचने वाले तमाम रास्तों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया था। आंदोलनकारियों ने बताया कि सिल्ली थाना, रामपुर और बंता समेत 13 जगहों पर आंदोलनकारियों की गाड़ियों को रोका गया लेकिन लोग ग्रामीण इलाकों का सहारा लेकर घटनास्थल पर पहुंच गये। सिल्ली के बीडीओ पवन आसीत लकड़ा ने प्रदर्शनकारियों से बात की लेकिन लोग अपनी मांगों पर अड़े हुए थे।

**रैफ को किया गया तैनात :** आपात स्थिति से निपटने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स को भी तैनात कर दिया गया। शीतल ओहदार ने बताया कि 19 सितंबर को प्रशासन के साथ वार्ता भी हुई थी। तब प्रशासन ने कहा था कि ज्यादा से ज्यादा डेढ़ दिन तक आंदोलन की अनुमति रहेगी।

### कहां-कहां से पहुंचे लोग

जानकारी के मुताबिक आंदोलन में शामिल होने के लिए सिल्ली के अलावा गोला, रामगढ़, पेटरवार, किता, जोन्हा, पारंदा और सोनाहातू समेत आसपास के इलाकों से लोग पहुंचे हुए थे। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे शीतल ओहदार मूलरूप से ओरमांझी के रहने वाले हैं। उन्होंने पूर्व में भी कुरमी जाति को एसटी का दर्जा देने की मांग को लेकर उन्होंने आंदोलन किया था। जानकारी के मुताबिक, गोमो और नीमडीह रेलवे स्टेशन के आसपास भी धारा-144 लागू की गई है। दोनों जगहों पर भी भीड़ जुटी है, लेकिन किसी को भी रेलवे स्टेशन तक नहीं जाने दिया गया है।

### लोस चुनाव के पहले एसटी की सूची में शामिल नहीं किया गया तो होंगे गंभीर परिणाम

मुख्य सचिव, झारखंड से वार्ता के आश्वसान के बाद कुरमी समाज ने अपने आंदोलन को स्थगित करने का एलान किया है। समाज के लोगों को आश्वासन मिला है कि 25 सितंबर को झारखंड के मुख्य सचिव के साथ वार्ता होगी। इस अश्वासन के बाद मोर्चा की ओर से और धनबाद इकाई की ओर से आंदोलन को स्थगित कर दिया गया।

**ओम प्रकाश महतो, प्रवक्ता, कुरमी विकास मोर्चा**

25 सितंबर को मुख्य सचिव झारखंड और 2 अक्टूबर को केंद्रीय गृह सचिव से वार्ता का आश्वासन मिलने के बाद आंदोलन वापस ले लिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को हर हाल में कुरमी को एसटी सूची में शामिल करना ही होगा। नहीं तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। 2004 में ही राज्य के तत्कालीन सीएम रहे और वर्तमान में केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने यह प्रस्ताव केंद्र को भेजा था। मगर बाद में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

**शीतल ओहदार, केंद्रीय अध्यक्ष, झारखंड कुरमी/कुड़मी मोर्चा**

**कई ट्रेनों को किया गया रद्द :** रांची रेल मंडल की ओर से बताया गया कि लिंक ट्रेन के रद्द होने और रेक की अनुपलब्धता के कारण रांची रेल मंडल से परिचालित निम्नांकित ट्रेनें रद्द रहेंगी। ट्रेन संख्या 15027 हटिया-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 20/09/ 2023 को रद्द रहेगी, ट्रेन संख्या 13403 रांची-भागलपुर एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 20/09/2023 को रद्द रहेगी, ट्रेन संख्या 15661 रांची-कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 20/09/2023 को रद्द रहेगी, ट्रेन संख्या 02831 धनबाद-भुवनेश्वर एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 20/09/2023 को रद्द रहेगी।


वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम-सोनू अंसारी, उम्र-16 वर्ष,
रंग-काला उचाँई- 5 फीट
पहनावा-काला रंग का गंजी एवं नीला रंग का जिन्स पैंट पहना हुआ है।

उपरोक्त लापता लड़का सोनू अंसारी पे0-जहाँगीर अंसारी पता-ग्राम अगडु थाना-रातु जिला-राँची जो घर से बगैर बताए कहीं चला गया जो आजतक अपने घर वापस नहीं आया है। जिसके संबंध में रातु थाना कांड संख्या-319/23 दिनांक-29.07.23 धारा-363 भा0द0वि0,दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक मु0-द्वितीय राँची। —94317 06142
थाना प्राभारी रातु, राँची। — 94317 06175

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 307272 Police(23-24).D



Govt. of Jharkhand
Office of the Executive Engineer
National Highway Division, Hazaribagh
South of PTC Ground, Hazaribagh–825301
Phone No.–06546-222474
E-mail :- nhdivisionhazaribagh@gmail.com / eenhhazari-jhr@nic.in

Short Term Notice Inviting Tender
Tender Reference No. : NH/HAZARIBAGH/2023-24/05
Dated 18.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Construction of Drain in NH-522 (Old NH-100) of Km 47.900 (LakheMajar) to Km 49.500 (KorraChowk) at right side under NH Division, Hazaribagh for the year 2023-24 |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 1,29,99,572=00 (Rupees One Crore Twenty-nine Lakh Ninety-nine Thousand Five Hundred Seventy-two) only |
| 3 | Time of Completion | Upto 15.03.2024 |
| 4 | Date of Publication of Tender on website | 20.09.2023 from 5:00 pm |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids online | 04.10.2023 up to 5:00 pm |
| 6 | Last date/time for physical submission of Earnest Money/ DD etc. | 05.10.2023 upto 2.00 pm |
| 7 | Bid Opening Date and Place | 05.10.2023 at 3:00 pm at ChiefEngineer (Comm)-cum-Nodal Officer, e-Procurement Cell, Road Construction Department, Jharkhand, 1st Floor, Engineer's Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi - 834004 |
| 8 | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, National Highway Division, Hazaribagh. |

Note :- The estimate cost of work is inclusive of GST and LabourCess. Further details can be seen on e-tendering portal

Executive Engineer
NH Division, Hazaribagh

PR.NO.307288 Road(23-24):D


एमजीएम के डॉक्टर से मारपीट का विरोध

## आइएमए ने राज्यव्यापी हड़ताल की दी चेतावनी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर के डॉ कमलेश उरांव से बर्बरता पूर्वक मारपीट को लेकर चिकित्सकों में उबाल है। झारखंड आईएमए ने चेतावनी दी है कि अगले 24 घंटे में दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे राज्यव्यापी हड़ताल पर जाएंगे। आईएमए ने ऐलान किया है कि दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो पूरे राज्य के सरकारी और गैर सरकारी चिकित्सक सुबह छह बजे से हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान किसी तरह के मरीजों के नुकसान की जिम्मेवारी राज्य सरकार की होगी। आईएमए के सचिव डॉ प्रदीप ने कहा कि चिकित्सक का सिर फोड़ दिया गया है, घटना के दो दिन बीत गए हैं इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे चिकित्सकों में रोष है।

**जमशेदपुर में आज 12 बजे तक हड़ताल पर रहेंगे चिकित्सक :** चिकित्सकों ने कहा है कि सरकारी मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी पर मौजूद सरकारी चिकित्सक के साथ मारपीट की घटना होती है, जिसका प्रशासन के पास वीडियो फुटेज है। बावजूद इसके दोषी व्यक्तियों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह प्रशासन की विफलता है। इसके विरोध में बुधवार को मेडिकल कॉलेज में एक मीटिंग हुई, जिसमें मेडिकल कॉलेज के छात्र संगठन के साथ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं झासा के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मेडिकल कॉलेज एवं जमशेदपुर शहर के सभी सरकारी और गैर सरकारी अस्पताल गुरुवार को दिन के 12 बजे तक हड़ताल पर रहेंगे (आकस्मिक सेवा को छोड़कर) राज्य भर के सभी प्राइवेट एवं सरकारी चिकित्सक एकजुट हैं।

**जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने की घटना का निंदा :** वहीं जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन रिम्स ने भी घटना की निंदा की है। जेडीए के अध्यक्ष डॉ जयदीप चौधरी ने कहा कि घटना में शामिल दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन तेज होगा और हड़ताल किया जाएगा।

मामला धनबाद के प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी के खिलाफ जांच का

## मार्केटिंग बोर्ड के दफ्तर से गायब हो गयी हजारीबाग डीसी की जांच रिपोर्ट

बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के फैसले के बाद भी नपे प्रभारी सचिव

निदेशक मंडल ने गढ़वा और हजारीबाग के कार्यकाल का जांच कराने का भी दिया था निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मार्केटिंग बोर्ड में 2 जुलाई 2019 को निदेशक मंडल की बैठक हुई थी। इसमें हजारीबाग मार्केट कमेटी के प्रभारी सचिव रहे राकेश कुमार सिंह के खिलाफ अनियमितता बरतने संबंधी मिले परिवाद के आलोक में विभागीय स्तर से जांच करने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद बोर्ड के तत्कालीन प्रबंध निदेशक मंजूनाथ भजंत्री ने आदेश भी जारी किया था। इसमें कहा गया था कि हजारीबाग के तत्कालीन प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी राकेश कुमार सिंह के खिलाफ अनियमितता बरतने संबंधी परिवाद पत्र मिला है। इसके आलोक में वोट ऑफ डायरेक्टर में निर्णय लिया गया है कि राकेश सिंह प्रभारी सचिव हजारीबाग के गढ़वा एवं हजारीबाग में पदस्थापन कार्यकाल की जांच विभागीय स्तर से कराई जाये।

**हजारीबाग डीसी को मिला था जांच का जिम्मा :** इस आदेश के आलोक में एमडी ने हजारीबाग डीसी को जांच का आदेश दिया था। हजारीबाग डीसी ने मामले की जांच एसडीओ से कराकर मार्केटिंग बोर्ड को भेज दिया था। परंतु मंजूनाथ भजंत्री के बोर्ड से हटने के बाद जांच रिपोर्ट गायब कर दिया गया। बताते चलें कि राकेश सिंह जब गढ़वा बाजार समिति में प्रभारी सचिव के रूप में तैनात किए गए थे, तो इन्होंने एक सब्जी विक्रेता से दुकान आवंटन के नाम पर एक लाख रुपये घूस मांगा था। घूस की राशि के साथ एंटी करप्शन ब्यूरो ने उन्हें अरेस्ट भी किया था और 3 महीने तक जेल में रहे थे। इससे संबंधित परिवाद पत्र बोर्ड में डाला गया था। इसी के खिलाफ निदेशक मंडल की बैठक में जांच करने का निर्णय लिया गया था। परंतु मंजूनाथ भजंत्री के हटते ही इन्होंने मामले को ठंडे बस्ते में डलवा दिया और घोलप रमेश गोरख के बोर्ड में एमडी के पद पर योगदान देने के साथ ही इन्होंने अपना कारोबार फिर से फैलाना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, इन्हें बोर्ड के तत्कालीन एमडी छविरंजन ने ई-नैम के प्रभारी से भी हटा दिया था, लेकिन घोलप ने आते ही इन्हें बोर्ड में फिर से ई-नैम का प्रभारी बना दिया।

### अब धनबाद डीसी करेंगे मामले की जांच

कृषि सचिव अबू बकर सिद्दिक ने 40 लाख रुपये में दुकान बेचे जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए धनबाद डीसी और मार्केटिंग बोर्ड के एमडी को जांच का आदेश दिया है। उन्होंने धनबाद डीसी से पूरे मामले की जांच कर दो दिनों में रिपोर्ट देने को कहा है।

### मूलवासी सदान मोर्चा ने भी की हटाने की मांग

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने भी धनाबाद बाजार समिति के भ्रष्ट और घूसखोर प्रभारी सचिव को हटाने की मांग की है। प्रेस बयान जारी कर उन्होंने मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक से ऐसे अधिकारी को अविलंब हटाने की मांग की है, जिससे सरकार की बदनामी हो रही हो।

### भ्रष्ट प्रभारी को जल्द हटायें : रानी कुमारी

**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष रानी कुमारी ने मार्केटिंग बोर्ड के प्रबंध निदेशक कमलेशवर सिंह और बोर्ड अध्यक्ष रबिंद्र सिंह को ज्ञापन देकर धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सचिव को हटाने की मांग की है। उन्होंने लिखा है कि भ्रष्ट और घूसखोर अधिकारी के कारण राज्य सरकार की बदनामी हो रही है। इसे अविलंब हटायें, अन्यथा आंदोलन किया जायेगा। अध्यक्ष और एमडी के नाम बुधवार को सौंपे ज्ञापन में रानी कुमारी ने कहा है कि व्यापारियों और अखबारों के माध्यम से यह सूचना मिल रही है कि धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सचिव राकेश सिंह द्वारा बाजार समिति भंग होने के बाद भी दुकान, गोदाम और आईबी को पैसे लेकर बेचा जा रहा है। गढ़वा बाजार समिति में भी राकेश सिंह को दुकान आवंटन के नाम पर एक सब्जी विक्रेता से 1,00,000 रुपये घूस लेते पकड़ा गया था। उसके बाद भी उन्हें धनबाद जैसे बड़े बाजार समिति का प्रभारी बना दिया गया।

### नारी शक्ति वंदन विधेयक ढाक के तीन पात : रानी कुमारी

**रांची।** राजद की प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रानी कुमारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी के द्वारा नये सांसद भवन में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला नारीशक्ति वंदन विधेयक भारतीय जनता पार्टी की चुनावी जुमला है। नारी शक्ति महिला विधेयक आरक्षण बिल तत्काल प्रभाव से लागू नहीं होगा। नारिशक्ति वंदन विधेयक परिसीमन के बाद होने वाले चुनाव में लागू हो सकता है। पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को नारी शक्ति वंदन विधेयक में आरक्षण से वंचित रखा गया है।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग
Email ID–govitihazaribag@gmail.com

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) में शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 में नामांकन से संबंधित सूचना

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग, महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, विश्णुगढ़, हजारीबाग(LWE) में शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन के लिए दिनांक–22.09.2023 एवं 23.09.2023 को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग एवं महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग में **Spot Round online Admission** (पहले आओ, पहले पाओ) लिया जाएगा। **Spot Round online Admission** के दौरान संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग, महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, विश्णुगढ़, हजारीबाग(LWE) के विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर **First Come First Serve basis** (पहले आओ, पहले पाओ) पर व्यवसाय/सीट का आवंटन कर नामांकन लिया जाएगा। **Spot Round** में **Admission Module** में निबंधित अभ्यर्थियों का ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा नामांकन लिया जाएगा।

**Spot Round online Admission** में **First Come First Serve** (पहले आओ, पहले पाओ) के आधार पर ऑनलाईन नामांकन लिया जाएगा।

ह0/–
प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,हजारीबाग

PR 307310 (Labour Employment and Traning)23-24*D


लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित होने पर महिला नेताओं के चेहरे खिले

# राज्यसभा में भी सभी सांसद सदस्य विधेयक को समर्थन दें : अन्नपूर्णा

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा- नारी आकांक्षाओं का सम्मान, मोदी सरकार की पहचान



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण नारी शक्ति वंदन विधेयक बुधवार को लोकसभा से पारित हो गया। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में यह दिन स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गया है। उन्होंने नारी सम्मान और अधिकार को समर्पित इस विधेयक को समर्थन देनेवाले सभी दलों और सभी सांसदों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में भी दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर सभी सदस्य इस विधेयक का समर्थन करें और इस विधेयक को कानून बनने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जी ने नारी आकांक्षाओं को कितना ज्यादा महत्व दिया है, यह इस बात से समझा जा सकता है कि नये संसद भवन की पहली संसदीय कार्यवाही के रूप में इसे चुना गया। ये सही है कि महिलाओं को आरक्षण देने के प्रस्ताव पहले भी सदन में आये हैं लेकिन उनमें से कोई भी कानून नहीं बन सका।

## महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित है केंद्र की मोदी सरकार: आरती कुजूर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा है कि महिला सशक्तीकरण के लिए मोदी सरकार समर्पित है। आरती कुजूर बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित नारी शक्ति वंदन बिल के स्वागत समारोह में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलायी हैं। साथ ही 11 महिलाओं को अपने कैबिनेट में जगह भी दी है। अब नारी शक्ति वंदन अध्यादेश लाकर आधी आबादी को सम्मान दिया।




वहीं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह ने आधी आबादी को दिये गये इस सम्मान के लिए प्रधानमंत्री को झारखंड की ओर से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़े कार्य किये हैं।

इस अवसर पर सीमा शर्मा, रेणुका मुर्मू, सरिता पांडेय, रेनू तिर्की, रागिनी सिन्हा, फूदो देवी, संपति देवी, प्रियंका रंजन, सुचिता सिंह, बबिता वर्मा, रेखा महतो, लक्ष्मी, बबली, कुमुद झा, संजू कुशवाहा, पूजा शौर्य सिंह, बबिता झा, रंजिता सिंह उपस्थित थीं।

### महिला आरक्षण बिल में ओबीसी वर्ग के लिए भी सुविधा हो : अंबा प्रसाद



**रांची।** कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने महिला आरक्षण बिल का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि एससी-एसटी वर्ग की महिलाओं के लिए सभी सीटों में हिस्सेदारी हो। उन्होंने कहा है कि अगर महिलाओं को समान हिस्सेदारी प्राप्त होती है तो गर्व की अनुभूति होगी। उन्होंने महिला आरक्षण के अंदर एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं के लिए भी आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग की महिलाओं को बिल्कुल आरक्षण नहीं दिया गया है, जो निराशाजनक है। प्रधानमंत्री खुद को ओबीसी बताते हैं लेकिन ओबीसी वर्ग के साथ इस बिल में विश्वासघात किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर महिला आरक्षण बिल में हर वर्ग की महिलाओं का आरक्षण सुनिश्चित होगा। तभी संवैधानिक रूप से हर वर्ग की महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में राजनीतिक प्रतिनिधित्व का अवसर प्राप्त होगा।

## जुगसलाई से जेएमएम विधायक मंगल कालिंदी गरीब विधायकों में 5वें नंबर पर

### एडीआर की रिपोर्ट में देश के 10 सबसे गरीब विधायकों की सूची जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के जुगसलाई जेएमएम विधायक मंगल कालिंदी देश के गरीब विधायकों में से पांचवें पायदान पर हैं। वहीं, सबसे कम संपत्ति वाले विधायक पश्चिम बंगाल के भाजपा विधायक निर्मल कुमार धारा हैं, जिनकी कुल घोषित संपत्ति सिर्फ 1,700 रुपये है। एडीआर की रिपोर्ट में देश के 10 सबसे गरीब विधायकों की सूची जारी की गयी है। सूची में मंगल कालिंदी पांचवें नंबर पर हैं।



**जुगसलाई सीट से हैं विधायक** : 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में जुगसलाई से जीतने वाले झामुमो विधायक मंगल कालिंदी के पास 30 हजार रुपये की संपत्ति थी। चुनाव आयोग को दिए शपथ पत्र में मंगल कालिंदी ने बताया था कि उनके पास 20 हजार रुपये कैश हैं, जबकि बैंक अकाउंट में 10 हजार रुपये हैं। इस आधार पर उन्हें देश का पांचवां गरीब विधायक माना गया। उन्होंने शपथ पत्र में बताया था कि उनके नाम पर घर और जमीन नहीं है। उन्होंने तब तक किसी बैंक या संस्था के कर्ज भी नहीं लिया था। उन पर देनदारी नहीं थी।

**सबसे अमीर विधायक की संपत्ति 1400 करोड़ से अधिक** : रिपोर्ट के अनुसार, सबसे अमीर विधायक के पास 1,400 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है, कर्नाटक के विधायक डीके शिवकुमार देश के सबसे अमीर विधायक हैं। शिवकुमार के पास 1,413 करोड़ से अधिक की संपत्ति है। देश के 20 सबसे अमीर विधायकों में से 12 कर्नाटक से हैं। टॉप टेन में सबसे अमीर विधायकों में से चार कांग्रेस से हैं, वहीं तीन भाजपा से हैं।

## झारखंड में जल्द शुरू होगा मदर मिल्क बैंक, प्रक्रिया पूरी जल्द निकलेगा टेंडर

### जरूरतमंद और वंचित बच्चों को मिलेगा मां के दूध का सुरक्षा कवच

**संजीव मिश्रा**

**रांची।** स्तनपान न केवल शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार है, बल्कि बच्चों का सुरक्षा कवच है। इस कवच को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से झारखंड सरकार जल्द ही मदर मिल्क बैंक की शुरूआत करेगी। इस बैंक की स्थापना स्वास्थ्य विभाग की ओर से की जाएगी। इसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य है कि मां के दूध से वंचित जरूरतमंद नवजात शिशुओं को मिल्क बैंक के माध्यम दूध मुहैया कराया जा सके। यहां उन बच्चों को मां का दूध उपलब्ध कराया जाएगा जिनकी अपनी मां स्तनपान करा पाने में असमर्थ हैं। झारखंड के चार जिलों रांची, दुमका, बोकारो और हाजारीबाग के अस्पातलों में इसे स्थापित किया जाएगा।



**प्रकिया पूरी, टेंडर जल्द** : हेल्थ विभाग के स्पेशल सेक्रेटरी आलोक त्रिवेदी ने बताया कि सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और एक सप्ताह के अंदर इसका टेंडर निकाल दिया जाएगा। इन बैंको की स्थापना के लिए सरकार 1.60 करोड़ रुपए खर्च करेंगी। ये बैंक झारखंड के चार जिलों रांची, दुमका, बोकारो, हजारीबाग में स्थापित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना में ज्यादा से ज्यादा दूध संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है। इसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य यह है कि कोई भी बच्चा मां के दूध से वंचित न हो ।

## झाप्रसे के 15 अधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के 15 अधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया है। विशेष कार्य पदाधिकारी राज्यपाल सचिवालय रांची के पद पर पदस्थापित राकेश कुमार को स्थानांतरण स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक उप सचिव गृह कार्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पद पर स्थापित किया गया है। कार्यपालक दंडाधिकारी गुमला सुदीप्त राज को उन्हें कार्यपालक दंडाधिकारी जमशेदपुर पूर्वी सिंहभूम के पद पर पदस्थापित किया गया है। कार्यपालक दंडाधिकारी सरायकेला प्रियंका प्रियदर्शी को अगले आदेश तक कार्यपालक दंडाधिकारिक गिरिडीह के पद पर पदस्थापित किया गया है।

वहीं आठ पदाधिकारियों की सेवा अंचल अधिकारी के पद के लिए राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग को सौंपी गयी है। बीडीओ पतना सुमन कुमार सौरभ, कार्यपालक दंडाधिकारी गुमला प्रणय ऋतुराज, कार्यपालक दंडाधिकारी सिमडेगा सदर पंकज कुमार भगत, कार्यपालक दंडाधिकारी पश्चिम सिंहभूम चाईबासा, अभिषेक कुमार कार्यपालक दंडाधिकारी सिमरिया, अमरदीप सिंह मल्होत्रा कार्यपालक दंडाधिकारी गिरिडीह, रणवीर कुमार कार्यपालक दंडाधिकारी गढ़वा, विकास कुमार कार्यपालक दंडाधिकारी डुमरी विकास आनंद की सेवा अंचल अधिकारी के पद के लिए दी गई है।

वहीं कार्यपालक दंडाधिकारी धनबाद प्रदीप कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी धनबाद अंशु कुमार पांडे की सेवा प्रखंड विकास पदाधिकारी के लिए दी गई है। इसके अलावा राज्य सरकार ने पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत सुनीता कुमारी को अगले आदेश तक कार्यपालक दंडाधिकारी हजारीबाग के पद पर पदस्थापित किया गया है। विनय कुमार को प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर सेवा ग्रामीण विकास विभाग को दी गई है।

## कमेटी को बढ़ा हुआ किराया नहीं देंगे व्यापारी: रांची चैंबर

**रांची।** फेड्रेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय में बुधवार को रांची चेंबर के अध्यक्ष संजय माहुरी ने कहा कि किसी भी हाल में बढ़ा हुआ किराया रांची कमेटी के व्यापारी नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि दो दिनों के भीतर चेंबर का प्रतिनिधिमंडल मार्केटिंग बोर्ड के प्रबंध निदेशक और एसडीओ सदर से मिलेगा और भाड़ा में की गई वृद्धि को वापस करने की मांग करेगा। अगर बोर्ड के स्तर पर बढ़ाना बड़ा भाड़ा वापस नहीं लिया गया तो चेंबर के पदाधिकारी राज्य भर में आंदोलन करेंगे। संजय माहुरी ने कहा कि 40 लाख रुपये लेकर बाहर के व्यापारियों से दुकान बेचने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी चैंबर के पदाधिकारी हल्ला बोलेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में बाजार समिति भंग है, बावजूद इसके धनबाद बाजार समिति समेत राज्य की विभिन्न कमेटियों में दुकानों की बिक्री की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध तरीके से की जा रही बिक्री के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर चैंबर के दीपक पोद्दार समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## कृष्णा नायक, चितरंजन का भतीजा धीरज और दो शूटर अब भी फरार

# जमीन कारोबारी को गोली मारने की घटना में शामिल 12 अपराधी गिरफ्तार

### चितरंजन को ट्रांजिट रिमांड पर बेऊर जेल से रांची लायेगी पुलिस, शूटरों को चितरंजन की पत्नी ने दिया था पनाह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र के कांके ब्लॉक चौक के पास बीते 14 सितंबर को जमीन कारोबारी अवधेश यादव को गोली मार दी गई थी। एसएसपी के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस घटना में शामिल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में पंकज कुमार गुप्ता, अभिलाषा देवी (चितरंजन की पत्नी), अमन कुमार, जगदेव प्रसाद वर्मा, हर्षराज (चितरंजन का बेटा) नवाज अख्तर, सोनू कुमार सिंह, अंकित कुमार, बसंत अब्राहम लुगुन, मिनहाजद्दीन अली, सरफराज आलम और तौहिद अंसारी शामिल हैं। पुलिस ने इनलोगों के पास से दो फॉर्च्यूनर कार, एक टाटा सफारी कार, एक बाइक, दो पिस्टल, दो देसी कट्टा, 11 जिंदा कारतूस और 16 मोबाइल फोन बरामद किये हैं। रांची पुलिस बेऊर जेल में बंद चितरंजन को ट्रांजिट रिमांड पर रांची लायेगी।



### एसएसपी ने बनायी थी 30 सदस्यीय टीम

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो के नेतृत्व में डीएसपी, इंस्पेक्टर, दारोगा समेत 30 पुलिसकर्मियों की एक टीम बनायी थी। टीम के द्वारा बिहार से लेकर झारखंड में कई जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की गयी। पुलिस की एक टीम पटना गयी, जहां पुलिस को पता चला कि योजना को अंजाम देने से पूर्व ही चितरंजन कुमार मद्य निषेध एक्ट में बेऊर जेल में बंद है।

### चितरंजन की पत्नी अभिलाषा ने घर में दी थी शूटरों को पनाह

पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि भू माफिया चितरंजन कुमार और अवधेश कुमार के बीच कांके रोड स्थित जगतपुरम कॉलोनी में जमीन को लेकर विवाद था। जिसे लेकर चितरंजन कुमार के द्वारा साजिश के तहत अपने गुर्गों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि अवधेश कुमार के पार्टनर चितरंजन कुमार की पत्नी अभिलाषा देवी, हर्षराज, अमन कुमार, अंकित कुमार, जगदेव प्रसाद मिलकर हत्या षड्यंत्र अपने घर में रची और शूटर को अपने घर में ठहराया। इसके अलावा साक्ष्य छुपाने के लिए षड़यंत्र पूर्वक सीसीटीवी का डीवीआर को नष्ट कर दिया। पुलिस ने नवाज अख्तर और सरफराज के पास से घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद किया। सभी गिरफ्तार आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने के लिए पुलिस ने कोर्ट में आवेदन दिया है। इधर, पुलिस आरोपी कृष्णा नायक, चितरंजन का भतीजा धीरज, गोली मारने वाले दो शूटरों की तलाश में संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

### जुडको को कांटाटोली फ्लाईओवर के लिए अतिक्रमण हटाने में लगे 6 साल

## कब्जा हटाया, पेड़ों को जेसीबी से उखाड़ा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण दो रैयतों के विरोध के कारण प्रभावित हो रहा था। ये फ्लाईओवर के निर्माण में बाधक बने 2 रैयतों के कब्जे से आज 6 साल बाद अतिक्रमण कर हटाया गया। एचपीसीएल पेट्रोल पंप और वाईएमसीए की बाउंड्री से सटे अतिक्रमण को जुडको ने जिला प्रशासन की मदद से हटाया। इस दौरान पुलिस भी तैनात थी। जैसे ही जुडको की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची, दोनों रैयतों रॉबर्ट मिंज और अनुपम रावना ने विरोध करना शुरू कर दिया। लेकिन इस बार जुडको ने उनकी एक न सुनी और चिन्हित जमीन पर खड़े कई पेड़ों को जेसीबी से उखड़वा के हटा दिया।



**एंट्री-एक्जिट रैंप, कलवर्ट, पाइपलाइन का काम बंद** : जुडको के अधिकारियों ने बताया कि जिस जगह पर काम रूका हुआ है वह काफी महत्वपूर्ण जगह है। यहीं से खादगढ़ा, नामकुम और लालपुर चौक जाने के लिए एक्जिट रैंप बनाया जाना है। खादगढ़ा बस स्टैंड से निकलने वाली गाड़ियों के लिए इंट्री प्वाइंट भी यहीं बनेगा। यहां दो कलवर्ट का भी निर्माण किया जाना है। पाइपलाइन भी बिछानी है और सड़क का निर्माण करना है, लेकिन दोनों रैयतों के विरोध के कारण यह काम बंद है। तीन पिलरों का काम भी रूक गया है।

**डेढ़ साल से दोनों रैयतों से त्रस्त है कंपनी** : पहले रैयतों ने जुडको से कब्जा हटाने के लिए समय मांगा। उन्हें समय भी दिया गया। इसी दौरान अनुपम रावना ने अपने घर के सामने अधिग्रहित जमीन पर चाहरदीवारी करना शुरू कर दिया। मामले की सूचना मिलने के बाद मंगलवार को जुडको की टीम पहुंची। पुलिस भी आई। रैयत के परिवार ने हंगामा शुरू कर दिया और फिर से जमीन की मापी कराने की मांग शुरू कर दी। पेट्रोल पंप के सामने अधिग्रहित जमीन पर पेड़ों को काटने को लेकर पेट्रोल पंप के मालिक राबर्ट मिंज ने मजदूरों को धमकाया था।

**2018 से 2023 तक कई बार हुई मापी** : जुडको का कहना है कि 2018 में ही रैयतों को मुआवजा मिल चुका है, फिर भी वे कब्जा नहीं हटा रहे हैं। वहीं रैयतों का कहना है कि उन्हें मुआवजा नहीं मिला है। कंपनी के एक पदाधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि 2018 से 2023 के बीच कई बार जिला प्रशासन, जुडको और नगर निगम की अमीन टीम से जमीन की मापी की गई। हर बार दोनों रैयत जमीन मापी कराने की मांग शुरू कर काम को प्रभावित कर देते हैं। रैयतों के मुआवजा से संबंधित काम जिला प्रशासन और भू-अर्जन विभाग देखता है। ये लोग वहां अपनी बात नहीं रखकर सरकारी काम में बाधा डाल रहे हैं।

## रोड से अतिक्रमण हटाने की रांची पुलिस की अपील का असर नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी को जाम मुक्त बनाने के लिए पुलिस की अपील भी काम नहीं आ रही है। अवैध रूप से पार्किंग, अवैध रूप से चल रहीं सड़कों पर दुकान के साथ साथ अव्यवस्थित पार्किंग राजधानी में जाम की मुख्य वजह है। इन सब पर कार्रवाई के लिए बुधवार से सिटी एसपी की अगुवाई में अभियान शुरू किया गया।

**अभियान से पहले पर्चे में बांटी गयी नसीहत :** बुधवार की दोपहर बाद शुरू हुए इस अभियान में दर्जनों वाहनों के चालान काटे गए, दुकानदारों को चेताया गया, कई ठेलों को जब्त किया गया। इस दौरान रांची के मेन रोड में भगदड़ की स्थिति मची रही। अवैध रूप से सड़कों पर दुकान चलाने वाले लोग अपने-अपने सामान को लेकर भागते नजर आए। वहीं जिन लोगों ने सड़क पर वाहन पार्क किया था वह भी पुलिस को देखकर चालान से बचने की जुगाड़ में लग रहे। अभियान में बड़े पैमाने पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को भी शामिल किया गया था। जिन क्षेत्रों में अभियान चलाया गया वहां के थाना प्रभारी भी थे। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि शहर को जाम मुक्त करवाना एक मुश्किल काम है, जिसके लिये रांची पुलिस की ओर से कोशिश की जा रही है।



**ठेले जब्त होने से नाराज** : अभियान के दौरान सड़क पर अनधिकृत रूप से ठेलों पर दुकान चलाने वाले कई लोगों के ठेले को जब्त कर लिया गया। इस कार्रवाई से ठेले खोमचे वाले काफी परेशान नजर आए।

**अभियान खत्म होते ही फिर पुरानी स्थिति कायम** : अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने के बाद जैसे ही पुलिस की टीम वापस लौटी कुछ ही देर बाद सड़क पर फिर से वही नजारा देखने को मिला जो जाम के वक्त होता है। अभियान टीम के लौट जाने के बाद एक बार फिर से पुरानी स्थिति ही कायम हो गयी। सड़क पर दोबारा दुकानें लग गईं और वाहन भी जहां नहीं लगने चाहिए वहीं पर पार्क कर दिए गये।

## पलामू, गढ़वा में जेएमएम संगठन को मजबूती प्रदान करने को लेकर बैठक

**रांची।** पलामू एवं गढ़वा जिला समिति की विस्तारित बैठक बुधवार को केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में हरमू स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में हुई। बैठक में शामिल सभी सदस्यों के साथ क्रमशः पलामू एवं गढ़वा जिला में संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई एवं जिला समिति द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का आकलन किया गया साथ ही सभी उपस्थित पदाधिकारी तथा सदस्यों को झारखंड सरकार द्वारा जनहित में लाए गए योजनाओं की जानकारी देते हुए आम जनों तक योजनाओं को पहुंचाने का निर्देश दिया गया जिससे आम जनों को योजनाओं पूरा लाभ मिल सके।

**एचइसी को बचाने के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना:** एचईसी को बचाने के लिए दिल्ली के जंतर मंतर पर आयोजित धरना शामिल होने के लिए झामुमो जिलाध्यक्ष मुशताक आलम, जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी, कलाम आजाद, संजय राय, परवेज आलम गुड्डू, साहिल यादव, गोपाल पांडेय, राहुल वर्मा एयर एशिया से रवाना हुए।

## खबर एक नजर में

### महिला आरक्षण बिल स्वागत योग्य : मृणालिनी

**रांची।** संगीतकार मृणालिनी अखौरी ने कहा कि बहु प्रशिक्षित महिला आरक्षण बिल लाना सरकार द्वारा स्वागत योग्य कदम है। इस बिल को लागू होने से भारतीय महिलाओं को प्रत्यक्ष रूप में भागीदारी तो बढ़ेगी ही पूरे महिला वर्ग का आत्म सम्मान एवं विकास के प्रति सक्रियता भी बढ़ेगी। मुझे पूरा यकीन है की यह बजट महिलाओं की प्रगति में काफी हितकारी होगा मैं इसकी काफी सराहना करती हूं।

### किशोर मंत्री ने अपनी प्राथमिकताएं बतायी

**रांची।** एक वर्ष से लगातार व्यापारियों और उद्यमियों की कठिनाईयों के समाधान के बाद चेंबर चुनाव में 21 प्रत्याशियों के साथ मजबूती से खड़ी टीम किशोर मंत्री के प्रत्याशियों द्वारा बुधवार को अग्रसेन भवन में बैठक का आयोजन किया। बैठक में चेंबर सदस्यों के बीच किशोर मंत्री ने अपनी टीम की प्राथमिकताओं से अवगत कराया और सभी प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन मांगा। पूर्व अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने किशोर मंत्री के एक साल के कार्यों का संक्षिप्त विवरण देते हुए सभी 21 प्रत्याशियों का परिचय कराया और कहा कि अनुभवी और जुझारू प्रत्याशियों से लैस होने के कारण टीम किशोर मंत्री के प्रत्याशियों को लेकर पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल बना हुआ है। बैठक में चेंबर के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, गिरीश मल्होत्रा, अर्जुन जालान, मनोज नरेडी, नवल किशोर सिंह, विनय अग्रवाल, प्रवीण जैन छाबडा ने टीम किशोर के सभी 21 उम्मीदवारों को चेंबर के योग्य बताते हुए सदस्यों से 24 सितंबर को टीम किशोर के प्रत्याशियों के पक्ष में बढचढकर मतदान करने की अपील की।

### डीजीपी का आदेश : अपने स्तर से मीडिया से संवाद न करें पुलिस अधिकारी

**प्राधिकृत पुलिस प्रवक्ता ही पुलिस संबंधी जानकारी मीडिया को दे सकेंगे**

**रांची।** झारखंड पुलिस की मीडिया नीति से संबंधित आदेश डीजीपी अजय कुमार सिंह ने जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि अब पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी द्वारा मीडिया से संवाद नहीं किया जाएगा। आदेश जारी करने का उद्देश्य बताया गया है कि पुलिस विभाग की नीति है कि उस समय मीडिया को संबंधित सूचना सही समय पर उपलब्ध कराई जाए। जब अनुसंधान की प्रक्रिया प्रतिकूल रूप से बाधित न हो या पुलिस अभियान में बाधा न उत्पन्न हो या फिर पुलिसकर्मियों की सुरक्षा खतरे में ना हो। पीड़ित या अभियुक्त के कानूनी और मूलभूत अधिकारों का हनन न हो। इससे राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

**प्रत्येक जिला कार्यालय में मीडिया सेल की शाखा होगी** : आदेश में कहा गया है कि पुलिस मुख्यालय के लिए डीजीपी या उनके द्वारा प्राधिकृत पुलिस प्रवक्ता ही पुलिस से संबंधित मीडिया को जानकारी दे सकेंगे। प्रत्येक जिला के कार्यालय में एक मीडिया सेल की शाखा होगी, जिसके प्रभारी मुख्यालय स्थित एएसपी या डीएसपी होंगे। जिलों में एसपी द्वारा या प्रभारी मीडिया से द्वारा संबंधित जानकारी मीडिया को दी जा सकेगी।

### हाइकोर्ट में हाजिर हुए साहिबगंज एसपी गुमशुदा बच्चों को बरामद करने का आदेश

**रांची।** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपी कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि एसआई और एएसआई के नेतृत्व में एक दल बनाकर बच्चों की खोज खबर के लिए उन्हें दिल्ली भेजा गया है। वे वहां की लोकल एजेंसी के साथ मिलकर लापता बच्चों को खोज कर रहे हैं लेकिन अबतक बच्चों का सुराग नहीं मिल पाया है। मामले में सह आरोपी वीरेन साह एवं पप्पू साह को गिरफ्तार किया जा चुका है। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन को बुलाया। कोर्ट ने एसपी साहिबगंज एसपी को निर्देश दिया कि जिन तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है उन्हें कस्टडी में लेकर लापता बच्चों के बारे में जानकारी इकट्ठा करें और उसे दिल्ली भेजे गये दल को बतायें ताकि बच्चों को जल्द सकुशल बरामद किया जा सके। वहीं महाधिवक्ता ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि गुमशुदा बच्चों की तलाशी के लिए कार्रवाई तेज की जायेगी। कोर्ट ने अगली सुनइर्वा में साहिबगंज एसपी एवं मामले के अनुसंधानकर्ता को फिर से सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश देते हुए उन्हें बच्चों की बरामदगी को लेकर अबतक की कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 6 अक्टूबर निर्धारित की है।

## रांची स्मार्ट सिटी के सीइओ ने धनबाद के निवेशकों से रांची में निवेश का किया आग्रह, कहा

# रांची स्मार्ट सिटी के विकास में भागीदार बनें धनबाद के कारोबारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ अमित कुमार ने बुधवार को धनबाद सहित राज्य के विभिन्न जिलों के कारोबारियों से रांची स्मार्ट सिटी के विकास में अपना योगदान देने का आग्रह किया है। धनबाद क्लब में रांची स्मार्ट सिटी की ओर से आयोजित इन्वेस्टर्स मीट धनबाद 2023 में श्री कुमार ने कहा कि रांची स्मार्ट सिटी का विकास विश्व स्तर की अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ हो रहा है परंतु यह शहर बगैर जन भागीदारी के सस्टेनेबल नहीं हो सकता। इसलिए इसमें झारखंड के निवेशकों की निजी भागीदारी काफी अहम है। स्मार्ट सिटी के सीईओ ने कहा कि शैक्षणिक, मिक्स यूज, पब्लिक, सेमी पब्लिक और कमर्शियल सेक्टर में काम कर रहे उद्योगपति अगर रांची स्मार्ट सिटी में निवेश करना चाहते हैं तो उनके लिए ये सुनहरा मौका है। ई-ऑक्शन अभी जारी है और आप घर बैठे चाहें तो ई-ऑक्शन की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह शहर विश्व स्तर की अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है।




**कंस्ट्रक्शन क्षेत्र के कारोबारियों के लिए बड़ा मौका : वरुण रंजन**
धनबाद के उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन धनबाद के लोगों के लिए खासकर कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र से जुड़े कारोबारी के लिए एक बड़ा मौका लेकर आया है, जिसका लाभ आप सभी को उठाना चाहिए। इस मौके पर धनबाद के एसपी संजीव कुमार ने कहा कि इस शहर में सुरक्षा के लिहाज से भी कई इंतजाम किया गया है और हमें उम्मीद है कि आप जो निवेश करेंगे उसका आपको अच्छा रिटर्न भी मिलेगा।

इस मौके पर धनबाद के प्रशासक सत्येंद्र कुमार ने भी धनबाद के व्यवसाययों से रांची में निवेश करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एक बार रांची जाकर स्मार्ट सिटी का भ्रमण कीजिए और उसमें निवेश पर विचार जरूर कीजिए।

स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंद कोलियर ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए रांची स्मार्ट सिटी की महत्वपूर्ण पहलुओं और टेक्निकल स्पेसिफिकेशन की जानकारी निवेशकों के बीच रखी।

**सीईओ और जीएम ने दिये सवालों के जबाव** : कार्यक्रम में संभावित निवेशकों की ओर से पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी स्मार्ट सिटी के सीईओ और महाप्रबंधक की ओर से दिया गया। कार्यक्रम में क्रेडई धनबाद, धनबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स, बिल्डर एसोसिएशन धनबाद विभिन्न संगठनों के कारोबारी, शैक्षणिक, कमर्शियल, मिक्स यूज, पब्लिक सेमी पब्लिक इत्यादि के क्षेत्र में काम करने वाले कारोबारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### इन्वेस्टर्स मीट की महत्वपूर्ण बातें...

शहर में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति को लेकर दो ग्रिड से पावर सप्लाई की व्यवस्था की गई है। इसके लिए गैस इंसुलेटेड पावर सबस्टेशन का निर्माण भी किया गया है। स्मार्ट सिटी की सड़क 9 मीटर से लेकर 45 मीटर तक चौड़ी है। शहर को ट्रांजिट ओरिएंटेड बनाया गया है ताकि कोई भी व्यक्ति जहां से निकलेगा 400 मीटर के अंदर उसे पब्लिक ट्रांसपोर्ट उपलब्ध होगा। जल संरक्षण को देखते हुए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से फिल्टर किए हुए पानी को सेकेंडरी वाटर के रूप में हर प्लॉट तक पहुंचने की व्यवस्था की गई है। पावर कंजप्शन कम हो इसको लेकर स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग व्यवस्था किया गया है, जो डेंसिटी के आधार पर काम करेगा। शहर में कोई भी ओवरहेड वायर नहीं है इसके लिए सड़क के किनारे यूटिलिटी डक के माध्यम से बुनियादी जरूरत की चीजों की आपूर्ति का व्यवस्था किया गया है। 656 एकड़ जमीन पर विकसित हो रहे इस शहर में करीब डेढ़ लाख लोगों के रहने की व्यवस्था होगी जिसमें 80000 स्थाई रूप से निवास करेंगे और 70000 लोग दैनिक जीवन यापन और रोजमर्रा के कार्य के लिए यहां पहुंचेंगे।

# कुपोषण के खिलाफ विभाग सजग, सरकार प्रतिबद्ध : निदेशक

## 1-30 सितंबर 2023 तक चले रहे पोषण माह को लेकर विभाग ने साझा की उपलब्धियां

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक शशि प्रकाश झा ने पोषण माह की जानकारी देते हुए कहा है कि हर साल की तरह इस वर्ष भी पोषण माह का आयोजन पूरे प्रदेश में प्रखंड स्तर तक किया जा रहा है। इस वर्ष का थीम सुपोषित झारखंड, साक्षर झारखंड और सशक्त झारखंड है। हमने भगवान बिरसा मुंडा के पवित्र गांव से इस मिशन की शुरूआत की है। वह बुधवार को प्रोजेक्ट बिल्डिंग स्थित नये सभागार में मीडिया को पोषण माह की जानकारी दे रहे थे। शशि प्रकाश झा ने बताया कि लक्षित लाभार्थियों का पोषण सुधारने के लिये हमारे यहां टीएचआर यानी कि टेक होम राशन में उचित पोषण सुनिश्चित किया गया है। हम हर महीने 38432 आंगनबाड़ी केन्द्रों द्वारा 34 लाख से अधिक लाभार्थियों को टीएचआर के तहत सेवा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पोषण माह के दौरान हर गोदाम की निगरानी पोषण ट्रैकर में सभी लाभार्थियों की डिजिटल डेटा एंट्री भी सुनिश्चित की गयी है, ताकि हम वास्तविक समय में निगरानी कर सकें और जान सकें कि किन लोगों को टीएचआर दिया गया है। कुछ इसी तरह से सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी हर दिन 3-6 साल के बच्चों को गर्म पका हुआ भोजन और नाश्ता का वितरण भी कराया जाता है। विभाग की ओर से बच्चों की नियमित निगरानी के साथ गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और 0-6 वर्ष के बच्चों को सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। निदेशक ने जानकारी दी कि राज्य भर में पोषण माह के दौरान कई अलग अलग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अब तक राज्यभर में 6.76 लाख से अधिक गतिविधियां की जा चुकी हैं। सेविका, हेल्पर, सभी सीडीपीओ, आब्जर्वर, डीएसडब्ल्यूओ, यूनिसेफ और अन्य विभागों का सहयोग लिया जा रहा है। हम सभी 224 योजनाओं से प्रत्येक सेविका और सहायिका को बेहतर प्रदर्शन के लिये नकद पुरस्कार भी देने जा रहे हैं। निदेशक ने मिलेट्स के खाद्य पदार्थों को भी शामिल करने की बात कही, ताकि पोषाहार को ज्यादा बल मिल सके।

### पूजा तक आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के बकाये मानदेय का हो जायेगा भुगतान

समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि निश्चित रूप से केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारने में आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं का अहम योगदान है। विभाग यह हमेशा प्रयास में लगी रहती है कि इनको वेतन-मानदेय नियमित रूप से मिले। राज्य सरकार के हिस्से का भुगतान नियमित हो रहा है। रही बात केंद्र सरकार के हिस्से की, तो उपयोगिता प्रमाण पत्र भेज दिया गया है। जल्द राशि आ जाएगी और दुर्गा पूजा तक सभी बकाया का भुगतान हो जाएगा।

### कुपोषण दूर करने को सरकार के बढ़ते कदम

झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत लाभुकों की प्राथमिकता सूची तैयार की गयी है, जिसमें अति विशिष्ट पिछड़ी जाति, विधवा, परित्यक्ता, ट्रांसजेंडर, 40 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता वाले व्यक्ति , कैंसर, एड्स, कुष्ठ या अन्य असाध्य रोग से ग्रसित व्यक्ति के लिये स्कूल में मध्या? भोजन, खाद्य सुरक्षा अधिनियम राशन कार्ड की सेवाएं प्रदान की गयी हैं। वहीं आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्भवती महिलाओ और धात्री माताओं सहित 06 माह से 06 वर्ष तक के बच्चों को पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। योजनाओं में पंचायत की भूमिका को पूरी तरह से सक्रिय किया गया है। व्यापक प्रचार प्रसार किया गया जा रहा है। साथ ही जिले की वेबसाइट पर भी इसका प्रकाशन सुनिश्चित किया गया है।

## खबर एक नजर में

### 24 को श्री राधा अष्टमी महोत्सव का आयोजन

**रांची।** संत शिरोमणि श्री श्री 108 स्वामी सदानंद महाराज द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवम स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों की एक अति आवश्यक बैठक बुधवार को संस्था के शिवगंज हरमु रोड़ राँची स्थित सत्संग भवन में हुई, जिसमे सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की संस्था के द्वारा इस बार 37वें वार्षिक उत्सव मे दूसरे वर्ष भी श्री राधा अष्टमी महोत्सव भजन सत्संग संग नृत्य नाटिका बहुत ही धूमधाम से संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर मे मनाने का निर्णय लिया। संस्था के द्वारा श्री राधा अष्टमी का भव्य कार्यक्रम भजन संकीर्तन एवम नृत्य नाटिका का भव्य आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति एवं उनके परिवार सदस्यों के सौजन्य से 108 वाँ नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण किया जाएगा। श्री कृष्ण प्रणामी संस्था 37वें वार्षिक उत्सव में दूसरी बार श्री राधा अष्टमी महोत्सव का भव्य कार्यक्रम निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) पुंदाग में कर रहा है। कार्यक्रम को रास मंडली द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी के सहयोग से संचालित किया जायेगा। यह जानकारी संस्थान के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

### रामलखन सिंह यादव कॉलेज के छात्रों को दी गयी अप्रेंटिस एक्ट की जानकारी

**रांची।** श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड द्वारा रामलखन सिंह यादव कॉलेज परिसर में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिस मेला का आयोजन किया गया। इस मेला में महाविद्यालय के विभिन्न संकाय के लगभ ग 500 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति थी। जिनमें 107 छात्र-छात्राओं को अप्रेंटिस एक्ट की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। छात्रों को प्रशिक्षण अवधि एवं ट्रेनिंग के दौरान प्राप्त होने वाली वृतिका राशि तथा प्रमाण-पत्र तथा रोजगार के विभिन्न अवसर की जानकारी सहायक निदेशक प्रशिक्षण की ओर से दी गयी। इस अवसर पर विभाग व कॉलेज के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### श्री गणेश पूजा समिति डोरंडा में महाभंडारे का आयोजन



**रांची।** डोरंडा श्री गणेश पूजा समिति काली मंदिर रोड द्वारा बुधवार को महाभंडरे का आयोजन किया गया। महाभंडारे मे लगभग पांच हजार भक्तो ने प्रसाद का ग्रहण किया। प्रसाद मे भक्तो को खीर पूरी सब्जी बुंदिया सहित अन्य सामग्री भगत्तो को उपलब्ध कराया गया। बुधवार को श्री गणेश जी की पूजा के दौरान सुबह और संध्या मे आरती वही रात 7:30 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक भजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमे आकाश वर्मा और रीना रोहली ने भजनों से समा बांधा। भजन संध्या मे सैकड़ो की संख्या में भक्त सम्मिलित हुए। वही आज दिन के एक बजे से बच्चों के लिए डांस कंपीटीशन का आयोजन किया गया है। रात्रि 8 बजे से डांडिया नाइट का भी आयोजन किया गया है। पूजा पंडाल मे भगवान के दर्शन को आए रांची के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारीगण को समिति के द्वारा चुनरी ओढ़ा कर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में समिति के संरक्षक टापू घोष ,नवरत्न वाली, शंभू गुप्ता, रोहित शारदा, रंतु उरांव, अध्यक्ष नवीन मल्होत्रा सचिव अमित गुप्ता कोषाध्यक्ष विकास गुप्ता ,विक्की घोष, बिप्लू घोष, बाबू सोना दास, राहुल घोष ,अजय घोष, बबलू दास, बापी घोष, नेहा दास, तोपसी घोष,माला घोष, मुनमुन घोष, चेम्पा घोष, कंपा घोष, लोकेकी घोष, मोहमिता घोष निरुपमा देवी, बीनू देवी, नम्रता सोनी, कुमुद पांडे, रेखा देवी सहित क्षेत्र की महिलाएं का भी उल्लेखनीय योगदान रहा।

### सीयूजे में इंटीग्रेटेड यूजी पीजी प्रोग्राम की 92 सीटों पर स्पॉट नामांकन शुरू

**रांची।** झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) इंटीग्रेटेड यूजी पीजी प्रोग्राम के 92 रिक्त सीटों पर बुधवार को स्पॉट नामांकन शुरू हुआ। इस दौरान दाखिला लेने के लिए छात्रों के बीच काफी उत्साह देखा गया। 92 सीटों में अधिकतर आरक्षित श्रेणी की सीट रिक्त थी। 47 सीट एससी केटेगैरी, 11 सीट एसटी केटेगरी, 20 सीट ओबीसी केटेगैरी एवं 14 ईडब्ल्यूएस श्रेणी की रिक्त थी। विवि की ओर से बताया गया कि इस राउण्ड में रिपोर्ट एवं डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन कराये हुए छात्रों को मेरिट के आधार पर सीटों का आवंटन कर दिया जाएगा। साथ ही इन्हें 24 घंटे के अंतराल में फीस का भुगतान कर अपना नामांकन कंफर्म कराना होगा। मालूम हो कि कुल 773 सीटों के के विरूद्ध 690 सीट पर नामांकन पहले ही हो चुका है। रिक्त सीटों में से अधिकतर सीटें आरक्षित श्रेणी की है, जिसे भरने के प्रयास के तहत स्पॉट नामांकन चलाया गया।

### सुन हे शिव के लाला गौरी मईया के दुलारे...



**रांची।** श्री कृष्णा नगर कॉलोनी युवक संघ द्वारा कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित शहीद भगत सिंह चौक में बुधवार को गणेश चतुर्थी उत्सव के उपलक्ष्य में भव्य जागरण का आयोजित किया गया। इस मौके पर नवीन पपनेजा ने तोरे गंगा के जल से धुलाये चरण, मोरे अंगना पधारो हे गजानन... भजन गायन कर श्रद्धालुओं को झूमाया इस मौके पर समिति के मुख्य संरक्षक रमेश सिंह को रौनक ग्रोवर ने तथा संरक्षक डॉ अजय छाबड़ा को नरेश पपनेजा ने माता की चुन्नी ओढ़ाकर सम्मानित किया। मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि दोपहर एक बजे से भंडारा चलाया गया। जिसमें खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। जागरण में सूरज झंडई, करण अरोड़ा, जयंत मुंजाल, चंचल ग्रोवर, कुणाल धमीजा, वंश डावरा, गीत सचदेवा, सुमित मिढ़ा, वरुण गेरा, दीपांशु गांधी, कनिश गाबा, साहिल सरदाना, जतिन मिढ़ा और ऋषभ शर्मा समेत अच्छी खासी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

# छात्रवास की जगह छात्रवास ही बने : जेसीएम

## रांची विवि के वीसी से मिले जेसीएम से जुड़े छात्र, रखी मांगें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मोरहाबादी स्थित रांची विश्वविद्यालय के पीजी हॉस्टल नंबर 4 को खाली कराने को लेकर प्रशासन हॉस्टल परिसर आकर छात्रावास में रह रहे लगभग 50 छात्रों को तत्काल छात्रवास खाली करने का आदेश दिया है। इसके बाद से छात्र काफी चिंतित हैं। हॉस्टल में रह रहे सभी छात्र जेसीएम छात्र नेता अमन तिवारी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर पहुंच कर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और छात्रवास की जगह पर छात्रवास ही बनाने की मांग की। मौके पर जेसीएम की ओर असद टिंकू, अतिकूर रहमान,आशुतोष ठाकुर,काशिफ तथा छात्रावास के कई छात्र जैसे अशोक रंजन, रवि प्रजापति, पंकज साहू, बीरबल प्रजापति, मृत्युंजय, अनिल, भीम, चंदन, प्रवीण, प्रकाश इत्यादि कई छात्र मौजूद थे।

**वैकल्पिक व्यवस्था को बनी चार सदस्यीय कमेटी :** वीसी ने छात्रों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए चार सदस्यीय कमेटी बनाया है। इसमें सीसीडीसी प्रकाश झा, डीएसडब्ल्यू सुदेश कुमार साहू, अशोक कुमार सिंह तथा अर्जुन राम को रखा गया है। साथ ही जनरल हॉस्टल बनाने को लेकर सीसीडीसी को आवश्यक कार्यवाई का निर्देश भी दिया है।

### छात्रों की प्रमुख मांगे

छात्रवास के स्थान छात्रावास का ही निर्माण हो। लाइब्रेरी बनाने के लिए बगल में भी भूमि खाली है, जिस पर लाइब्रेरी बनाई जा सकती है। राज्य निर्माण के बाद जनरल ओबीसी छात्रों के लिए एक भी छात्रावास का निर्माण नहीं हुआ है। यही कारण है कि गरीब छात्रों को शहर में रहकर पढ़ने में काफी दिक्कत होती है। इसललिए जनरल छात्रावास का निर्माण हो, जिसमे कोई भी गरीब तबके के छात्र पढ़ सके। छात्रावास के ज्यादातर छात्र यूनिवर्सिटी में पढ़ते हुए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, वैसे छात्रों के लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

## सीआइटी के ओरिएंटशन प्रोग्राम में शामिल हुए जेयूटी के वीसी, कहा

# शारीरिक खेलकूद में हिस्सा लें और कोई एक विदेशी भाषा जरूर सीखें

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बुधवार को सत्र 2023/24 के नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटशन प्रोग्राम आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जेयूटी के कुलपति डॉ डीके सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में जेयूटी के रजिस्ट्रार डॉ अमर कुमार चौधरी एवं उच्च एवं तकनिकी शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ रंजीत कुमार सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में कुलपति डॉ डीके सिंह ने विद्यार्थियों को सर्वप्रथम कयामत से कयामत तक फिल्म का वो गाना पापा कहते थे, बड़ा नाम करेगा, सुनाया। फिर उनके मनोदशा के बारे में बात की। उन्होंने विद्यार्थियों को सक्सेस मंत्रा देते हुए कहा की, वे अध्ययन काल में डोमेन स्कील के साथ साथ लाइफ स्कील भी डेवलप करें। कहा कि विद्यार्थियों को बिग ड्रीमर, वर्क हार्ड और बी फ्लेक्सीबल होना चाहिए। कुलपति ने कार्यक्रम के दौरान विवि के न्यू एजुकेशन प्रोग्राम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बताते चलें कि कुलपति ने विद्यार्थियों से विशेष रूप से आह्वान करते हुए कहा कि वे शारीरिक खेलकूद में अवश्य भाग लें। साथ ही कोई एक विदेशी भाषा जरूर सीखें। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि डॉ अमर कुमार चौधरी और डॉ रंजीत सिंह के अलावा संस्थान के प्रभारी प्राचार्य प्रो अरशद उस्मानी ने भी सम्बोधित किया। इसके पूर्व (सिटा) एल्युमुनाई एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रो रशिका नवनीत सिंह ने कैंब्रिज ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष स्व डॉ बहादुर सिंह का जीवन चित्रण किया।

कार्यक्रम के दौरान ही अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा निर्मित टेक्निकल मॉडल का अवलोकन किया और विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। मालूम हो कि ओरिएंटशन प्रोग्राम के बाद नावागंतुक विद्यार्थियों के लिए 21 दिन का इंडक्शन प्रोग्राम चलेगा।

जिस दौरान विद्यार्थी अपने संस्थान, सिलेबस, हॉस्टल, और अन्य गतिविधियों से वाकिफ होंगे। उद्घाटन सत्र में संस्थान के डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ, परीक्षा नियंत्रक डॉ.बी एस सिंह, उप परीक्षा नियंत्रक डॉ रणवीर कुमार, ओएसडी डॉ पी एस शर्मा, डॉ नविन कुमार, डॉ डी के सिंह, डॉ शालिनी सिंह, सुनीता नाथ, अंकित कुमार सिंह, डॉ आलोक कुमार सिंह डॉ रितेश कुमार, प्रो विनीत कुमार, डॉ पवन कुमार, प्रो एस एस धाल के अलावे सभी विभागों के विभागध्यक्ष, शिक्षक व अभिवावक उपस्थित थे।

# सैकड़ों मोटिया मजदूरों ने उदयशंकर ओझा को दी श्रद्धांजलि

## रांची व हटिया के विधायक, मार्केटिंग बोर्ड के चैयरमैन और पूर्व सांसद सुबोधकांत भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे

### पंडरा बाजार समिति, अपर बाजार व ट्रांसपोर्ट से जुड़े मजदूरों ने स्वतः काम बंद रखा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** मजदूरों की आवाज, विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों व राजनीतिक दलों से जुड़े रहने वाले सामाजिक नेता स्वर्गीय उदय शंकर ओझा की सातवीं पुण्यतिथि पर बुधवार को पंडरा बाजार समिति प्रांगण में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक सीपी सिंह, विधायक नवीन जायसवाल व झारखंड मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रवीन्द्र सिंह, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय के अलावा शहर के विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, व्यवसायिक संगठनों के लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभी ने कहा कि स्व. ओझा मजबूत, कमठ, जुझारू और संघर्षशील नेता थे। उन्होंने जिस मुद्दे को लेकर आंदोलन किया, उसे अंजाम तक पहुंचाया। इस अवसर पर स्वर्गीय उदय शंकर ओझा के भाई भाजपा व मजदूरों के नेता ललित नारायण नारायण ओझा, डब्लू ओझा, पुत्र दीपक ओझा, गौतम हर्ष सहित पूरे परिवार के सदस्य उपस्थित थे। स्व. ओझा की पुण्यतिथि पर बुधवार को मोटिया मजदूरों ने पंडरा बाजार समिति और अपर बाजार में स्वतः कार्य बंद रखा। खराब मौसम के बाद भी स्व. उदय शंकर ओझा को चाहनेवाले बड़ी संख्या में समर्थक पुरुष व महिलाएं चार से पांच घंटे तक जमे रहे।इस मौके पर श्रद्धांजलि देनेवालों में शमशेर आलम, ज्योति सिंह मथरू, धर्मेंद्र तिवारी, राजीव रंजन मिश्र, विनय सिंह दीपू, जैलेंद्र कुमार, मनोज सिंह, संजीव विजयवर्गीय, अजय नाथ शहदेव, सत्यनारायणसिंह, अतुल सहदेव, शिवपूजन पाठक, संजय कु जयसवाल, पवन साहू, केके गुप्ता, कुमार राजा, वरुण साहू, सुनील सिंह चौहान, बाबू पाठक, किशोर मंत्री, पवन शर्मा, अमरेंद्र सिंह, संजय पांडेय, शशांक राज, अनीता वर्मा , संतोष सिंह, वरुण तिवारी, सचितानंद सिंह, मोइज अख्तर भोलू, पिंकू शुक्ला, अजय मुंडा, उज्जवल प्रकाश तिवारी, प्रवीण जैन छाबड़ा, अनिता वर्मा, बिंदूल वर्मा, हरी कनोदिया, उदय चौधरी रमेश शर्मा, दिनेश चौबे, ध्रुव चौरसिया, श्याम बिहारी सिंह, रंजीत तिवारी, रविंद्र दुबे, राजीव पांडे, बली राय, रामचंद्र राय,मनोज पासवान, महेंद्र यादव, संजय यादव, शंकर चौधरी, परमानंद राय, सुशील राय, बबलू चौधरी, संजीव चौधरी, सहित हजारों सहित हजारों राजनीतिक सामाजिक संगठन के लोग उपस्थित रहे

# डिग्री छपाई वाली मशीन न बनें विश्वविद्यालय, परीक्षा से पूर्व पूर्ण शिक्षा देना आवश्यक : अभिषेक शुक्ला

### पाठ्यक्रम पूर्ण किये बिना परीक्षा लेना अशिक्षा के अंधकार में धकेलने जैसा काम

### पीजी सेमेस्टर 2 परीक्षा की तिथि अविलंब बढ़ायी जाये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्यों ने पीजी सेमेस्टर 2 की परीक्षा की तिथि को बढ़ाने को लेकर पीजी विभाग के छात्र छात्राओं के साथ रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराव किया। घेराव करने वाले छात्र छात्राओं ने इस दौरान नारेबाजी भी की और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया। मौके पर आजसू रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के पीजी के कई विभागों में सभी विषयों के पाठ्यक्रम अबतक पूरी तरह से कंप्लीट नहीं हुए हैं। कुछ विभागों में मिड सेम 2 की परीक्षा भी अबतक नहीं हुआ है। ऐसे में विश्वविद्यालय द्वारा अभी सेमेस्टर-2 परीक्षा कराना उचित नहीं है। विश्वविद्यालय प्रशासन की मंशा पर रोष व्यक्त करते हुए अभिषेक ने कहा कि डिग्री छपाई वाली मशीन न बनें विश्वविद्यालय, परीक्षा से पूर्व पूर्ण शिक्षा देना आवश्यक है, तभी छात्र छात्राओं का संपूर्ण शैक्षणिक विकास संभव है। आजसू के राहुल तिवारी ने कहा कि पाठ्यक्रम पूर्ण किए बिना परीक्षा लेना छात्र छात्राओं को अशिक्षा के अंधकार में धकेलने जैसा काम है। विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग का रवाया हमेशा से विद्यार्थियों को लेकर नकारात्मक एवं विवादित रहा है। जल्द ही विभाग को सुधारा नहीं गया, तो आजसू छात्रहित आंदोलन करने को बाध्य होगी। छात्र हित में परीक्षा की तिथि को आगे बढ़ाया जाये, ताकि बचे हुए सिलेबस को कंप्लीट किया जा सके । छात्रों को आश्वासन देते हुए कुलपति ने कहा कि जल्द ही इस पर विचार कर करके तिथि को आगे बढ़ा दिया जाएगा। मौके पर हरीश सिंह, ओम वर्मा, अजीत सिंह,अभिषेक शुक्ला, रोहित चौधरी, अभिषेक साहू, राहुल कुमार, अकाश नयन, प्रियांशु, बीएस महतो, प्रणव कुमार,सहित दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### निजी मोबाईल से हाजिरी बनाने पर रोक लगाये विभाग अन्यथा न्यायालय जायेंगें शिक्षक : संयुक्त शिक्षक मोर्चा

**रांची।** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा की बैठक बुधवार को धुर्वा गोलचक्कर स्थित भारतीय मजदूर संघ के कार्यालय में हुई। बैठक में शिक्षा एवं शिक्षकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मामलों पर सघन विचार विमर्श किया गया। मौके पर प्रोन्नति, सर प्लस शिक्षक, एमएसीपी, बायोमेट्रिक उपस्थिति, गृह जिला स्थानांतरण, उत्क्रमित वेतनमान जैसे गंभीर मामलों पर सभी शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि इसके लिए सबसे पहले झारखंड के तमाम शिक्षक संगठनों को सिर्फ और सिर्फ शिक्षा हित में एक प्लेटफॉर्म में आकर आंदोलन का शंखनाद किये जाने की आवश्यकता है। आज शिक्षकों को आये दिन शिक्षा विभाग द्वारा नित्य नये नये फरमान जारी किये जा रहे हैं जिससे सरकारी विद्यालयों के साथ ही शिक्षकों को भी तुच्छ नजर से देखा जा रहा है। मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद और प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने आधार बेस्ड बायोमेट्रिक सिस्टम की जानकारी देते हुए कहा कि आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति नियमावली 2015 झारखंड में लागू है, जिसमें कहीं भी निजी मोबाईल से उपस्थिति बनाने का जिक्र नहीं है। फिर भी सिर्फ राज्य के शिक्षकों को अपने अपने निजी मोबाईल से उपस्थिति बनाने के लिए शिक्षा परियोजना द्वारा दबाव बनाया जा रहा है, जो आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति नियमावली 2015 के खिलाफ है। इस संबंध में संयुक्त शिक्षक मोर्चा के द्वारा राज्य के शिक्षा अधिकारियों से शिक्षकों के निजी मोबाईल से उपस्थिति बनाने पर रोक लगाने की मांग बार बार की गई है। परन्तु इस मामले को शिक्षा विभाग के द्वारा न ही संज्ञान में लिया गया और न बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाने के लिए राज्य के किसी भी विद्यालय में अब तक डिवाइस उपलब्ध कराया गया है।

स्पीड न्यूज

## कुआं में मिला 65 वर्षीय महिला का शव

**सोनाहातू।** सोनाहातू थाना क्षेत्र के चोगा गांव के एक कुएं से बुधवार को 65 वर्षीय कोला देवी का शव बरामद हुआ। ग्रामीणों की मदद से महिला की शव को सोनाहातू थाना पुलिस ने कुएं से बाहर निकाला गया। उसके बाद स्वजनों को इसकी जानकारी दी गई। बताया जाता है कि महिला दो दिन से बिना बताये कहीं बाहर गयी थी। पुलिस इस घटना की कारवाई कर रही है।

## ग्रामीणों ने की श्रमदान से सड़क की मरम्मत



**मांडर।** प्रखंड के ब्राम्बे पंचायत अन्तर्गत ढोठाटोली स्थित ठाकुरगांव रोड से करन्ज टोली रोड का मरम्मत बुधवार को भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो के नेतृत्व में ग्रामीणों के द्वारा श्रमदान से किया गया। इस रोड से आने-जाने में ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। श्रमदान से ठाकुरगांव मुख्यपथ से करंजटोली होते हुए टीको तक 1.5 किलोमीटर पथ को चलने लायक बनाया गया। इस मैके पर रंथु उरांव, टिसा उरांव, खखलू उरांव, चरवा उरांव, नउरी उरांव, इंदू, लखिया उरांव, जौरा उरांव, प्रदीप उरांव, बूधूआ उरांव, सुनील उरांव, सुकरा उरांव, सोमनाथ उरांव, जतरू उरांव,सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

## ओरमांझी के नये थाना प्रभारी का स्वागत



**ओरमांझी।** थाना में नये थाना प्रभारी आलोक सिंह के पदभार संभाते ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न संगठन से जुडे लोगों द्वारा लगातार स्वागत किया जा रहा है। बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एंव अपराध नियंत्रण संगठन के जिला संभाग अधिकारी बसंत करमाली ने भी थाना प्रभारी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत कर ओरमांझी थाना में पदास्थापिथ होने पर बधाई दी। थाना प्रभारी द्वारा स्वागत करने वालों के प्रति अभार जताते हुए कहा गया है कि उनकी प्राथमिकता होगी थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बना रहे और थाना क्षेत्र के लोग भव्यमुक्त रहें।

## सड़क दुर्घना में तीन युवक घायल

**इटकी।** रांची – गुमला मुख्य मार्ग पर गढ़गांव के सिंह पेट्रोल पंप के समीप वनवे सड़क पर बुधवार को अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गये। घायलों में बिरसा उरांव व तेंबा उरांव को गंभीर चोटें लगी है। सभी घायल मांडर बरगड़ी के रहने वाले हैं। पीसीआर व ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिये बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

## फुटबॉल टूनार्मेन्ट में एफसी लाधूप ने नायक ब्रदर्स को हराया

**अनगड़ा।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से प्रखंड मुख्यालय मैदान मे आयोजित प्रखण्ड़ स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेन्ट के छठवें दिन मगलवार को तीसरा चक्र का पहला मैच खेला गया मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के युवा नेता छोटेलाल महतो ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर टूनार्मेन्ट का विधिवत उद्घाटन किया तीसरे चक्र के पहला मैच नीलांबर पीतांबर एफसी लाधूप वनाम नायक ब्रदर्स गेतलसूद एफसी के बीच खेला गया जिसमें लाधूप ने नायक ब्रदर्स को पेनाल्टी शूटआउट में 3-0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेष किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र , सकिर अंसारी, शिवदाश गोस्वामी, अनिता देवी, यशोदा देवी, समीम खान, दशरत पाहन, अंकित मुण्डा,सुखराम उरांव, अजय तिर्की इत्यादि मौजूद थे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा की स्थापना दिवस आज

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा का गुरुवार को आयोजित 13वां स्थापना दिवस की सारी तैयारी पूरी कर लिया गया है। स्थापना दिवस में सीसीएल के सभी क्षेत्र के रैयत विस्थापित प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोर्चा के केंद्रीय सदस्य रथु, जगरनाथ, राम लखनु,जालिम,बिनय,अमृत,कन्हाई पासी,नरेश,देवपाल,इंदिरा,प्रभाकर, दामोदर व अन्य शामिल थे।

### कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100वें स्थापना दिवस समारोह में बोले राज्यपाल

# किसानों को उत्पादकता बढ़ाने की प्रौद्योगिकी अपनानी होगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन बुधवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान नामकुम के 100वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुये। उन्होंने कहा कि झारखंड में वार्षिक लगभग 1500 मिमी वर्षा होती है। बावजूद इसके कृषि के क्षेत्र में कई तरह की समस्याएं हैं। हमारे किसानों को उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी अपनानी होगी। प्रधानमंत्री किसानों की आय में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इसके लिए किसानों को द्वितीयक कृषि पद्धतियों का उपयोग करना चाहिये। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि इस संस्थान ने हमारे देश में कृषि विकास को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। आईसीएआर-एनआईएसए की सफलता इसके वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं व कर्मियों के समर्पित प्रयासों से ही संभव हो सका। कृषि के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के कारण कई सफलताएं और प्रगति हुई हैं। संस्थान द्वारा न केवल पारंपरिक व नए मेजबान पौधों का उपयोग करके कुसुमी और लाह की खेती, संग्रह एवं प्रसंस्करण के वैज्ञानिक पद्धति विकसित किया गया है, बल्कि इसने लाह उत्पादकों और प्रसंस्करण से जुड़े व्यक्तियों के आर्थिक उत्थान के लिए इसे प्रसारित करने में भी अहम भूमिका निभाई है। इस संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों के 80% से अधिक लाभार्थी छोटानागपुर क्षेत्र के गरीब व सीमांत जनजातीय किसान हैं।



झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन व अन्य

**10 लाख से अधिक व्यक्तियों को कौशल प्रदान किया**

राज्यपाल ने हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि विगत 99 वर्षों में संस्थान द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 10 लाख से अधिक व्यक्तियों को कौशल प्रदान कर उनके सामाजिक-आर्थिक उन्नयन के लिए प्रयास करना सराहनीय है।

आज हमारा देश कच्चे लाख के उत्पादन के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी उत्पादक है, जिसका वार्षिक उत्पादन 20,000 टन से अधिक है, जो विश्व के कुल उत्पादन का लगभग 80% है। इसमें झारखंड राज्य का योगदान प्रशंसनीय है। कृषि हमेशा हमारे राष्ट्र की रीढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को इंटरनेशनल मिलेट ईयर घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि सब्जियों, मसालों, औषधीय पौधों, सुगंधित चावल आदि की जैविक खेती की यहां पूर्ण संभावना है। उन्होंने मत्स्यपालन को भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने लाह कलर एनालायजर एवं पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

निविदा सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-86-88-2023, दिनांक: 18.09.2023। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी/दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। क्रम संख्या: 1। सूचना संख्या : डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-86-2023। कार्य का नाम: रांची मंडल: ऑटो टैपिंग थिंबल के साथ फिट किये गए सिंगल शॉप क्रूसिबल सहित 3365 अदद 60 किग्रा, 90 यूटीएस, 1000 अदद 52 किग्रा, 90 यूटीएस तथा 116 अदद 60 किग्रा./60 ईआई-आर 260 ग्रेड रेल वेल्डिंग पोर्शन इन सीटू की आपूर्ति सहित निरीक्षण (कुल : 4481 जॉइंट्स)। निविदा मूल्य: ₹ 82,57,356। बयाना राशि: ₹ 1,65,200। क्रम संख्या: 2। सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-87-2023। कार्य का नाम: रांची मंडल: वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व) रांची के न्यायक्षेत्र के अधीन टीआरआर (पी) - 29.522 टीकेएम। निविदा मूल्य: ₹ 2,43,09,824.75। बयाना राशि: ₹ 2,71,600। क्रम संख्या: 3। सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-88-2023। कार्य का नाम: सीएनआई-एमयूआरआई खंड में वर्तमान समपार संख्या : सीएम-44 के स्थान पर आरओबी का प्रावधान। निविदा मूल्य: ₹ 15,04,25,967.79। बयाना राशि: ₹ 9,02,100। निविदा बंद होने की तारीख और समय: 10.10.2023 को अपराह्न 3:00 बजे (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-619)

## सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन

**नामकुम।** प्रखंड सभागार में प्रमुख आशा कच्छप की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय सिद्धों कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया गया। इस दौरान चंदघासी के पवन कच्छप को अध्यक्षएआरा पंचायत के अल्बर्ट बिंहा को उपाध्यक्ष तथा कुटियातु पंचायत के प्रकाश लकड़ा को सचिव के रूप में चयन किया गया।साथ ही 18 सदस्यीय कार्यकारिणी का भी चयन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य विपिन टोप्पो एमहिला प्रसार पदाधिकारी रेणु, रितेश, पारस सिन्हा एवं विभिन्न ग्राम से आए सिद्धो कान्हू युवा खेल के पदाधिकारी कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

## सोनाहातू में हाथियों के उत्पात से किसान परेशान

**सोनाहातू।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हाथियों के उत्पात से किसान परेशान ओर हताश है। कड़ी मेहनत पर पूंजी लगा कर फसल तैयार कर रहे है उसे हाथी के झुंड चंद मिनट में रौंद दे रहे। मंगलवार रात को सेरेंगहातू ओर चोगा गांव में किसानों का काफी फसल नुकसान हुआ है।



बुधवार सुबह मुखिया विकास सिंह मुंडा,विधायक प्रतिनिधि चितरंजन महतो, आजसू के केंद्रीय सदस्य संजय महतो, प्रखंड अध्यक्ष सुषेण प्रामाणिक सेरेंगहातू गांव पहुँच कर हर खेत मे घूम कर नुकसान का जानकारी लिये। वन विभाग से जल्द से जल्द हाथी भगाने को कहा गया। इस दौरान विधायक के निर्देश पर ग्रामीणों के बीच फटाखे का वितरण भी किया गया।

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
Central Mine Planning & Design Institute Ltd.
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोन्दवाना प्लेस, कांके रोड, राँची-834031, झारखण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in." के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## मुरी हिंडालको में टीवी उन्मूलन को लेकर चला जागरूक अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**मुरी।** प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत टीवी उन्मूलन के मुरी हिंडालको एलुमिना क्लब में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें हिंडाल्को के एचआर हेड अरुण राय ने कहा कि हिंडाल्को की ओर से सिल्ली प्रखंड के पंच पंचायत को टीवी मुक्त करने को लेकर गोद लिया गया है। इस मौके पर रांची झारखंड के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात कुमार ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री ने कहा है कि पूरे भारत को 2025 तक टीवी मुक्त करना है। जिसके तहत हमें आप लोगों की सहायता की आवश्यकता है जिस प्रकार मुरी हिंडालको द्वारा गोद लेकर बहुत महत्वपूर्ण कार्य किया है इस तरह आप लोगों भी किसी एक टीवी मरीज को गोद लेकर भारत को टीवी मुक्त करें। जिसको लेकर आपकी सहभागिता से आसपास के गरीबों को इसका लाभ मिलेगा जिसका खर्च लगभग मासिक 600 के हिसाब से 6 महीना का 3600 होता है। इस मौके पर रांची डीटीओ डॉक्टर यश के साबरी दिल्ली के डॉक्टर यश बक्शी, राकेश राय, अमरेश कुमार, रंजीत कुमार समेत अनेक लोग मौजूद थें।

## शांति पत्रकारिता को बढ़ावा देना अध्यात्म के बिना संभव नही : बीके प्रीति बहन



**खलारी।** शांति पत्रकारिता को बढ़ावा देने के लिए आज अध्यात्म के बिना शांति संभव नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि पत्रकारों के जीवन में अध्यात्म का समावेश हो। शांति पर बात करने के लिए पहले खुद के जीवन में शांति, प्रेम, सौहार्द्र होना जरूरी है। उक्त बातें डकरा वीआईपी क्लब में हो रहें पत्रकारो के द्वारा एक सम्मान समारोह में पत्रकारों को संबोधित करते हुए डकरा सुभाष नगर गीता पाठशाला की नियमित बीके प्रीति बहन ने कही। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज में दिए जा रहे ज्ञान और शिक्षा को मीडियाकर्मी अपने जीवन में अपनाएंगे तो निश्चित रूप से उनके अपने जीवन और पत्रकारिता में बदलाव आएगा। मौके पर गीता पाठशाला के रामधनी भाई, कमल, जोशीला , ममता, पिंकी , टिंकी , भूमि बहन, हनी बहन ने मुख्य अतिथि व वशिष्ठ अतिथियों सहित कई वरिष्ठ पत्रकारों को ईश्वरीय सौगात भेट किये।

न्यायालय उपायुक्त, खूँटी

पत्रांक .................. दिनांक ..................

आम सूचना

संदिग्ध जमाबंदी वाद सं0-03R28/2023

आवेदक- झारखण्ड राज्य सरकार/जिला खनन पदाधिकारी, खूँटी

बनाम

विपक्षी/द्वितीय पक्ष-

| क्र0 | वाहन सं0 | वाहन का नाम एवं पता |
|---|---|---|
| 1 | JH03W5159 | इन्द्रनाथ गोप, पिता-स्व0 रामपाल गोप, सा0-टाटी सैंसेरा, ईचा, थाना-तोरपा, जिला-खूँटी झारखण्ड पिन-835227 |
| 2 | JH02AF7750 | अलखदेव सिंह, पिता-ईश्वर सिंह, सा0-बेला, जिला-हजारीबाग, झारखण्ड 825301 |
| 3 | JH02AP0680 | इन्द्रनाथ गोप, पिता-स्व0 रामपाल गोप, सा0-टाटी सैंसेरा, ईचा, थाना-तोरपा, जिला-खूँटी झारखण्ड पिन-835227 |

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला खनन पदाधिकारी, खूँटी द्वारा अवैध बालू खनिज परिवहन करते हुए वाहन उक्त वाहनों को पकड़ा गया है जिसे झारखण्ड लघु खनिज समानुदान नियमावली 2004 (यथा संशोधित) के नियम 54 एवं The Jharkhand Mineral Prevention of Illegal mining Transportation and storage Rule 2017 के नियम 9 एवं 13 के आलोक में पकडे गये वाहन को (confiscation) की कार्रवाई करने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक-26.09.2023 को पूर्वाहन 10.30 बजे उपायुक्त, खूँटी के न्यायालय में निर्धारित है। उक्त मुकदमें/वाद में आपको कुछ कहना है तो स्वयं अथवा विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से उक्त तिथि को निर्धारित समय पर न्यायालय में उपस्थित होकर पैरवी करें अन्यथा अभिलेख में संलग्न कागजातों के आधार पर एक पक्षीय सुनवाई कर आदेश पारित कर दिया जाएगा।

यह नोटिस आज दिनांक-18.09.2023 को उपायुक्त महोदय खूँटी के आदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर के साथ निर्गत किया गया।

इसे सख्त ताकिद जाने।

प्रभारी पदाधिकारी,
विधि शाखा, खूँटी।

PR 307281 (District) 23-24 (D)

## वेतन एवं एरियर में कटौती के खिलाफ संयुक्त मोर्चा ने की बैठक

### गेट मीटिंग का कार्यक्रम भी तय किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया डकरा के बीआईपी सभगार मे बीएमइस, एचएमएस,एटक सीटू एवं इंटक से संबंध यूनियनों के संयुक्त मोर्चा बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता ललन प्रसाद सिंह व संचालन शैलेश कुमार ने किया। बैठक में कोयला मजदूरों का 11 वां वेतन समझौता सम्पन्न हो चुका है। जिसका बढ़ा हुआ वेतन जुलाई माह से मिलना भी शुरू हो चुका है,और एरियर का भी भुगतान हो चुका है। इस संबंध मे कुछ कनीय अधिकारी जब्बलपुर, उच्च न्यालय मे एक मामला दायर किये थे, जिसमे कहा गया था कि डी पी ई( डिपार्मेंट ऑफ पब्लिक सेक्टर इंटरप्राइज) के नियम के अनुसार कर्मचारियों का वेतन अधिकारियों से ज्यादा नही होना चाहिए, इसी आधार पर माननीय जब्बलपुर उच्च न्यालय ने एक आदेश पारित कर कर्मचारियों के 11 वां वेतन समझौता को खारिज कर दिया। इस आदेश से कोयला कर्मचारियों का ११ वां वेतन समझौता मे बढ़ा हुआ वेतन और इसका एरियर सारा पैसा रिकभरी की स्थिति में आ गई है । इस स्थिति से निपटने के लिए कोयला उद्योग मे कार्यरत सभी केंद्रीय श्रम संगठन पूरे हिंदुस्तान के कोयला उद्योग मे 5 से 7 अक्टूबर को तीन दिवसीय हड़ताल का घोषणा किये है। तथा पूरे देश के क्षेत्रीय कार्यालयों पर दिनांक 3 अक्टूबर को प्रदर्शन का निर्णय लिए है। इसी के अलोक मे एनके एरिया के संयुक्त मोर्चा ने आज बीआईपी सभगार डकरा मे बैठक कर कल से सभी परियोजनाओं एवं सर्विस यूनिटो मे गेट मीटिंग करने का निर्णय लिया है, साथ ही प्रबंधन के बिभिन्न फोरम पर ऑफिसर एसोशियेशन के प्रतिनिधित्व का विरोध किया है।

दिनांक 21 सितंबर को केडीएच कारगील में 22 सितंबर को रोहिणी 23 सितंबर को डकरा ,आरआर सॉप, सीएचडी उसके बाद सभी सर्विस यूनिटो एवं कार्यालयों मे जनसम्पर्क अभियान चलाया जाएगा। बैठक में दर्जनों युनियन पदाधिकारी एवं मजदूर उपस्थित थे।

## लापता जमीन कारोबारी बरामद



**रातू।** पुलिस ने ललितग्राम से 31 अगस्त को लापता जमीन कारोबारी नवीन कुमार मिश्र को सकुशल बरामद कर लिया है। पत्नी साधना पाठक के बयान पर दर्ज प्राथमिकी पर टेक्निकल सेल से सीडीआर निकाल कॉल डिटेल्स के जरिये उन तक पहुंच बनायी। उनसे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों की मानें, तो कर्ज की बोझ से दबे नवीन ने खुद को भूमिगत कर लिया था, ताकि लेन-देन से बचा जा सके। लेकिन, साधना ने उनके बिजनेश पार्टनर सोमनाथ पांडेय पर ही हत्या की आशंका जता पुलिस दोनों को गुमराह किया। बताते चलें, कि नवीन मिश्र गुरुवार को दिन के साढ़े तीन बजे पार्टनर के कॉल आने पर यह कह कर घर से निकले थे कि रुपये देने के लिये बुलाया जा रहा है। इसके बाद से वह लापता थे।

## डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी की स्मृति में रेशम दिवस का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में स्वतंत्र भारत के प्रथम उद्योग मंत्री डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी के योगदान एवं दूरदर्शिता की स्मृति में रेशम दिवस का आयोजन किया गया। रेशम दिवस के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ त्रिवेणीनाथ साहू ने कहा केंद्रीय रेशम बोर्ड की स्थापना के पीछे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूल भावना थी कि रेशम के माध्यम से गांव का अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे। डॉ साहू ने कहा मुझे यह जानकर खुसी हुई कि संस्थान देश के 10 से अधिक राज्यो को सेवा प्रदान करता है। जिसमे 3.5 लाख से अधिक परिवारों जिसमे आदिवासी महिलाओं को स्थायी आजीविका मिलती है। कार्यक्रम का शुभारंभ दिप प्रज्वलन से किया। संचालन डॉ जेपी पांडेय और धन्यबाद ज्ञापन केके बडोला ने किया।

### करम पूर्व संध्या पर रातू में दिखी आदिवासी संस्कृति की झलक

# शिक्षा से ही होगी समाज के धरोहर की रक्षा : सुशील

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** छोटानागपुर राज हाई स्कूल मैदान में करम पूर्व संध्या महोत्सव मनाया गया। आदिवासी छात्र संघ की ओर से आयोजित समारोह के दौरान खोड़हेधारियों ने मनमोहक कला की छटा बिखेरी। उत्साहित युवक-युवती मांदर की थाप पर थिरक उठे। यहां आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव बतौर मुख्य व ट्रैफिक डीएसपी जितवाहन उरांव विशिष्ट अतिथि थे। सुशील उरांव ने कहा शिक्षा से ही आदिवासी समाज के धरोहर की रक्षा हो सकती है।



**इन्होंने निभायी भूमिका**

सुमित, राजू, हुसे, फुलकुमारी, शिवनाथ, जयश्री, ज्योति, नगिया उरांव, चमरू, बिमल, विश्वनाथ, शंकर, रीताा, देविया, अनिल कच्छप, अजित खलखो, पारस, रोहित, अमित, दिलीप , अनुज तिर्की, रोशन उरांव, संदीप तिर्की, सुरेंद्र उरांव, संतोष उरांव व आशीष बाखला आदि।

**खोड़हा टीमें पुरस्कृत**

कार्यक्रम में कुंबाटोली, बड़काटोली, पुरियो, जामुन टोली, ललितग्राम, सरना नगर, बेलांगी, सिमलिया, मरियाटांड़, डंडई हेहल, चितरकोटा बड़काटोली, काठीटांड़ कठर कोचा व हेथा टंगराटोली आदि गांव की खोड़हा मंडली ने गीत-नृत्य प्रस्तुत किया। संघ की ओर से इन्हें पुरस्कृत किया गया।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(जिला योजना)
दूरभाष : 06553-261555(O) Email ID : dc-ramgarh@gov.in

-:: अल्पकालीन विज्ञापन ::-

Mission Director, Aspirational District & Block Programme, NITI Aayog, Govt. of India के Circular on Key Initative under Aspirational Blocks Programme दिनांक 25.08.2023 में निहित शर्तों के अनुरुप रामगढ़ जिला में आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम हेतु Aspirational Block Fellow की नियुक्ति के लिए पूर्णत: अस्थायी तौर पर 01 वर्ष हेतु इच्छुक अभ्यार्थियों से अभ्यावेदन विहित प्रपत्र में निम्न रुपेण आमंत्रित किया जाता है।

| No. of Post | Age | Education Qualification |
|---|---|---|
| 04 | 18-40 | 1) Post Graduate in any discipline from a reputed institution. 2) Should possess excellent data analysis and presentation skills. 3) Should be conversant with use of social media. 4) Should possess project Management skills. 5)Experience of working with Government, NGOs, Development Organisation will be an added advantage. 6) Self-driven with good communication and coordination skills. 7) Proficient with English, Hindi and the local language of the respective Aspirational Block will be added advantage for Aspirational Blocks Fellow. Note : Preference will be given to candidates who have completed their higher education in the Rural development, Social Science, Development studies or any related field. |

Role of Aspirational Block Fellow :
The Aspirational Block Fellow will be positioned as a critical bridge between the Block level Officials and NITI Aayog. Their primary responsibilities will include :
1) Collaborating with block level Officials to design and execute development strategies alinged with ABP thematics areas.
2) Conducting regular field visits to assess project implementation, address challenges and collect ground level insights.
3) Analyzing data and providing evidence recommendations to BLOs, District level Officials to optimize developmental initiatives.
4) Organizing workshop, awareness campaigns and skill-building programs to empower the local community.
5) Keeping states and NITI abreast with the issues, challenges and need for support.

Benefits and Impact :
The Deployment of Aspirational Block Fellow is expected to yield multiple benefits :
1) Strengthening governance and administrative capabilities at the Block level.
2) Enhancing the efficiency and effectiveness of development projects.
3) Enabling knowledge transfer and cross- learning between the fellows, officials and local communities.
4) Contributing to data-driven policy formulation and evidence-based decision-making.
5) Building a talent pipeline of future leaders committed to social impact and community development.

Tenure of AB Fellows :
The tenure of Aspirational Block Fellow will initially span for one year, during which they will actively engage with Block level Officials to drive developmental initatives and empower local communities. Recoginizing the potential for sustained impact, the program allows for a one-year extension of the fellowship, contingent upon the fellow's statisfactory and demonstrated contributions to the program's objectives, as determined by the State Government.

Compensation :
The Compensation package for Aspirational Block Fellow has been thoughtfully designed to attract bright and passionate individuals committed to driving transformative change at the grassroots level. Each fellow will receive a monthly stipend of Rs. 55,000/- as a token of appreciation for their dedicated service and valuable contributions to the Aspiratioanl Blocks Program.
This compensation is aimed at providing a reasonable financial system, acknowledging the significance of their role in accelerating development across the identified blocks. This compensation package also includes provision for travel allowances to a maximum of Rupees five thousand (Rs. 5,000) per month and other necessary support to ensure that the fellows can effectively immerse themselves in assigned Blocks and focus on fostering change and progress in Blocks. By offering a competitive compensation package, the program seeks to attract top talent and empower Aspirational Blocks Fellows to make meaningful impact in the Blocks they would serve.

नियम व शर्तें :-
1. उक्त विज्ञापन को स्थगित/रदद् करने एवं शर्तों में परिवर्तन/संशोधन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। अधोहस्ताक्षरी का निर्णय ही अंतिम निर्णय होगा, जिसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती है।
2. यह प्रक्रिया पूर्णत: स्वनियोजन के आधार पर क्रियान्वित होगा।
3. आवेदन हेत किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है।

आवेदन की प्रक्रिया :-
1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 05.10.2023 अपराह्न 04:00 बजे तक है। उक्त समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र एवं सभी प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति के साथ बन्द लिफाफे में अन्तिम तिथि तक किसी भी कार्य दिवस को हाथों-हाथ, पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर स District Planning Office, B Block, 1st Floor, DC Office, Chhattarmandu, Ramgarh पिन कोड-825101 के पते पर समर्पित करेंगे। अन्य माध्यम से प्रेषित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा।

चयन की प्रक्रिया :-
1. शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, साक्षात्कार एवं Presentation के आधार पर अभ्यर्थी का अंतिम चयन किया जायेगा।
2. साक्षात्कार एवं Presentation की विस्तृत विवरणी Short Listed अभ्यर्थियों कोई-मेल एवं Website के माध्यम से उपलब्ध करायी जाएगी।

नोट :- उक्त विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिला के Website- https://ramgarh.nic.in/पर देखी जा सकती है।

ह0/-
उपायुक्त, रामगढ़

PR 307282 District (23-24)_D

# समृद्ध परम्परा

देश के आजाद होने के बाद इसको संसद भवन के रूप में चुना जाना इसके महत्व को ही दशार्ता है। कुछ आलोचक इसे ब्रिटिशकाल में बना हुआ बताते हैं। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि ये भारतीयों की खून-पसीने की मेहनत व पैसे से साकार हो पाया। सही मायनों में संसद भवन महज एक भवन नहीं होता, यह देश का दिल रहा है, जो आम आदमी के लिये धड़कता रहा है। जिसकी साख को 75 साल में देश के हर राजनीतिक दल ने समृद्ध ही किया।

आजादी के बाद भारत के लोकतंत्र की दिशा निर्धारित करने वाले संविधान के निर्माण का कार्य इस सदन में हुआ। इस भवन में निरंतर चलने वाली संविधान सभा की 165 बैठकों के बाद 26 जनवरी 1950 को नया संविधान अस्तित्व में आया। यह ठीक है कि व्यवस्थाओं को केंद्रित करने और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप नये संसद भवन का निर्माण हुआ है। बेरोजगारी, महंगाई व सामाजिक न्याय प्राथमिकता होनी चाहिए। निस्संदेह, देश में बढ़ती आबादी व संसदीय क्षेत्रों के विस्तार के बाद अधिक सासंदों के लिये नये भवन की जरूरत थी। यह अच्छी बात है कि नये भवन में बेहतर सहूलियतें व नई तकनीक से सांसदों की कार्यक्षमता को बढ़ावा मिलेगा। महत्वपूर्ण यह होगा कि नये संसद भवन का कार्य समावेशी भाव से अधिक जनहितकारी हो। खासकर नई संसद का छोटा सत्र खास मूल्यवान साबित हो सके। साथ ही उन गौरवशाली परंपराओं का विस्तार हो, जो पुराने सदन में दशकों से चली आ रही थीं। इस सदन में लोकतंत्र के उत्सव व उमंग का भाव बना रहे। भारतीय लोकतंत्र की गौरवशाली विरासत का विस्तार निरंतर जारी रहे। यह जन-भावनाओं की अभिव्यक्ति का मंच बना रहे। जिससे यह देश दुनिया में सबसे बड़े लोकतंत्र होने को सार्थक कर सके।

# चुनावी कदम?

संसद में कई दशकों से महिला आरक्षण पर कानून बनाने की मांग हो रही है। श्री मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम का जिक्र संसद में किया और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसे सदन के पटल पर रखा। इस विधेयक के पारित होने के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या बढ़कर 181 हो जाएगी। मौजूदा समय में लोकसभा में कुल सदस्य संख्या 543 है। और इस वक्त महिला सांसदों की संख्या 82 है। विधेयक में संविधान के अनुच्छेद- 239 एए के तहत राजधानी दिल्ली की विधानसभा में भी महिलाओं को 33प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। ￼इसके बाद जो तीसरा चुनाव होगा उसमें बची हुई 33 प्रतिशत सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा। इस विधेयक के ऐसे प्रावधानों को सुनकर लगता है कि देश में कोई अभूतपूर्व क्रांति होने वाली है। महिलाओं को एकदम से शक्ति मिलने वाली है। इसे 'संविधान (एक सौ आईसवां संशोधन) अधिनियम 2023 के प्रारंभ होने के बाद होने वाली पहली जनगणना के प्रासंगिक आंकड़े प्रकाशित होने के बाद लागू किया जा सकेगा। इसे निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन या पुनर्निर्धारण के बाद लागू किया जाएगा। लागू होने के बाद अधिनियम 15 वर्ष तक प्रभावी रहेगा। अगली जनगणना कब तक होगी, इसका कोई ठिकाना नहीं है, जब तक जनगणना नहीं होगी, तब तक महिला, पुरुष, अजा, जजा, ओबीसी इन सब के ताजा आंकड़े नहीं आएंगे और जब आंकड़े ही नहीं होंगे, तो आरक्षण की व्यवस्था किस तरह होगी, ये बड़ा सवाल है। यह निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन और कानून लागू होने के बाद पहली जनगणना के बाद ही संभव हो पाएगा। लेकिन सरकार ने इसी दिन को चुना ताकि अपना नाम इतिहास में दर्ज करा सके। महिला आरक्षण विधेयक के लटकने-अटकने का इतिहास तो सबको ज्ञात है, लेकिन अब मोदी सरकार ने इसके नाम पर भटकाने का रास्ता भी प्रशस्त कर दिया। क्या यह आने वाले लोकसभा चुनाव के कारण उठाया गया कदम नहीं है?

# जी-20 का नई दिल्ली घोषणापत्र कार्रवाई का आह्वान

**वैश्विक** राजनीतिक एवं कूटनीतिक परिदृश्य में कुछ क्षण ऐसे भी आते हैं, जो आशा और उन्नति की किरण साबित होते हैं। जी-20 नेताओं का वर्ष 2023 का नई दिल्ली घोषणापत्र भी ऐसी ही एक युगांतकारी घटना है, जो दुनिया भर में महिला-पुरुष समानता तथा लड़कियों और महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति ऐतिहासिक प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। भारत की अध्यक्षता में जी-20 के नेताओं ने जी-20 महिला मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का समर्थन करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण से संबंधित एक कार्य समूह के गठन पर सहमति प्रकट की। यह उपलब्धि महिला-पुरुष समानता के महत्व को स्वीकार करने और वैश्विक स्तर पर महिलाझपुरुष असमानताओं को दूर करने की तत्काल ध्यान देने योग्य आवश्यकता को गहन रूप से प्रतिध्वनित करती है।

भारत की अध्यक्षता में जी-20 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'अमृतकाल' के विजन से प्रेरित रहा, जहां अर्थव्यवस्था और समाज के सभी क्षेत्रों में 'नारी शक्ति' को सराहा जाता है। इस विजन के आधार पर भारत की जी-20 की अध्यक्षता ने पहली बार महिलाओं के विकास की जगह, अपना ध्यान 'महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास' पर केंद्रित किया।

महिला-पुरुष समानता के पक्षधर दशकों से इस महत्वपूर्ण मुद्दे को वैश्विक एजेंडे में सबसे आगे लाने का प्रयास करते आए हैं। उनकी यह यात्रा लंबी और चुनौतीपूर्ण रही है और उन्हें इस रास्ते में अनेक अड़चनों का सामना करना पड़ा है। अपने 2023 के घोषणापत्र में महिला-पुरुष समानता को केंद्रीय विषय के रूप में शामिल करने का जी-20 का सर्वसम्मत निर्णय दुनिया भर के नेताओं, सरकारों, सिविल सोसाइटी और हितधारकों के अथक प्रयासों और अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय दुनिया भर में महिलाओं के समक्ष आने वाले सबसे प्रासंगिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए जी-20 और अतिथि देशों तथा अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों और वक्ताओं के अलावा महिला पथ प्रदर्शकों, उद्यमियों, नवोन्मेषियों, वैज्ञानिकों, जमीनी स्तर की महिला नेताओं तथा फ्रंटलाइन कार्यकताओं, निजी क्षेत्र, सिविल सोसाइटी, शिक्षाविदों, अनुसंधान संस्थानों, रक्षा प्रतिष्ठानों और राज्य सरकारों को एक मंच पर लाया।





-इंदीवर पांडे

> इन बैठकों के मुख्य निष्कर्षों ने महिला-पुरुष समानता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धताओं को प्रतिबिंबित किया, जिन्हें महिला सशक्तिकरण पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के अध्यक्ष के वक्तव्य में अंगीकार किया गया और अंततः उसे जी-20 नेताओं के घोषणापत्र में पुख्ता स्थान दिया गया।यह कोई मामूली उपलब्धि नहीं है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों के साथ सर्वसम्मति कायम करना और बातचीत करना कठिन कार्य रहा।

मंत्रालय द्वारा निर्धारित चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनमें शिक्षाः महिला सशक्तिकरण के प्रति आमूल-चूल बदलाव लाने वाला मार्ग, महिला उद्यमिताः इक्विटी और अर्थव्यवस्था के लिए लाभपूर्ण स्थिति, जमीनी स्तर सहित सभी स्तरों पर महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए साझेदारियां करना तथा जलवायु अनुकूलन कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों में महिलाएं और लड़कियां- शामिल हैं। इन सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के लिए डिजिटल कौशल एक महत्वपूर्ण विषय रहा है। इन क्षेत्रों पर जी-20 एम्पॉवर पहल और डब्ल्यू-20 सहभागिता समूह द्वारा चर्चा और विचार-विमर्श किया गया। इन बैठकों के मुख्य निष्कर्षों ने महिला-पुरुष समानता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धताओं को प्रतिबिंबित किया, जिन्हें महिला सशक्तिकरण पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के अध्यक्ष के वक्तव्य में अंगीकार किया गया और अंततः उसे जी-20 नेताओं के घोषणापत्र में पुख्ता स्थान दिया गया।यह कोई मामूली उपलब्धि नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों के साथ सर्वसम्मति कायम करना और बातचीत करना कठिन कार्य रहा। विकासशील देशों की दृष्टि से महत्वपूर्ण मुद्दे प्रायः विकसित देशों के साथ समान रूप से प्रतिध्वनित नहीं होते ।

प्रतिनिधियों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि जी-20 विमर्श में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और उद्यमिता के निष्कर्षों को जमीनी स्तर की महिला सामुदायिक नेताओं को शामिल किए बिना पूरा नहीं किया जा सकता। 'सर्वोत्तम कार्यप्रणाली प्लेबुक' ( या बेस्ट प्रैक्टिसेज प्लेबुक) की विरासत में 'स्थानीय स्तर पर महिला उद्यमियों और नेताओं का समर्थन' नामक एक नया फोकस क्षेत्र जोड़कर इसे समर्थन दिया गया।

इन सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के लिए डिजिटल कौशल एक महत्वपूर्ण विषय रहा। डिजिटल जेंडर डिवाइड को पाटने की प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता ने 2 से 4 अगस्त, 2023 तक आयोजित एमसीडब्ल्यूई के दौरान महिलाओं के डिजिटल कौशल पर ध्यान केंद्रित करते हुए अभूतपूर्व 'टेक इक्विटी' प्लेटफॉर्म के शुभारंभ में योगदान दिया। इसके अलावा, इसकी निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल कौशल मंच की पहुंच का विस्तार करने के वास्ते एमसीडब्ल्यूई में जी-20 देशों के साथ साझेदारियां स्थापित की गईं। यह प्लेटफॉर्म 120 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध है और जी-20 देशों की लड़कियां और महिलाएं अपने करियर में उन्नति के क्रम में तेजी लाने के लिए डिजिटल स्किलिंग और अपस्किलिंग पाठ्यक्रमों में अब अपना पंजीकरण करा सकती हैं।

एक अन्य ठोस परिणाम मेंटरशिप प्लेटफार्म रहा। इसे एक वैश्विक नखलिस्तान माना जा सकता है, जहां जी-20 देशों की महिला परामर्शदाता अपने अनुभवों और विशेषज्ञता को प्रशिक्षुओं के साथ साझा करती हैं, ताकि समस्त महिलाओं के सशक्तिकरण के सामूहिक विजन को साकार किया जा सके।प्रेरक कहानियां वास्तविक जीवन के उदाहरणों के जरिए सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हुए शक्तिशाली रोल मॉडल का काम करती हैं।

पहली बार, भारत की अध्यक्षता में जी-20 एम्पॉवर वेबसाइट 9 देशों की 73 प्रेरक कहानियों के लिए एक ऐसा मंच बन गई, जिसने जी-20 देशों में कामयाबी का परचम लहराने वाली महिलाओं की शानदार यात्राओं को वृत्तचित्रित किया।भारत की जी-20 की अध्यक्षता ने स्वीकार किया कि नीतियों और रणनीतियों को सही मायने में प्रभावपूर्ण बनाने के लिए उनसे जुड़ी चचाओं में नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण है, जिसके चलते जी-20 विमर्श में 'जनभागीदारी' की भावना को सम्मिश्रित किया गया।

## खास बात

### अपने डी मैट खाता पर दें ध्यान

आपके म्यूचुअल फंड निवेश, ट्रेडिंग और डीमैट अकाउंट्स के लिए नॉमिनेशन अपडेट करने की डेडलाइन सिर्फ दस दिन दूर है। निवेशकों के पास ऐसा करने के लिए 30 सितंबर तक का समय है। पहले यह समयसीमा 31 मार्च 2023 थी।

बता दें कि 27 मार्च के एक सर्कुलर में, बाजार नियामक ने मौजूदा पात्र ट्रेडिंग और डीमैट खाताधारकों के लिए अपने खातों के लिए एक नॉमिनी को ऐड करने की समय सीमा 30 सितंबर, 2023 तक बढ़ा दी।

नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, 30 सितंबर, 2023 की डेडलाइन से पहले अपने प्रियजनों को अपने डीमैट खाते में नामांकित करने के लिए अभी कदम उठाए। डेडलाइन से पहले नॉमिनी ऐड नहीं किया तो फ्रीज हो जाएंगे खातें

बाजार नियामक रएइक के 27 मार्च के एक सर्कुलर के मुताबिक, ट्रेडिंग के साथ-साथ डीमैट खातों के मूल्यांकन के आधार पर, जिसमें नॉमिनेशन डिटेल का विकल्प अपडेट नहीं किया गया है। ऐसे ट्रेडिंग और डीमैट खातों को 30 सितंबर, 2023 के बाद फ्रीज कर दिए जाएंगे।जो निवेशक नए ट्रेडिंग और डीमैट खाते खोल रहे हैं, उन्हें एक घोषणा पत्र के माध्यम से नामांकन प्रदान करना होगा या नामांकन से बाहर निकलने का विकल्प चुनना होगा। मौजूदा निवेशक जिन्होंने पहले ही नामांकन विवरण प्रदान कर दिया है, उन्हें नामांकन विवरण दोबारा जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

डीमैट अकाउंट में नॉमिनी कैसे जोड़ें

स्टेप 1: अपने डीमैट अकाउंट में लॉगइन करें।

स्टेप 2: प्रोफाइल सेगमेंट के तहत माई नॉमिनीज पर जाएं, जो नॉमिनी डिटेल्स पेज पर रीडायरेक्ट हो जाएगा।

स्टेप 3: नॉमिनी व्यक्ति जोड़ेंह्र या ऑप्ट-आउट चुनें।

स्टेप 4: नॉमिनी व्यक्ति का विवरण भरें और नॉमिनी व्यक्ति का एक आईडी प्रूफ अपलोड करें।

स्टेप 5: दस्तावेज अपलोड करने के बाद, नॉमिनी व्यक्ति का वह प्रतिशत दर्ज करें जो निवेशक नॉमिनी व्यक्ति को देना चाहता है।

भाजपा के सभी सांसदों में 29% सांसद ओबीसी से हैं, मंत्री भी 29 ओबीसी से हैं। भाजपा के 1,358 विधायकों में से 365 विधायक ओबीसी से हैं, यानी 27% हैं। यहां जो ओबीसी का राग अलाप रहे हैं, ये उन सभी से ज्यादा है।

– अमित शाह, गृह मंत्री

## रोचक ट्वीट

**आदिवासी** समाज आज भी अपनी पहचान की लड़ाई लड़ रहा है। देश के लगभग 12 करोड़ आदिवासियों के लिए जनगणना में कॉलम तक नहीं।

– हेमंत सोरेन, सीएम





**नए संसद** भवन की भव्यता आधुनिक भारत का प्रतीक है, जिसमें हमारे इंजीनियर से लेकर कामगारों तक का पसीना लगा है। सभी श्रमयोगियों को मेरा हृदय से नमन।

– नरेन्द्र मोदी

# यशोभूमि का सामाजिक संदेश

**मृत्युंजय दीक्षित**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर राजधानी दिल्ली में एशिया के सबसे बड़े प्रदर्शनी व कॉन्फ्रेंस सेंटर यशोभूमि को राष्ट्र को समर्पित किया। इसी नवीन प्रांगण से 18 प्रकार के पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों की लाभ पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के माध्यम से सुथर, बढ़ई, नाव निमार्ता, अस्त्रकार, लोहे का काम करने वाले, टोकरी, चटाई, झाड़ू बनाने वाले, कॉयर बुनकर, गुड़िया और खिलौना निमार्ता, पारंपरिक सुनार, कुम्हार, जूते बनाने वाले, हथौड़ा और टूल किट निमार्ता, ताला बनाने वाले, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वाले राजमिस्त्री, बाल काटने वाले, मालाकार, कपड़े धोने वाले, दर्जी, मछली पकड़ने का जाल बनाने वाले आदि कार्य कार्य करने वाले हुनरमंद भाई बहनों को तीन लाख रुपये तक बिना गारंटी ऋण देने की घोषणा की गई। विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत स्किल अपग्रेडेशन के लिए ट्रेनिंग और 500 रुपये का स्टाइपेंड भी दिया जाएगा और यह हुनरमंद अपने हाथों से जो उत्पाद तैयार करेंगे उन तैयार उत्पादों के लिए क्वालिटी सर्टिफिकेशन, ब्रांडिंग और उनकी मार्केटिंग में भी सरकार की ओर से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रारम्भिक चरण में विश्वकर्मा योजना में 13000 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं ।यह योजना तीन लाख कामगारों के लिए विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर एक अनुपम उपहार है। यह माना जा रहा है कि इस योजना से 30 लाख परिवारों की वित्तीय स्थिति में बड़ा परिवर्तन आएगा। इस योजना से छोटे व्यवसायों और श्रमिकों को अपना व्यापार बढ़ाने और आर्थिक स्थिति सुधारने में भी मदद मिलेगी। समाज के लाखों पारंपरिक कौशल वाले भाई-बहनों के लिए विश्वकर्मा योजना आशा की नई किरण बनकर आई है। इस योजना के माध्यम से भारत के स्थानीय सामान को वैश्विक बनाने में भी बहुत सहयोग मिलेगा। सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने उपस्थित विश्वकमाओं को संबोधित किया।

## सामयिक

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब बैंक आपको गारंटी नहीं मानता है तो मोदी आपको गारंटी देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई विश्वकर्मा योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसचित जनजाति व समाज के वंचित वर्ग के लोगों का मन जीतने की भी एक बड़ी पहल की है। यह पारंपरिक कार्य करने वाले अधिकतर कारीगर व शिल्पकार समाज के लोग इन्हीं वर्गों से आते हैं । भारतीय जनता पार्टी समाज के इन वर्गों को सशक्त करने के लिए संकल्पवान है क्योंकि जब से प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति का युग प्रारम्भ हुआ है और उसके पूर्व से भी समाज का यह वर्ग भाजपा के साथ जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने यशोभूमि के लोकार्पण और विश्वकर्मा योजना के शुभारम्भ के उपलक्ष्य पर गहरे सामाजिक और राजनीतिक निहितार्थ वाला वक्तव्य दिया । प्रधानमंत्री मोदी की यह विशिष्ट कार्यशैली रही है कि अब तक उन्होंने जितने भी लोकार्पण किये हैं उन सभी अवसरों पर सर्वप्रथम वह श्रमिकों का सम्मान करते हैं व उनका मनोबल बढ़ाते हैं। यशोभूमि में भी उन्होंने सर्वप्रथम वहां काम करने वाले सभी प्रकार के विश्वकर्मा भाई-बहनों से बातचीत की और उनका मनोबल बढ़ाया।

दोनों ही केन्द्रों पर विश्व भर के लोग अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों, बैठकों और प्रदर्शनियों के लिए आएंगे इससे लाखों युवाओं को रोजगार और पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों को भी काम मिलेगा। आगामी दिनों में भारत मंडप और यशोभूमि कॉन्फ्रेंस पर्यटन के केंद्र बिंदु बनकर भी उभरने वाले हैं।

# ईश्वर हमारा सहचर

## धर्म-प्रवाह

**श्री राम शर्मा आचार्य**

**अनेक** लोग जरा-सा संकट आते ही बुरी तरह घबरा जाते हैं। हाय-हाय करने लगते हैं। निराश और हतोत्साहित होकर ईश्वर के प्रति अनास्थावान होने लगते हैं। यह ठीक नहीं है। आपत्तियाँ संसार में सहज संभाव्य हैं, किसी समय भी आ सकती हैं, किंतु उनसे घबराना नहीं चाहिए। उन्हें ईश्वर का अपने बच्चों के साथ एक खेल समझना चाहिए। जैसे कोई कागज का भयावह चेहरा लगाकर कभी-कभी बच्चों को डराने का विनोद किया करता है, उसी प्रकार ईश्वर भी संकट की स्थिति लाकर अपने बच्चों के साथ खेल किया करता है। उसका आशय यही होता है कि बच्चे भयावह स्थितियों के अभ्यस्त हो जाएँ और डरने की उनकी आदत छूट जाए। वे संसार में हर संकट का सामना करने के योग्य बन जाएँ। आपत्तियों को ईश्वर का खिलवाड़ समझकर डरना नहीं चाहिए।

आपत्तियाँ उन्हीं के लिए भय का कारण बनती हैं, जो ईश्वर विश्वासी नहीं होते, उनमें ईश्वर के मंगल मंतव्य का आभास नहीं देखते, अन्यथा संसार की किसी भी परिस्थिति से डरने का कोई कारण नहीं। जिसे ईश्वर की कृपा में विश्वास है, उसकी सर्वशक्तिमत्ता में अखण्ड आस्था है, जो उसे अपना स्वामी, सखा और माता-पिता समझता है, उसे किसी घात से डरने का क्या अर्थ ? डरना तो उसे चाहिए, जिसने उस सर्वशक्तिमान का साथ छोड़ दिया है।

## कार्टून वर्ल्ड

फ्री तालीबानी स्टाईल



साभारः कॉर्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### खतरनाक खिलौने

**खिलौनों** का एक खतरनाक पहलू भी है। भारतीय गुणवत्ता परिषद की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में आयात होने वाले 66.90 प्रतिशत खिलौने बच्चों के लिए खतरनाक हैं। एक अध्ययन में क्यूसीआई ने पाया कि अनेक खिलौनों में मौजूद मैकेनिकल और केमिकल जाचों में गुणवत्ता की कसौटी पर खरे नहीं उतरे। चीन से आये खिलौने पर कड़ी नजर हो।

– सुमित, गढ़वा

### एमएसपी जरूरी

**साल** 1964 में पहली बार तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के नेतृत्व में खाद्य-अनाज मूल्य समिति का गठन हुआ। 1964 में ही दिसंबर माह में इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। इसके बाद 1966-67 में पहली बार गेहूं और धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया। किसानों के हित में न्यूनतम मूल्य जारी रहना चाहिए यह जरूरी है।

– सुनील झा, हजारीबाग

# कांग्रेस पूरी तरह से सावधान है और सचेत भी

**कल्याणी शंकर**

कांग्रेस सतर्क है और यह कहकर विवादास्पद विषयों से बच रही है कि वह सर्व धर्म समभाव के सिद्धांत में विश्वास करती है। गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश में एक सार्वजनिक रैली में इंडिया गठबंधन पर आरोप लगाया था कि वह सनातन धर्म और संस्कृति को खत्म करने की कोशिश करने और इसे 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक राजनीतिक एजेंडा बनाने का गुट।

हैदराबाद में पिछले सप्ताहांत कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद कांग्रेस नेता उत्साहित हैं। वे अब चुनाव में उतरने के लिए तैयार हैं। पार्टी की सर्वोच्च नीति-निर्धारक संस्था सी.डब्ल्यू.सी. ने कई विवादास्पद और संवेदनशील विषयों पर विचार किया और एकजुटता से अपने भविष्य की योजना बनाई।

विभाजित-तेलंगाना की राजधानी के रूप में हैदराबाद का चयन महत्वपूर्ण है क्योंकि तीन महीने में वहां राज्य विधानसभा चुनाव होने हैं। 2014 के बाद से कांग्रेस दोनों राज्य-आंध्र प्रदेश और तेलंगाना हार गई है।

राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा स्थितियों पर विचार करने के बाद, सी.डब्ल्यू.सी. ने जोरदार ढंग से घोषणा की कि वह आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 लोकसभा के लिए पूरी तरह से तैयार है। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के समर्थन से खुद को भाजपा के विकल्प के तौर पर पेश किया।

## सामयिक

कांग्रेस नेता इंडिया गठबंधन को लेकर आशावादी हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस इंडिया गठबंधन में प्राथमिक भूमिका निभाना चाहती है और उसने सभी मोर्चों पर, खासकर मणिपुर और कश्मीर में मोदी सरकार की विफलता की आलोचना की।

14 प्रस्तावों में से एक में कहा गया है, 'सी.डब्ल्यू.सी. इंडिया गठबंधन की पहल को वैचारिक और चुनावी सफलता बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी के संकल्प को दोहराती है ताकि हमारा देश विभाजनकारी और ध्रुवीकरण की राजनीति से मुक्त हो, सामाजिक समानता और न्याय की ताकतें मजबूत हों, और लोग एक ऐसी केंद्र सरकार प्राप्त करें जो जिम्मेदार, उत्तरदायी, संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह हो।' संक्षेप में, यही चुनाव अभियान का जोर होगा।यह संदेश अपने गठबंधन सहयोगियों के प्रति पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि के रूप में कार्य करता है।

पार्टी ने तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मिजोरम में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाई। इसमें चुनौतियों पर ध्यान दिया गया जिसमें गठबंधन बनाने और इंडिया गठबंधन के कुछ सदस्यों के साथ सीटों के समायोजन पर केंद्रीय नेतृत्व और विशिष्ट राज्य इकाइयों के बीच अलग-अलग विचार शामिल हैं। आंतरिक आकलन के अनुसार, पार्टी को पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में अपने भीतर से परेशानी की आशंका है। पंजाब और दिल्ली में पार्टी नेता प्रतिद्वंद्वी आम आदमी पार्टी का समर्थन नहीं करते हैं। पश्चिम बंगाल में राज्य नेतृत्व का सीधा मुकाबला तृणमूल कांग्रेस से है।

राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा सत्ता के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। आंतरिक सर्वेक्षणों के अनुसार कांग्रेस पार्टी को छत्तीसगढ़ में थोड़ा फायदा हो रहा है और मध्य प्रदेश में उसकी मजबूत स्थिति है। पार्टी के अंदरूनी सूत्र यह भी बता रहे हैं कि तेलंगाना में कांग्रेस की पकड़ मजबूत हो रही है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन :95705-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सीओ का उप प्रमुख ने किया स्वागत



**रजरप्पा।** चितरपुर अंचल कार्यालय में नए सीओ दीपक मिंज को बुधवार को उप प्रमुख अरशद उल्लाह की अगुवाई में पंसस एवं पंसस प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उप प्रमुख ने सीओ से कहा कि बिचौलियों से नही बल्कि ग्रामीणों से जुड़े। सीओ ने कहा कि महीने में दो दिन जनता दरबार लगाई जाएगी, ताकि ग्रामीणों की समस्याँ दूर हो। मौके पर पंसस सतीश कुमार, प्रदीप कुमार, पवन कुमार एवं सुशील ठाकुर उपस्थित थे।

### सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो का स्वागत



**बासल (रामगढ़)।** ग्रामीण विकास विभाग के रामगढ़ नवमनोनित जिला सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार महतो का बुधवार को पालू पंचायत में ग्रामीणों ने स्वागत किया। पालू पंचायत के पूर्व मुखिया गंगाधर महतो के नेतृत्व में ग्रामीणों ने महेंद्र कुमार महतो फूल माला पहनाकर बधाई दी। गंगाधर महतो ने कहा कि पालू पंचायत के लिए गौरव की बात है कि पिछड़े इलाके के व्यक्ति को सांसद जयंत सिन्हा ने ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज जैसे महत्वपूर्ण विभाग का जिला सांसद प्रतिनिधि बनाया है। सांसद प्रतिनिधि को बधाई देने वालो में गंगाधर महतो, रामेश्वर महतो, अशेश्वर महतो, कालेश्वर मुंडा, फुलचन्द महतो, उमेश महतो, प्रकाश साहू, पालू के भाजपा बूथ अध्यक्ष सरयू महतो, प्रकाश राम, सरजू महतो, गोपाल महतो, लोटन साहू आदि शामिल थे।

### कुश्ती में रंगीता और शोएब को मिला गोल्ड

**रजरप्पा।** खेलो झारखंड कुश्ती प्रतियोगिता इंडोर स्टेडियम होटवार रांची में बुधवार को संपन हुआ। इस प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला कुश्ती टीम के बालक, बालिका खिलाड़ी भाग लेते हुए 2 गोल्ड, 3 सिल्वर मेडल जीत कर जिला और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। अंडर 14 में रामगढ़ की रंगीता कुमारी को गोल्ड मेडल मिला। अंडर 17 वर्ष बालक में मो. शोएब गोल्ड मिला। सिल्वर मेडल जीतने वाले खिलाड़ी मानसी कुमारी, वर्षा कुमारी और सुरभि राज, इन सभी विजेता खिलाड़ियों को पूर्व मंत्री झारखंड सरकार एवं वर्तमान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक सुनीता चौधरी, जिला ओलिंपिक एसोसिएशन जिला कुश्ती संघ के सभी पदाधिकारी एव खेल प्रेमियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

### नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर 24 को

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के सौजन्य से 24 सितंबर ( रविवार) को राज नर्सिंग होम के उत्सव मैरेज हॉलेज में नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर लगाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए क्लब की अध्यक्ष लायन माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजु देवी व कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक सिन्हा ने बताया कि सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगने वाले इस शिविर में पाये गये मोतियाबिंद के चिन्हित मरीजों को 26 सितंबर को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए निरामया अस्पताल कोकर रांची ले जाया जायेगा। जहां रिम्स रांची के डॉ. राहुल प्रसाद द्वारा (फेको पद्धति) आधुनिक उपकरणों से मरीजों के आंखो का सफल ऑपरेशन किया जायेगा। कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक सिन्हा ने बताया कि नि:शुल्क इलाज के लिए लोगों को शिविर में आधार कार्ड या वोटर कार्ड और पंजीकृत मोबाइल लाना अनिवार्य होगा। शिविर की सफलता में क्लब के पूर्व अध्यक्ष लायन राजेन्द्र महतो, पूर्व सचिव विजयंत कुमार, पूर्व कोषाध्यक्ष अखिलेश शर्मा, संजय सिंह सहित क्लब के तमाम लोग जुटे हैं।

### सांसद जयंत सिन्हा बने वित्त स्थायी समिति के अध्यक्ष, सोनू ने दी बधाई



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के आईटी सेल संयोजक सह सांसद प्रतिनिधि सोशल मीडिया रामगढ़ जिला प्रवीण कुमार सोनू ने बुधवार को वित्त संबंधी स्थायी समिति का पांचवी बार अध्यक्ष चुने जाने पर हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम सभी के लिए यह गर्व की बात की हमारे हजारीबाग लोकसभा के सांसद के कार्यों पर भरोसा करते हुए व अभिभूत होते हुए पुन: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### दोतल्ला पंचायत में बन रहा प्लास्टिक संग्रह केंद्र : मुखिया



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुधबाजार दोतल्ला में स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) फेज-2 के अंतर्गत मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में सभी सहयोग से सूखा एवं गीला तथा सिंगल यूज प्लास्टिक कचरा प्रबंधन हेतु पंचायत के टोलो-मोहल्लो में नाडेप, सोक्ता गड्ढा, प्लास्टिक संग्रह केंद्र का युद्ध स्तर पर निर्माण करवाया जा रहा है। ताकि बरसात में पानी को संग्रहित किया जा सके। साथ ही कचरा व प्लास्टिक को संग्रह केंद्र में डालकर एकत्रित किया जा सके। इससे स्वच्छ भारत अभियान को काफी बल मिलेगा। इस कार्य में मुखिया सत्यवंती देवी, जल सहिया छुवि देवी, यूनिसेफ के सुजीत गिरी, जनार्दन मुंडा तथा मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो सहयोग कर रहे हैं।

### जुबिली कॉलेज में 60 विद्यार्थियों ने अल्बेंडाजोल की ली खुराक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के निर्देशाानुसार बुधवार को रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने कहा कि 20 से 29 सितंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं को कृमि नाशक दवा अल्बेंडाजोल की खुराक लेना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इस दवा को खाने से विभिन्न बीमारियों के खतरा से बचा जा सकता है। विद्यार्थियों को दवा खिलाने में कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बी रविदास, प्रो. एन पांडेय, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. अरूण कुमार सिंह झा, सुखदेव व सुशील ने विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम के पहले दिन 60 छात्र-छात्राओं ने कृमि नाशक दवा अल्बेंडाजोल की खुराक ली।

# डीएमएफटी से स्वीकृत योजनाओं का डीसी ने किया निरीक्षण

### 10 अक्टूबर तक कार्य को पूरा करने का दिया निर्देश

### बरही और पदमा में कई निर्माणाधीन कार्यों का लिया जायजा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

बरही। डीएमएफटी मद से स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन व प्रगति को लेकर बुधवार को उपायुक्त नैंसी सहाय ने बरही व पदमा प्रखंड का दौरा कर विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। उपायुक्त के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने सर्वप्रथम प्लस 2 हाई स्कूल चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया। विद्यालय में लगभग तीन करोड़ रुपए की लागत से अतिरिक्त वर्ग कक्ष, चाहरदिवारी, पेभर ब्लॉक, वर्ग कक्षों की मरम्मती, शौचालय निर्माण आदि कार्य कराया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने स्थल पर उपस्थित संवेदक को सभी निर्माण संबंधी कार्य में गति व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए 10 अक्टूबर तक कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त बरहीडीह-1 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरिक्षण किया। उ

न्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में साफ सफाई एवं विभिन्न पंजियों के व्यवस्थित संधारण में घोर अभाव के कारण खासी नाराजगी जताते हुए उपस्थित महिला पर्यवेक्षिका, सेविका एवं सहायिका को कड़ी चेतावनी देते हुए महिला पर्यवेक्षिका के वेतन पर अगले आदेश तक रोक लगाने का निर्देश दिया।

### मरीजों की परेशानियों से डॉ ज्ञानी ने कराया अवगत

**बरही।** उपायुक्त नैंसी सहाय व उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने अनुमंडलीय अस्पताल बरही का औचक निरीक्षण करते हुए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों के साथ किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उपायुक्त व डीडीसी ने एक्स-रे रूम, ओपीडी, एमटीसी, लेबर रुम का भी निरीक्षण किया। उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने उपायुक्त व उपविकास आयुक्त को अस्पताल की व्यवस्था से अवगत कराते हुए बताया कि अस्पताल में महिला चिकित्सक, सर्जन समेत एनेस्थीसिया से सम्बंधित कोई चिकित्सक नही है। जिसके कारण पिछले कुछ दिनों से सिजेरियन व ऑपरेशन से सम्बंधित कोई भी कार्य नही हो रहा है और मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने उपायुक्त से अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति व संसाधन की कमी को पूरा करने की बात रखी।

# भू-माफियाओं से सांठगांठ के आरोप में दो दारोगा निलंबित

- बासल थाना प्रभारी आर्यन और रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर श्याम नंदन सिंह नपे
- डीसी के तल्ख तेवर पर 24 घंटे में एसपी ने की कार्रवाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** भू-माफियाओं के साथ सांठगांठ मामले में एसपी ने दो दारोगा को निलंबित कर दिया है। इनमें बासल थाना प्रभारी विकास आर्यन और रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर श्याम नंदन सिंह हैं। दोनों 18 सितंबर को मरार मौजा के खाता नंबर एक प्लॉट नंबर 1423 की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के लिए गए हुए थे। इसकी पुष्टि एसडीओ और सीडीपीओ की जांच रिपोर्ट से हो गई है। एसपी पीयूष पांडे ने जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की है। डीसी के तल्ख तेवर पर 24 घंटे में कार्रवाई सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की सूचना पर डीसी चंदन कुमार ने सख्त रवैया अपनाया था। उन्होंने तत्काल इस मामले में जांच करने का आदेश एसडीओ को दिया। साथ ही सपा से भी जांच रिपोर्ट मांगी। उनके कड़े तेवर देखकर अधिकारी आनन-फानन में सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण हो रहे स्थल की जांच की और इसकी जांच रिपोर्ट भी सौंप दी। 24 घंटे के अंदर ही यह स्पष्ट हो गया कि जीम लैंड पर अवैध कब्जा किया जा रहा था। अब इसकी जांच हो रही है कि उस सरकारी जमीन पर किस नाम से जमाबंदी कायम है। यदि वह जमाबंदी भी फर्जी निकला तो उसे भी रद्द करने का आदेश जल्द निकल जाएगा।

### जयंत सिन्हा को वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति का अध्यक्ष किया गया नियुक्त

हजारीबाग। सांसद जयंत सिन्हा को लगातार पांचवीं बार लोकसभा की वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हजारीबाग स्थित भाजपा कार्यालय अटल सेवा केंद्र में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। भाजपा नेताओं ने बताया कि जयंत सिन्हा को वर्ष 2023 व 2022 में भी सर्वश्रेष्ठ सांसद और उनकी अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वक्षेष्ठ समिति के रूप में चुना गया था। उनके नेतृत्व वाली वित्त समिति महत्वपूर्ण विषयों पर रिपोर्ट प्रस्तुत करती है, जिसके आधार पर केंद्र सरकार की नीति बनती है। यह समिति वित्त मंत्रालय से जुड़े विधेयकों का अध्यन्न करती है और समिति के सुझावों के आधार पर केंद्र सरकार संशोधनों को सदन में लाती है, जिससे देश का कानून बनता है। उनकी अध्यक्षता वाली समिति देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

# जबरा में सहिया चयन मामले में नया बखेड़ा

### जांच प्रभारी डॉ एसके राजन ने अपने ही रिपोर्ट को पलटा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दारू (हजारीबाग )।** दारु पंचायत के जबरा में सहिया चयन विवाद के मामले में नया बखेड़ा खड़ा हो गया है जिसमें जांच प्रभारी बनकर आए डॉ एस के राजन पर अपने ही रिपोर्ट को पलट देने का आरोप लगा है। सहिया पद पर मधु कुमारी पति प्रदीप कुमार रवि का चयन हुआ था। इस चयन की प्रक्रिया को मुखिया सुनील कुमार और सहिया पद पर दवा करने वाली एक अन्य उम्मीदवार तारा देवी पति अशोक कुमार ने चूनौती दी थी। इनके आवेदन पर सिविल सर्जन एसपी सिंह ने फिर से ग्राम सभा कराने के लिए एक तीन सदस्यीय टीम को जिम्मा दिया जिसमे डॉक्टर एसके राजन, एसटीसी सज्जन सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक मुकेश कुमार और डॉक्टर सुभाष कुमार शामिल थे। पंचायत भवन दारू में दोबारा एक ग्राम सभा की गई जिसमे डॉक्टर सुभाष कुमार को छोड़कर सभी लोग मौजूद थे। ग्राम सभा मे ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में मधु कुमारी का चयन करने पर सहमति जताई और कहा की पूर्व में जो चयन हुआ है वो बिलकुल सही है। जांच टीम ने भी मधु कुमारी के चयन की प्रक्रिया को सही ठहराया। एसके राजन ने इस बारे में पंचायत भवन के बाहर आकर मीडिया को इसकी विधिवत जानकारी दी गई जिसे विभिन्न अखबारों में प्रकाशित किया था। इस मामले मैं नया मोड़ कब आया जब सहिया के पद पर चयनित मधु कुमारी को यह जानकारी मिली डॉ एसके राजन की टीम ने सिविल सर्जन हजारीबाग को जो रिपोर्ट जमा किया है उसमें ग्राम सभा को त्रुटिपूर्ण बताते हुए इसे फिर से करने की अनुशंसा की है । टीम के अनुशंसा के बाद सिविल सर्जन ने ग्राम सभा को रद्द करने की चिट्ठी जारी कर दिया। मामले की जानकारी होने के बाद हैरान परेशान मधु कुमारी और उनके परिजन सिविल सर्जन और चिकित्सक से मिलने पहुंचे जहां उन्हें दो टुक बता दिया गया कि ग्राम सभा त्रुटिपूर्ण हुआ है ।

इस बारे में मधु कुमारी ने पंचायत के मुखिया सुनील कुमार और सिविल सर्जन एसके राजन पर पैसा लेकर रिपोर्ट बदल देने का आरोप लगाया है इस मामले में जिले की उपायुक्त, सिविल सर्जन हजारीबाग ,प्रखंड विकास पदाधिकारी दारू सहित कई अन्य अधिकारियों को आवेदन सौंप कर इस मामले की जांच करने और दोषी पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस सम्बन्ध मे डॉक्टर ऐसके राजन का पक्ष लेने के लिए उनसे सम्पर्क करने का प्रयास किया गया पर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। मुखिया सुनील कुमार का कहना है की उन्हे इस तरह की रिपोर्ट दिये जाने की जानकारी नहीं है।मधु कुमारी की सास पहले से हि सहिया है और अब उनकी बहु इस पद के लिए दावा कर रही है जिसका उन्होंने विरोध किया था ।

# सभी प्रखंडों में आधार सेवा केंद्र खोलें : डीसी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यपालक दंडाधिकारी सह स्थापना उप समाहर्ता सीमा आईंद ने बताया कि जिले में कुल 85 आधार केंद्र संचालित है जिनमे पिछले 30 दिनों में आधार पंजीकरण व सुधार हेतु कुल 27000 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें 1613 नए आधार के निर्माण हेतु एवं शेष आधार कार्ड में सुधार हेतु आवेदकों द्वारा आवेदन दिया गया है । जिस पर उपायुक्त ने आधार कार्ड में किसी प्रकार के सुधार व जानकारी अध्यतन करने से संबंधित आवेदनों को एक सप्ताह के अंदर अलग-अलग कारणों के हिसाब से सूचीबद्ध करते हुए उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही सीएससी एवं ई-गवर्नेंस के प्रतिनिधि प्रशांत कुमार के द्वारा सभी प्रखंडों में आधार सेवा केंद्र की स्थापना हेतु प्रस्ताव उपायुक्त के समक्ष रखा गया जिसपर उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखंडों में आधार सेवा केंद्र खोलने हेतु स्थल चिन्हित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

## एस्पायर के छात्र अभिषेक बना सहायक टेक्नीशियन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एस्पायर कोचिंग सेंटर के छात्र ने रेलवे द्वारा अयोजित परीक्षा में सफलता का परचम लहराकर अपने संस्थान, क्षेत्र व माता- पिता का नाम रौशन किया है। छात्र की सफलता पर बुधवार को संस्थान में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें संस्थान के निदेशक रत्नेश कुमार ने सफल छात्र अभिषेक कुमार को उपहार देकर सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रत्नेश कुमार ने बताया कि पटेलनगर भुरकुंडा निवासी विनोद कुमार के पुत्र अभिषेक कुमार का रेलवे वर्कशॉप जमालपुर में सहायक टेक्नीशियन पद पर अंतिम रूप से चयन हुआ है। श्री कुमार ने कहा कि जो भी व्यक्ति मेहनत की ऊंगली थामते हैं वे हमेशा अपने मंजिल को पाते हैं। उन्होंने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है, गुरूओं के मार्ग-दर्शन में लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाए तो सफलता जरूर मिलती है। निदेशक ने कहा कि छात्र-छात्राओं की सफलता ही एस्पायर कोचिंग की पहचान और उद्देश्य भी है। अभिषेक की सफलता पर शिक्षक नितेश सिंह, प्रमोद वर्मा, राकेश सिंह, अभिषेक मिश्रा, सचिन कुमार, अमित कुमार, रजत कुमार, रोहित कुमार, नितेश मिश्रा, संजीत कुमार, राहुल कुमार, बृजेश, नीरज, विक्रांत, सहित दर्जनों विद्यार्थियों ने बधाई दी।

# बीस-सूत्री की बैठक में आवास निर्माण का मामला उठा

**संपन्न लोगों को एक ही घर में दो दो आवास दिये जाने का मामला छाया**
**अगस्त के राशन उठाव के बाद भी अनाज वितरण नहीं होने पर हुई चर्चा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमसांडी (हजारीबाग) ।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बुधवार को हुई बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक में आवास निर्माण में बरती गई अनियमितता और अगस्त माह में राशन उठाव के बावजूद डीलरों द्वारा अनाज वितरण नही किए जाने का मुद्दा छाया रहा। बैठक की अध्यक्षता बीससूत्री अध्यक्ष सरयू यादव ने किया। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से ली गई। बैठक में बीससूत्री सदस्य राजा मोहम्मद ने कहा कि छह माह बीत जाने के बावजूद सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई आवास निर्माण की लिखित जानकारी प्रखंड कार्यालय द्वारा नही दी गई। जबकि प्रखंड कार्यालय में नौ हजार की राशि जमा कर रसीद की भी प्रप्ति की जा चुकी है। बैठक में बीससूत्री सदस्य राजा मोहम्मद द्वारा खुटरा सहित प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में अयोग्य एव संपन्न लोगों को आवास मुहैय्या कराए जाने की भी बात रखी गई। बीससूत्री अध्यक्ष सरयू यादव ने कहा कि अगस्त के राशन उठाव के बाद भी लभार्थियों के बीच डीलरों द्वारा अनाज वितरण नही किया गया है, जिसकी जांच की जाएगी। बैठक में वन विभाग, पुलिस विभाग व पीएचईडी विभाग के प्रतिनिधियों के लगातार अनुपस्थिति पर घोर नाराजगी जताई गई और शो-कॉज के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पशु, कल्याण, विद्युत, मनरेगा आदि विभागों के अधिकारियों व प्रतिनिधियों द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। बैठक में बीससूत्री उपाध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, राजा मोहम्मद, नईम राही, बाबर अंसारी, शंभु यादव, रामानुज सिंह आदि सदस्यों सहित अधिकारियों व विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों में बीडीओ वेदवंती कुमारी, सीओ अनिल कुमार, प्रभारी चिकित्सक डॉ. भूषण राणा, बीईईओ नागदेव यादव, एमओ शौकत सरवर, टीवीओ डॉ. मजहरुल हसन, बीएओ अनिराम महतो, बीटीएम अनिकेत टुडुवार, एमटीएस सुरेन्द्र कुमार, रामचंद्र यादव, बीपीओ गोपाल कुमार, जेएसएलपीस के बीपीओ एफआई सुधीर कुमार गुप्ता व रविशंकर बर्नवाल, रिंकू कुमार, बिट्टू कुमार, सहायक मो. शौकत अली, शोभा पांडेय,गजाधर साव, विद्युत विभाग के मुमताज शाह आलम सहित प्रखंडकर्मी व अंचलकर्मी मौजूद थे।

## एक नजर में

### बॉटलिंग प्लांट के कर्मियों ने दिया धरना

**बरही।** बरही में संचालित रियाडा जियाडा में एचपीसीएल बॉटलिंग प्लांट के कर्मी दो दिनों से अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे है। जिसे लेकर कर्मियों ने अपनी मांगो से अवगत करवाते हुए एचपीसीएल बॉटलिंग प्लांट के डीजीएम को लिखित ज्ञापन दिया है। उन्होंने लिखित ज्ञापन देते हुए कर्मियों का हाजिरी कार्ड वर्करों को नहीं देने की बात कही। साथ ही कार्य 8 घंटे से अधिक कराया जा रहा है और उसका ओवर टाइम का पेमेंट भी नहीं दिया जाता है, किसी भी प्रकार का राष्ट्रीय अवकाश का पैसा नहीं दिया जाता है, अभी तक पे स्लिप हमलोगो को नही दिया जा रहा है, मजदूरों को कार्य के हिसाब से पद नहीं दिया गया है और पद के हिसाब से पैसा भी नही दिया जा रहा है। आपटू के जिला सचिव विजय पासवान ने एचपीसीएल के पदाधिकारियों को एक दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर एक दिनों के अंदर बॉटलिंग प्लांट में कार्य कर रहे कर्मियों के साथ वार्ता कर उनके मांग और समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है तो हम लोग यहां पर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ जाएंगे। मौके पर मिथुन कुमार, सरवन कुमार, धीरज कुमार सिंह, विशाल कुमार सिंह, रिपु दुबे, रोहित सिंह, सुनील कुमार सहित दर्जनों कर्मी मौजूद थे।

### डहरभंगा पंचायत में वार्षिक महिला सम्मेलन

**टाटीझरिया।** डहरभंगा पंचायत भवन में नारी शक्ति अजीविका महिला संकूल संगठन स्वाबलंबी सहकारिता समिति लिमिटेड डहरभंगा टाटीझरिया के बैनर तले वार्षिक आम सभा महिला सम्मेलन का उद्घाटन प्रज्जवलित कर टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल, बीस सुत्री अध्यक्ष रवि सिंह,मुखिया रेखा देवी,सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक,कैलाशपति सिंह,विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र यादव,समाजसेवी लालमोहन महतो ने किया।वार्षिक आम सभा में संकुल स्तरीय लेखापाल सीमा देवी ने एक वर्ष का आय-व्यय सभी सदस्यों के सामने रखा। संकुल संगठन में 175 समुह है जिसमें 9 समुह प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी है। अतिथियों ने कहा कि समाज को सुधारने में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। सभी मेहनत करके आगे बढें जहां हमलोगों की जरूरत पड़ी हमलोग सहयोग करने के लिए तैयार है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज कुमार,विजय कुमार,धर्मवीर कुमार,शिवेश पांडेय,सचिव डेगनी देवी,कोषाध्यक्ष रूबेना खातुन,कौशल्या देवी,पार्वती देवी,बिना देवी,बैंक सखी आशा देवी,लिपी देवी,रूपा देवी,शांति देवी,अनिता देवी,गुड़िया देवी,सोनम देवी,नासिमा,प्रमीला देवी,मिना देवी समेत डहरभंगा और बेडम पंचायत के महिला समूह के सदस्य शामिल थे।

### वन विभाग ने बालू लदे 9 ट्रैक्टर किया जब्त

**बड़कागांव।** अवैध बालू उत्खनन एवं कारोबार को लेकर पश्चिमी वन प्रमंडल एसीएफ ए के परमार एवं बड़कागांव वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह के नेतृत्व में वन विभाग ने बुधवार अहले सुबह 3:00 बजे सघन छापेमारी की । छापेमारी में रजहर जंगल में छिपा कर रखे गए अवैध बालू लदे 9 ट्रैक्टर जब्त किया गया है। सभी ट्रैक्टर को हजारीबाग वन क्षेत्र कार्यालय लाकर सभी वाहन मालिक पर मामला दर्ज किया गया है। रेंजर कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि वन विभाग के द्वारा हो रही छापेमारी की सूचना मिलते ही बड़कागांव से हजारीबाग बालू ले जा रहे लोगों ने जंगल में ही ट्रैक्टर को छुपा रखा था। बालू माफियाओं के द्वारा जंगलों के नदियों से निरंतर अवैध रूप से बालू उत्खनन एवं कारोबार किया जा रहा था जिससे सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पूरे देश में 15 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक एनजीटी लागू है। नदियों से बालू का खनन कर कारोबार करना गैरकानूनी है।

### जीवन जीने की कला सिखाते हैं गणपति : आचार्य

**चरही।** भगवान गणेश हमें कई शिक्षाएं प्रदान करते हैं। गणपति भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र हैं ।और स्वयं महादेव ने गणेश जी को किसी भी शुभ कार्य में प्रथम पूज्य होने का आशीर्वाद प्रदान किया है। उक्त बातें कोयलांचल नगरी चरही में जय श्री राम क्लब के तत्वाधान में आयोजित 9 दिवसीय श्री गणेश पूजा महोत्सव के दूसरे दिन भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य चेतन पांडेय ने कहा कि भगवान श्री गणेश प्रथम आराध्य देव हैं। उन्हें एक विशिष्ट स्थान प्राप्त है। कोई भी धार्मिक उत्सव हो, यज्ञ, पूजन इत्यादि सत्कर्म हो या फिर विवाहोत्सव हो गणेश जी की पूजा सबसे पहले की जाती है।भगवान शंकर ने गणपति को गज मुख प्रदान किया है। भगवान गणेश का गज मुख को स्वीकार करना भी एक अद्भुत लीला है। उनके गजमुख से विशेष शिक्षा प्राप्त होती है।। पूजा को सफल बनाने में पूजा समिति के अध्यक्ष प्रकाश सिंह, सचिव बिनोद ठाकुर, उपाध्यक्ष गौतम सोनी, उपसचिव संतोष कुमार दास, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार साहू, उप कोषाध्यक्ष सिंटू वर्मा, पूजा प्रभारी शिवानंद तिवारी, शंकर सोनी, राकेश मिश्रा, राजेश मिश्रा, शशि सिंह, भंडारा प्रभारी रवि मिश्रा, गौतम सिंह, मनीष वर्णवाल सहित अन्य लोग पूजा को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

### बड़कागांव में श्रद्धा के साथ हुयी गणेश पूजा

**बड़कागांव।** डेली मार्केट स्थित सार्वजनिक श्री गणपति पूजा पंडाल एवं बादाम में श्री गणेश पूजा पंडाल में मंगलवार देर शाम को पूरे भक्तिभाव व श्रद्धा के साथ गणेश पूजा मनाया गया। पूजा पंडाल में आजसू केंद्रीय महासचिव सह बड़कागाँव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी पहुंचकर गणपति भगवान से आशीर्वाद लिया,साथ ही विधानसभा क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि बने रहने के लिए गणपति बप्पा से मनोकामना किया। उन्होंने कहा कि देवताओं में सबसे पहले भगवान श्री गणेश की पूजा की जाती है और मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ कि मैं यहां आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचा हूं। मौके पर आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा , सचिव मनोज कुशवाहा दांगी,तपेश्वर कुमार तापस, रवि कुमार,विनोद राम,पूजा समिति अध्यक्ष विक्रम सोनी ,सचिव गौतम वर्मा,कृष्ण सिंह,पिंटू गुप्ता,कुणाल चौरसिया,इंग्लिश सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### विधायक ने किया जल नल योजना का शिलान्यास

**पदमा।** कुट्टीपीसी पंचायत अंतर्गत ग्राम नावाडीह चौक पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार के जीवन मिशन योजना अंतर्गत सोलर आधारित एकल ग्रामीण जलापूर्ति जल नल योजना का शिलान्यास बरही विधायक सह सभापति निवेदन समिति उमाशंकर अकेला यादव, कुट्टी पीसी पंचायत मुखिया सविता देवी, जिप सदस्य बसंत नारायण मेहता, पदमा प्रखंड विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता, ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर योजना का शिलान्यास किया, योजना का कार्य रजकोंन बिल्ड हजारीबाग द्वारा किया जाएगा। विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि इस पंचायत के विकास के लिए विकास के लिए हमने अनेक काम किए किया है। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर मेहता, उप मुखिया रेणु देवी, अशोक केसरी, विधायक प्रतिनिधि प्रखंड सह अंचल विजय रविदास, राजकुमार दास, मनोज मेहता, अयोध्या मेहता, रामचरित्र मेहता, प्रभु मेहता, मुखिया प्रतिनिधि विजय मेहता, टिकेश्वर मेहता समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### सीओ मोतीलाल हेंब्रम ने संभाला कामकाज

**पदमा ।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बुधवार को सीओ मोतीलाल हेंब्रम ने पदभार ग्रहण किया एवं निवर्तमान अंचलाधिकारी मोहम्मद मोजहिद अंसारी की विदाई दी गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार, सहित प्रखंड एवं अंचल के सभी कर्मी उपस्थित थे।

### रिक्त पड़े पंचायत सदस्यों का जल्द होगा चुनाव

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ में दो पंचायतों के खाली पड़े ग्राम पंचायत सदस्य के पद को लेकर चुनावी प्रकिया की कवायद शुरू हो गई है । विष्णुगढ़ प्रखंड में कुल 312 वार्ड है ,जिसमें तीन वार्ड में ग्राम पंचायत सदस्य के स्थान रिक्त है` प्रखंड के भेलवारा में एक वार्ड जिसमें अनुसुचित जाति व महिला के लिए आरक्षित है व नरकी के दो वार्ड जहां महिला व अनुसुचित जनजाति के लिए आरक्षीत है` उक्त सिट के लिए गत वर्ष त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उम्मीदवारों द्वारा चुनावी प्रक्रिया के बाबत नॉमिनेशन किया गया था, लेकिन इन वार्डों में उम्मीदवारों की उम्मीदवारी कास्ट सर्टिफिकेट के अभाव में रिजेक्ट हो गई थीं` जिसके कारण उक्त वार्ड में पद रिक्त रह गए थे।







# औघड़ भगवान राम: अध्यात्म के आधार स्तंभ



नवीन कुमार

**एक औघड़ लीक से हटकर: औघड़ संत अवधूत भगवान राम जी का जीवन परिचय**

आध्यात्मिक दृष्टि से पूरी दुनिया में भारत की विशिष्ट पहचान रही है. आदिकाल से भारत की भूमि पर ऐसे-ऐसे महान तपस्वी, ऋषि-मुनि, साधु, संत, महात्मा का अवतरण हुआ, जिन्होंने पूरे मानव समाज को नयी दिशा दिखायी। जीने की राह बतायी। ऐसे ही महान सिद्ध संतों में एक प्रमुख नाम है-अघोरेश्वर भगवान रामजी का। आजीवन गरीबों, शोषितों, पीड़ितों, असहायों, दलितों व कुष्ठियों की सेवा में तल्लीन अघोरेश्वर भगवान रामजी को 29 नवंबर, 1992 को अमेरिका में महानिर्वाण प्राप्त हुआ। प्राचीन औघड़ या अघोर परंपरा में उत्तर भारत के प्रसिद्ध चमत्कारी औघड़ बाबा कीनाराम ने यौगिक साधनाओं के माध्यम से जिस प्रकार सामाजिक सेवा, समाज-सुधार का प्रयत्न और अघोर मत को समाज से जोड़ने की प्रक्रिया का सूत्रपात किया, उसे शिखर पर ले जाने का कार्य किया अघोरेश्वर भगवान राम जी ने।

**घोर से अघोर :** इनका जन्म 12 सितंबर, 1937 में बिहार के भोजपुर जिले के गुंडी ग्राम में हुआ। सात वर्ष की अवस्था होते-होते बालक भगवान ने घर छोड़ दिया। गांव के बाहर अपने खेत में कुटीया बनाकर रहने लगे। मांगकर भोजन करते। कुछ दिनों के बाद गांव भी छोड़ दिया और विरक्त होकर ब्रह्म की तलाश में निकल पड़े। बाल्यावस्था में ही उन्होंने संपूर्ण भारत का पैदल भ्रमण किया और घोर साधना कर अघोर हो गये। महर्षि शुकदेव के बाद बालपन में ही कठोर साधना का उदाहरण अघोरेश्वर भगवान रामजी का ही मिलता है। अघोरेश्वर भगवान रामजी की सार्वजनिक ख्याति 1950-51 में तब हुई, जब मात्र 15 वर्ष की उम्र में सकलडीहा में रुद्रयज्ञ का आयोजन किया।

उसके पूर्व उन्होंने वहां से निकट ही महड़ौरा श्मशान में घोर साधना की थी। ऐसा समझा जाता है कि पूर्ण अघोर सिद्धि वहीं प्राप्त की। उस समय बाबा के निकट जानेवालों को अद्भुत चमत्कारों के दर्शन होते थे।

**क्रीं-कुंड में दीक्षा :** अघोरेश्वर भगवान रामजी ने लगभग 13 वर्ष की अवस्था में अघोर पीठ क्रीं-कुंड, वाराणसी के तत्कालीन पीठाधीश्वर बाबा राजेश्वर रामजी से अघोर दीक्षा ली। अघोरेश्वर महाप्रभु ने नेपाल, अफगानिस्तान, ईरान, इराक, सऊदी अरब, मैक्सिको तथा अमेरिका की यात्रएं कीं, किंतु आपकी यात्र का उद्देश्य न तो विदेशों में शिष्यों की भीड़ एकत्र करना था और न धन संग्रह।


सभी सदस्यों एवं श्रद्धालुओं को सूचित किया जाता है कि आगामी दिनांक 21.09.2023 (दिन–गुरूवार)को श्री सर्वेश्वरी समूह का ६३वीं स्थापना दिवस एवं परम् पूज्य अघोराचार्य बाबा कीना राम जी की जन्म षष्ठी अर्थात "लोलार्क षष्ठी" (भाद्रपद शुक्लपक्ष षष्ठी) पर्व तथा आगामी दिनांक 22.09.2023 (दिन शुक्रवार) परम् पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी का ८७वीं जयन्ती (भाद्रपद शुक्लपक्ष सप्तमी) पर्व प्रधान कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार भक्तिमय वातावरण में श्रद्धापूर्वक मनाया जाना सुनिश्चित हुआ है।

कार्यक्रम

"श्री सर्वेश्वरी समूह स्थापना दिवस" एवं "लोलार्क षष्ठी पर्व" दिनांक 21.09.2023 (दिन गुरूवार)

| | |
|---|---|
| प्रातः 5.30 | _प्रभात फेरी (आश्रम परिसर से बिरसा चौक तथा वापसी) |
| प्रातः 6.30 से 07.30 | _सफाई एवं श्रमदान |
| प्रातः 7.30 से 09.30 | _गुरू पूजन, ध्वज पूजन, अघोराचार्य बाबा कीना राम जी के चित्र पर माल्यार्पण, "सफल योनि सदग्रंथ" का पाठ, पूजन–आरती, तथा प्रसाद वितरण |
| प्रातः 10.00 बजे से | _विचार गोष्ठी एवं छोटे बच्चों का कविता पाठ |
| दिन 01.30 बजे से 03.30 | _दोपहर का सामूहिक प्रसाद वितरण |
| अपराह्ण 03.00 बजे से 05.00बजे तक | _अघोरान्ना परो मंत्र:, नास्ति तत्वं गुरोः परम् का संकीर्तन |

(अपराह्ण काल मे धार्मिक स्थलों मे झाडू वितरण)

"अघोरेश्वर जयन्ती पर्व" दिनांक 22.09.2023 (दिन शुक्रवार)

| | |
|---|---|
| प्रातः 6.00 बजे | _प्रभात फेरी |
| प्रातः 7.00 से 07.30 | _सफाई एवं श्रमदान |
| प्रातः 8.30 से 09.30 | _परम् पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण "सफल योनि सदग्रंथ" का पाठ, पूजन–आरती, तथा प्रसाद वितरण |
| प्रातः 10.30 बजे से | _युवा विचार गोष्ठी |
| दिन 12.30 बजे से | _दोपहर का सामूहिक प्रसाद वितरण |
| अपराह्ण 03.00 बजे से 05.00बजे तक | _अघोरान्ना परो मंत्र:, नास्ति तत्वं गुरोः परम् का संकीर्तन |

(अपराह्ण काल में जरूरतमंदों के बीच फल वितरण)

(निवेदक:– शाखा मंत्री, श्री सर्वेश्वरी समूह, शाखा राँची, अघोर पथ, किशोरगंज चौक के नजदीक, राँची)

आडंबरविहीन इन यात्राओं में अघोरेश्वर ने वहां के अघोर सिद्धों तथा सिद्धपीठों से संपर्क स्थापित किये। अघोर साधक हर देश में हैं, भले ही उनके नामों में भिन्नता है। अपनी सिद्धियों की शक्ति से ये संत अपनी-अपनी जगह पर रहते हुए भी आपस में संपर्क बनाये रखते हैं किंतु अघोरेश्वर भगवान राम ने प्रत्यक्ष संपर्क की दिशा में पहल की।

**औघड़ों के प्रति श्रद्धा जगायी :** देश-काल की आवश्यकता के अनुसार प्राचीन औघड़-संतों ने देश और समाज के सामने जो उग्र रूप प्रस्तुत किया था, उससे लोगों के मन में अघोर पथ के प्रति अनेक भ्रांत धारणाएं उत्पन्न हो गयी थीं। ह्यऔघड़ह्ण शब्द से भय का वातावरण उत्पन्न हो जाता है। अघोरेश्वर भगवान राम ने देश-काल को देखते हुए समाज के सामने ऐसा आदर्श उपस्थित किया, जिससे अब तक फैली भ्रांतियां समाप्त हो गयी। अन्य मतों की तरह अघोर मत भी विभिन्न तरह के मिथ्यावादी प्रदर्शन व आडंबर स्वरूप में देखा जा रहा था। वजनाओं और शास्त्रीय मतवादों के अभाव में यह मत विभिन्न प्रकार की विसंगतियों से घिर चुका था। अघोर मत व परंपरा को रूढ़ियों से मुक्त कराने और आधुनिक प्रगतिशील स्वरूप देने का श्रेय बीसवीं सदी के अघोर संतों में भगवान अघोरेश्वर रामजी को जाता है। भय की जगह लोगों के मन में औघड़ों के प्रति श्रद्धा का भाव पैदा हो पाया। स्वयं विधि और निषेध से परे अघोरेश्वर ने मद्य का सेवन न केवल स्वयं पूर्णतया बंद कर दिया, वरन् अपने शिष्यों एवं भक्तों को भी उससे दूर रहने का आदेश दिया। उनके आश्रमों में मद्यपान वर्जित है।

**पांडित्यपूर्ण प्रवचन नहीं, दिया व्यावहारिक ज्ञान**

अन्य महात्माओं और विद्वानों की तरह अघोरेश्वर ने अध्यात्म और दर्शन के गूढ़ तत्वों पर पांडित्यपूर्ण प्रवचन नहीं किया, जो किसी के पल्ले नहीं पड़ते। उन्होंने व्यावहारिक रूप से किये जानेवाले कार्यों पर सरल और सामान्य ढंग से प्रकाश डाला है। अघोरेश्वर ही एकमात्र ऐसे संत है, जो समारोहों में, विशेषकर महिलाओं के आयोजनों में यह चेतावनी बार-बार देते रहे कि बिना आवश्यकता के अथवा आवश्यकता से अधिक किसी वस्तु की खरीद न करें। इसी प्रकार दहेज-प्रथा को आसुरी बताते हुए अघोरेश्वर का कहना था कि क्रय-विक्रय और तिलक-दहेज द्वारा जो विवाह संपन्न होते हैं, उनकी भार्या मैथुन के लिए होती है। क्रीड़ा और मनोरंजन के लिए होती है। उससे जन्मी संतान अर्थ को प्रधानता देती है। धर्म की प्रधानता उसमें कभी नहीं हो पाती। तिलक-दहेज रूपी क्रय-विक्रय के चलते मनुष्य, मनुष्य नहीं रह जाता। तिलक-दहेज के उन्मूलन के लिए अघोरेश्वर ने एक अत्यंत सामान्य पद्धति विवाह के लिए दी है, जिसकी ओर लोगों का आकर्षण तेजी से बढ़ता जा रहा है। अघोरेश्वर भगवान रामजी का कहना है कि अपना कुकृत्य ही भूत है, जो सदा मन को पीड़ा पहुंचाता रहता है। भूत की चिंता छोड़ो। भविष्य में उस गलती को न दुहराने का निश्चय करो।

**श्री सर्वेश्वरी समूह की स्थापना :** अघोरेश्वर भगवान रामजी ने साधना की चरमस्थिति को पार कर जो कुछ संग्रह किया, उसका वितरण दलित, पीड़ित और शोषित मानवता के लिए मुक्त हस्त से किया। इसी उद्देश्य से सन् 1961 में जब वे मात्र 24 वर्ष के थे, बाबा भगवान राम ट्रस्ट और श्री सर्वेश्वरी समूह की स्थापना की, जिसकी 130 शाखाएं आज देश के कोने-कोने तथा विदेशों में सक्रिय हैं। समूह की ओर से वाराणसी में पड़ाव स्थित उसके प्रधान कार्यालय पर अवधूत भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम की स्थापना 1962 में की गयी, जो कुष्ठ रोगियों की सेवा में लगा हुआ है। कुष्ठ सेवाश्रम की शाखाओं का भी विस्तार होता जा रहा है। यह है अर्जन और वितरण का एक अनूठा आदर्श। अघोरेश्वर ने समूह को निरंतर सक्रिय रखने के लिए एक उन्नीस सूत्रीय कार्यक्रम दिया, जिनके अंतर्गत अब तक लाखों पीड़ितों की सहायता की जा चुकी है।

# तू कुछ मत बन, सिर्फ मनुष्य बन जा: भगवान संत अधोरेश्वर राम

## एक औघड़ लीक से हटकर

**ऐसे थे महान संत अघोरेश्वर भगवान राम**

भारत में साधु, संतों, फकीरों, सूफियों व ऋषीमुनियों की सुदीर्घ व समृद्ध परम्परा है। देश काल और समय के अनुसार समाज व संसार को दिशा, मार्गदर्शन, पवित्र विचार और संदेश देकर चले गए।

सच्चे साधु संत विरले ही होते हैं। 20 वीं शताब्दी में एक ऐसे ही विरले, महान औघड़ संत अघोरेश्वर भगवान राम जी का अवतरण भाद्र शुक्ल सप्तमी रविवार संवत 1994 (12 सितंबर सन 1937) को हुआ। आप अघोराचार्य दत्तात्रेय व बाबा कीनाराम के अवतार माने जाते हैं। आपने अघोर साधना व परम्परा को शमशान से निकालकर तथा पूर्ण नशाबंदी का संकल्प व आव्हान कर इसे समाज , राष्ट्र व विश्व कल्याण के लिए समाज व जन जन से जोड़ने का अद्भुत युगपरिवर्तन का कार्य किया। इसीलिए आपको ह्लएक औघड़ लीक से हटकर के विशेषण से विभूषित किया जाता है।

**मनुष्य ही मनुष्य की जाति है एवं हमारा धर्म मानवता का निर्वाह करना है। प. पू. अघोरेश्वर भगवान राम**

आपने अध्यात्म व धर्म के नाम पर समाज में व्याप्त प्रपंच, पाखंड, आडंबर, कुरीतियों, बुराइयों एवं भ्रांतियों के उन्मूलन और सुंदर, स्वस्थ, सुखी, समृद्ध समाज व राष्ट्र निर्माण के लिए पूरी पवित्रता के साथ सरल सुगम आध्यात्मिक चेतना के विकास का अभियान चलाया। आपने सर्वेश्वरी समूह की स्थापना कर सर्वप्रथम समाज से बहिष्कृत कुष्ठ रोगियों की सेवा का संकल्प लिया। उन्हें आश्रम में रखकर स्वयं अपने हाथों से उनकी सेवा तथा उपचार किया करते थे आज भी यह सेवा कार्य जारी है। ग्रीनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में यह अद्भुत सेवा पुनीत कार्य दर्ज किया गया है।आप सिद्धियों के प्रदर्शन व चमत्कार के सख्त खिलाफ थे।सदैव एक आदर्श मनुष्य बनने की प्रेरणा देते थे। यह उनकी अमृत औघड़ वाणी थी तू कुछ मत बन, सिर्फ मनुष्य बन जा ।








**मानवता ही हमारा धर्म है**

आपने समाज को अध्यात्म का ह्यअघोर ह्ययाने जो कठिन न हो बिल्कुल व्यवहारिक और सरल मार्ग बतलाया। आपने यह संदेश दिया कि - ह्लईश्वर ने कोई जाति, धर्म, समुदाय, भाषा आदि नहीं बनाया है। उसने हमें मनुष्य बना कर मनुष्यता के आचरण निमित्त इस लोक में भेजा है। यथार्थ में हमारी मूल जाति मानव जाति है एवं हमारा धर्म मानवता निर्वाह है।

हम इस जाति पांती में बंटकर, अपनी इंसानियत से अपनी मानवता से बहुत दूर चले जाते हैं। उन भावनाओं को और विचारों को हमें त्याग ही नहीं करना है, उसे पूरी तरह से जान और जी लगाकर उखाड़ फेंकना है।हम मनुष्य हैं। मनुष्य की कोई जाति नहीं है।मनुष्य की मनुष्य ही जाति है।

**सिर्फ मनुष्य बनें; एवं मन, वचन तथा कर्म से मनुष्यता का निर्वाह करें।** हिन्दू, मुस्लिम, सीख, ईसाई, बौद्ध,जैन, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य आदि बनना आसान है; किन्तु सच्चे अर्थ में मनुष्य बनना कठिन है। इस युग तथा काल की पुकार है- कि हम अपनी मौलिक जातिह्ल मनुष्य जाति ह्य को भली भांति पहचानें; एवं सचेत हो कर अपने मौलिक धर्म ह्यमानवताह्ल का निर्वाह करें।

**जाति व्यवस्था के उन्मूलन में सहायक बनो**

हे साधु! आज की परिस्थितियों में मुदित मन से यह स्वीकार कर लेना बहुत बड़ी देन होगी कि- जाति, प्रांत और विभिन्न भाषा भाषी क्षेत्रों के सभी लोग आदर, सम्मान और प्यार के पात्र हैं। नित्य के सभी भेद झ भाव मिटाकर, वर्ण झ व्यवस्था क प्रत्येक वर्ण, प्रत्येक जाति, उपजाति एवं टाट झ भात के लोगों को एक ही हुक्का के अन्तर्गत संगठित कर भाई झ चारा की व्यवस्था देने में धर्म भी सक्षम हो सकता है। चाहे भले ही वे भिन्न झ भिन्न उपास्यों की उपासना करते हों। वे एक ही पुष्पमाला में गूंथे हुए भिन्न झ भिन्न वर्णों की तरह हमारे राष्ट्र एवं समाज के अंग झ स्वरूप ही हैं।ह्व हे साधु! तुम जाति एवं वर्ण के भेद को बिल्कुल नहीं मानो यही तुम्हारा धर्म है।

**शूद्रों की उपेक्षा अवहेलना मत होने दो**

हे साधु वर्गीकरण के अनुसार तो चरणों को शूद्र ही समझा जाता है, किन्तु इस शूद्र का इतना बड़ा महत्व है, तुम्हारे शास्त्रों नेह्ल चरण सेवन ह्य का निर्देश दिया है।तुम जब तक यह समझते रहोगे कि झ यह निर्देश किसी मंदिर की कुंठित मूर्तियों के संदर्भ में, या हाड़ मांस से निर्मित पिंड में बैठे हुए बुद्धिजीवियों के संदर्भ में दिया गया है। तब तक तुम अनभिज्ञ ही बने रहोगे। ऐसा समझना विघटन की प्रवृत्ति को जन्म देता है और विघटन (विलगाव) की ओर खींच ले जाता है। जिस दिन इसे जान और समझ कर अपने को चरणों में प्रतिष्ठित करोगे प्राण को जो हर प्राणी में पाया जाता है, सच्चे अर्थों में जान सकोगे। ऐसा समझना राष्ट्र और समाज हित में है।ह्ल

**शूद्र को शुभ आदर के भाव से देखो**

हे साधु! शूद्र का अर्थ है शुभ आदर। उन्हें आज हम ह्य हरिजन ह्य (भगवान का भक्त) कहते हैं। हमारे वेद पुराण, हमारी आर्य सभ्यता और संस्कृति ने भगवान के भक्तों (हरिजनों) के चरणों को दोनों भुजाओं (क्षत्रिय के द्योतक) को एक साथ बांधकर और मस्तक ( ब्राह्मण के द्योतक) को झुकाकर प्रणाम करने का निर्देश दिया है। जिस किसी के प्रति हम विशेष सम्मान प्रदर्शित करना चाहते हैं, उनके चरणों में करबद्ध होकर, नतमस्तक हो दंडवत या प्रणाम निवेदित करते हैं। हमारे प्रामाणिक धर्म ग्रंथों और सांस्कृतिक विधानों ने इतनी प्रतिष्ठा और सम्मान देकर हरिजनों को प्रतिष्ठित किया है। **(प्रस्तुतिः मुरलीधर)**

# सर्वेश्वरी समूह

## अध्यात्म और सामाजिक विकास को समर्पित संगठन




गुरुजन का पूजन और उनको प्रणाम जितनी दूर से करेंगे .उतना ही अच्छा होगा / इसमें आतुरता का व्यवहार अशोभनीय है / कोई बड़ा से बड़ा कार्य .ईश्वर की अनुभूति भी व्याकुलता से सिद्ध नहीं होगी / शांत चित्त होने पर अपने आप स्फुरण होने लगता है .उसकी दिशा मिलने लगती है / इस तरह चलने पर तत्क्षण सफलता मिलती है /

गुरु और मित्र से तो छल-कपट और चोरी कभी नहीं करनी चाहिए / सुदामा ने एक मुट्ठी चना ही चुराया था,उसी कारन से कृष्ण का सखा होने के बावजूद गरीब रहे / हर वस्तु का अपना एक मूल्य होता है / बिना मूल्य के उसे प्राप्त करना ही छल - कपट है /

यदि आपमें छल भरा है तो गुरु अपने अंतरात्मा की अभिव्यक्ति नहीं करेंगे / वे ईश्वर के मार्ग को प्रकट नहीं करेंगे / आपके आने और आपके दण्डप्रणाम करने के बाद आपको विदा कर देंगे /

---- परम पु बाबा श्री अघोरेश्वर भगवान राम जी








सर्वे श्वरी समूह रांची सहित पूरे देश-विदेश में समाज के हित में पर्यावरण बचाने, रोगों के उपचार, समाज की कुरीतियों से जागरूकता, नशा उन्मूलन, धर्म को कर्म से जोड़कर उसके मूल तत्व का प्रचार करता है।आश्रम का मुख्यालय पड़ाव वाराणसी में स्थित है। रांची स्थित बड़ा तालाब के समीप स्थित आश्रम में प्रतिदिन स्वास्थ्य सेवा का कार्यक्रम संचालित होता रहता है। आज सर्वेश्वरी समूह के स्थापना का वर्षगाठ मनाया जा रहा है जिस पर समाज से जुड़ें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आश्रम में किसी भी धर्म जाति और समुदाय के व्यक्ति का प्रवेश कर सकता है।

## स्पीड न्यूज

### घाघरा पुलिस ने की वाहनों की चेकिंग



**घाघरा।** एसपी के निर्देश पर घाघरा थाना के मुख्य द्वार के समीप पुलिस ने बुधवार को एंटी क्राइम वाहन जांच चलाया। इस क्रम में दो चक्का, चार चक्का समेत दर्जनों वाहनों को रोक रोक कर वाहन से संबंधित कागजात व वाहन के डिक्की खुलवाकर पुलिस ने सघन जांच की। पुलिस ने बताया कि वाहन के कागजात डिक्की खुलवाकर जांच की गयी। मौके पर पुलिस के कई जवान शामिल थे।

### धरना के बाद बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**भरनो।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा गुमला जिला समिति ने विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को भरनो प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। धरना के बाद बीडीओ तेज कुमार हस्सा को प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा। जिससे आंदोलनकारियों ने जेल जाने की बाध्यता को समाप्त कर न्यूनतम 20000 मासिक मानदेय देने, सरकारी कर्मियों द्वारा आम जनों से काम के बदले पैसा वसूली जैसे प्रथा को रोकने, जन वितरण प्रणाली दुकानों में तीन किलो अनाज कटौती पर रोक लगाने, प्रत्येक जिला मुख्यालय में निगरानी विभाग का कार्यालय स्टार्ट करने, प्रखंड में स्थित+2 विद्यालयों में डिग्री कॉलेज का स्नातक की पढ़ाई प्रारंभ करने एवं गुमला जिला को सुखा क्षेत्र घोषित करने की मांग की गयी। धरना में सुनील साहू, मनोज वर्मा सहित कई लोग शामिल थे।

### धरती धन में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**गुमला।** सिसई रोड बाजार टांड़ स्थित धरती धन खाद बीज की दुकान में चोरों ने चोरी कर ली है। घटना की सूचना पर गुमला थाना की पुलिस उक्त दुकान पहुंच मामले की छानबीन की। दुकान संचालक ने गुमला थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। बताया कि दुकान में रखे नकद समेत करीब लाख रुपये की संपत्ति चोरी हुई है। सुबह लोगों ने ताला टूटा देख दुकान उसे जानकारी दी।

### 28 के सम्मेलन को लेकर नुक्कड़ सभा

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल के संयुक्त बैनर पर होनेवाली हालात बदलो संदेश यात्रा के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी के लिए जिले में 21 सितंबर से नुक्कड़ सभा व प्रचार कार्यक्रम शुरू होगी। विदित हो कि हालात बदलो संदेश यात्रा के तहत जिला मुख्यालय गुमला में लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी तेज करते हुए 21 को 1 बजे टोटो बाजारटांड़ व घाघरा प्रखंड के चांदनी चौक में तथा सिसई बाजारटांड़ में नुक्कड़ सभा होगी। वहीं 23 को सिसई प्रखंड के लरंगो बाजारटांड़ में नुक्कड़ सभा होगी। शहीद भगत सिंह की जयंती 28 सितंबर 2023 को होनेवाली सम्मेलन की सफलता के लिए नुक्कड़ सभा, प्रचार इत्यादि कार्यक्रम युद्धस्तर पर किये जायेंगे।

### कुडू अंचल में होगी करीब 40 लाख वसूली

**कुडू।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इससे एक परिवार में एक व्यक्ति को इसका लाभ दिया जाना है। ऐसी सूचना मिल रही है कि एक ही परिवार के एक से अधिक सदस्य इसका लाभ ले रहे हैं, जो सरकारी नियमावली के अनुरूप नहीं है। इसके लिए कुडू अंचल के अयोग्य लाभुकों की कुल संख्या 738 चिह्नित हुई है। चिह्नित अयोग्य लभुकों से कुल 39,26,000 रुपये की वसूली का नोटिस निकल चुका है। जिसमें कुल 6,66,000 रुपये की वसूली कर ली गयी है।

### मंगलवारी महाआरती में उमड़ी भीड़



**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति के नगर अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में जय श्रीराम समिति का हर मोहल्ले के मंदिरों में मंगलवार को हो रहा भव्य महाआरती में सैकड़ों लोग जुट रहे हैं। युवाओं का जोश देख बड़े बुजुर्ग भी खुद को नहीं रोक पा रहे हैं। वहीं महिला शक्ति भी भारी संख्या में शामिल हो रही है। न्यू रोड स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार को आयोजित महाआरती में भक्त आस्था दिखाते हुए शामिल हुए। जय श्री राम जय हनुमान के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर महामंत्री सुशील पटनायक ने कहा- पूरे लोहरदगा जिले में महाआरती को लेकर लोगों में एक नई उत्साह और उमंग दिख पड़ी है। युवा, बड़े, बच्चे, महिलाएं अधिक से अधिक संख्या में मंदिरों में जुट रहे हैं, जो सनातन समाज की एकजुटता को प्रदर्शित करता है। मौके पर जिला, नगर पदाधिकारी, समिति सदस्य समेत सैकड़ों भक्त थे।

### गणेश उत्सव में भक्तिभाव से जुट रहे लोग



**लोहरदगा।** शहर के किस्को मोड़ के समीप देवस्थल में 5 दिवसीय भव्य गणेश उत्सव रखा गया है। जिसके दूसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुरोहित सूरज मिश्रा ने गणेश पूजन के बाद भव्य भंडारा किया गया। गणेश उत्सव समिति के भंडारे में युवा समाजसेवी अजातशत्रु ने सहयोग किया था। इसमें बच्चे, मातृशक्ति, शांति आश्रम के ब्रह्मचारी, शांतिनगर, ब्लॉक कॉलोनी, पतराटोली, कुटमू, नदिया, हरमू, आदर्श नगर, कोर्ट एरिया समेत शहरी क्षेत्र से श्रद्धालु देवस्थल में भगवान गणेश पूजन में आकर दर्शन कर रहे हैं। निरंतर भंडारा और प्रसाद वितरण जारी है। पूजन में समिति की युवा टीम, वरीय सदस्य, मातृ शक्ति, अभिभावकों के साथ विभिन्न संगठनों के समाजसेवी सहयोग कर रहे हैं।

# आदिवासियों का भला नहीं हो रहा, अपनी ही सरकार पर बरसे लोबिन हेंब्रम

## आदिवासी मूलवासियों को उनकी ही जमीन से बेदखल करने की रची जा रही साजिश : सधनु भगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** 17 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति ने बुधवार को उपायुक्त के समक्ष कार्यकारी अध्यक्ष अमर किंडो की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिसमें विधायक सह झारखंड बचाओ मोर्चा के संयोजक लोबिन हेंब्रम, पूर्व मंत्री सधनु भगत, केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो, प्रधान महासचिव कयूम खान, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, उपाध्यक्ष किशोर किस्कू, महासचिव प्रो लाल अजय नाथ शाहदेव, केंद्रीय सचिव अरुण कुमार दुबे, आजम अहमद, इसरार अहमद, संयोजक प्रो विनोद भगत, भुनेश्वर सेनापति, राजकिशोर महतो आदि उपस्थित हुए। मौके पर झामुमो के बोरियो विधायक लोबिन हेब्रंम अपनी ही सरकार और पार्टी नेतृत्व पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि सीएम, बिहारियों से घिरे हुए हैं। ऐसे में उनसे आदिवासियों का भला कैसे संभव होगा? जनता से जिस वादे और संकल्प के साथ वह सत्ता में आये थे, आज उन वादों और संकल्प को भूल गये। अगर यहां के आदिवासी और मूलवासियों के पास जमीन ही नहीं बचेगी, तो वे कहां जायेंगे? कहा कि जब 2019 में चुनाव प्रचार हो रहा था, उस वक्त हेमंत सोरेन ने कहा था कि हमारी सरकार बनेगी तो सीएनटी और एसपीटी एक्ट और पेशा एक्ट को लागू करेंगे, लेकिन सत्ता में आने के बाद उस वादे को भूल गये हैं।

आज आदिवासी मूलवासी समाज अपने ही राज्य में उपेक्षित होता जा रहा है। जल, जंगल और जमीन की लूट जारी है। सीएनटी, एसपीटी एक्ट में संशोधन कर सरकार इसे कमजोर करने में लगी है। आंदोलनकारी एवं झारखंड बचाओ मोर्चा इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। लोबिन ने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री होते हुए भी अब तक न स्थानीय नीति बनी, न नियोजन नीति बनी। साथ ही विस्थापन आयोग का भी गठन नहीं हुआ। सरकार रोजगार देने की बात कह रही है, लेकिन सरकार यह तो बताये कि किस प्रखंड में किस कंपनी में अब तक कितने लोगों को 75 फीसदी नौकरी दी गयी है। उन्होंने कहा कि अभी भी समय है, दोनों कानून को सख्ती के साथ लागू करें।



कार्यक्रम को संबोधित करते लोबीन हेंब्रम व उपस्थित अन्य।

### चुनाव के वक्त स्मार्ट गांव बनाने की बात

लोबिन ने कहा कि हेमंत सोरेन चुनाव के वक्त स्मार्ट गांव बनाने की बात की थी, लेकिन अब वह स्मार्ट सिटी बनाने में लग गए हैं। ऐसे के राज्य की जनता का विश्वास खत्म हो रहा है। झारखंड झारखंड आंदोलनकारी महासभा के अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि झारखंड के राज नेताओं ने झारखंड के आदिवासी मूलवासी जनता की भावनाओं के साथ लगातार खिलवाड़ कर रहे हैं। झारखंड में हमारे शहीदों एवं पुरखों के सपनों को चकनाचूर करते हुए स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं। पूर्व मंत्री सधनू भगत ने कहा कि यहां के महापुरुषों, आंदोलनकारियों ने बलिदान दिया तब सीएनटी व एसपीटी एक्ट बना। जो यहां के लोगों के जल जंगल जमीन का सुरक्षा कवच है। बावजूद इसके जमीन की लूट हो रही है। पूर्व मंत्री श्री भगत ने कहा कि, आदिवासी मुख्यमंत्री होते हुए भी अब तक न स्थानीय नीति बनी, न नियोजन नीति बनी और न ही आंदोलनकारियों के लिए विशेष नीति बनी। आज आंदोलनकारी अपनी पहचान के लिए सड़कों पर भटक रहे हैं। आज आदिवासी मूलवासी समाज अपने ही राज्य में उपेक्षित होता जा रहा है। जल, जंगल और जमीन की लूट जारी है। सीएनटी, एसपीटी एक्ट पालन नहीं हो रहा है। आदिवासी मूलवासियों को उनकी ही जमीन से बेदखल करने की साजिश रची जा रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संबोधित करने वालों में महासचिव कयूम खान, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, उपाध्यक्ष किशोर किस्कू, महासचिव प्रो. लाल अजय नाथ शाहदेव, केन्द्रीय सचिव अरुण दुबे, आजम अहमद, शंखनाद सिंह, विनिता खलखो, इसरार अहमद थे।

सरकार ने बेच दिया सितंबर का अनाज, डीलरों को धकमाया जा रहा है, गरीबों को नहीं मिल रहा अनाज

# राज्य में माफियाओं, दलालों व अपराधियों का राज : बाबूलाल

■ सिसई में भाजपा का संकल्प यात्रा संपन्न, कई भाजपा नेता हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिसई।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राज्य में अवैध उत्खन्न कराकर सीएम ने अकूत संपति अर्जित कर ली है। यही कारण है कि ईडी का सम्मन उन्हें मिल रहा है। आदिवासियों की जमीन का घोटाला किया जा रहा है। इतना ही नहीं राज्य में माफियाओं, दलालों व अपराधियों का राज चल रहा है। राज्य के लोगों को जन्म, मृत्यु, जाति व आवसीय प्रमाण पत्र बनाने के लिए पैसे देने पड़ रहे हैं। श्री मरांडी बुधवार को सिसई के रावण दहन मैदान में भाजपा द्वारा आयोजित संकल्प यात्रा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में गरीबों के लिए आया अनाज गायब हो जा रहा है। गरीबों को गेहूं व अनाज राशन दुकानों से नहीं मिल पा रहा है। सितंबर माह का अनाज डीलरों को नहीं मिल पाया है। सरकार अनाज बेच देती है। वहीं राशन डीलरों को लाइसेंस रद्द करने की धमकी मिल रही है। अधिकारी डीलरों से फर्जी हस्ताक्षर करा रहे हैं।



संकल्प यात्रा को संबोधित करते बाबूलाल मरांडी।

**खास बातें :** श्री मरांडी ने कहा कि इस सरकार में राज्य में भय, भूख व भ्रष्टाचार बढ़ गया है। जनता भय के वातावरण में जीवन यापन को विवश है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग को एक ट्रैक्टर बालू भी नहीं मिल पा रहा है। अगर बालू ढोते पकड़े जा रहें हैं तो ट्रैक्टर चालकों पर प्राथमिकी दर्ज करायी जा रही है। जबकि माफिया लोग प्रतिदिन हाईवा से बालू की अवैध तस्करी कर रहे हैं। श्री मरांडी ने लोगों से आह्वान किया कि राज्य का विकास चाहते हैं तो हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। केंद्र सरकार ने आजादी के बाद देश को नया संसद भवन दिया।

### आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है राज्य सरकार : रामेश्वर

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार मे बुधवार को पर्यटन कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा मांदर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप स्थानीय विधयाक सह वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव उपस्थित हुए। मांदर वितरण के दौरान अपने संबोधन में डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य सरकार सभी जनता के हित मे कार्य कर रही है सरकार सभी तरह की योजना चाहे कब्रिस्तान का घेराव हो, धुमकुड़िया निर्माण, पीसीसी सड़क, अखरा का निर्माण, अखरा में सोलर लाइट, धोती साड़ी योजना, राशन कार्ड का निर्माण, पेंशन जिसके लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़ता था उसे हमने अपने वायदे के अनुसार पूरा करने का काम कर रहे हैं।

## रांची के सिटी एसपी समेत प्रमोशन प्राप्त 25 आइपीएस का बैच अलॉट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रमोशन पाकर आइपीएस बने सिटी एसपी राजकुमार मेहता समेत 25 पुलिस अधिकारियों के बैच का अलॉटमेंट हुआ है। अलॉटमेंट से संबंधित आदेश केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी कर दी है। मालूम हो कि झारखंड सरकार ने बीते 13 और 14 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर एसपीएस कोटे से पदोन्नति पर नियुक्त 25 आइपीएस अधिकारियों की चयन सूची में उनके नाम शामिल करने के आधार पर वरिष्ठता/आवंटन के वर्ष के निर्धारण के लिए प्रस्ताव भेजा था।

### इन-इन आइपीएस अधिकारी का हुआ बैच अलॉट

| नाम | बैच |
|---|---|
| आनंद प्रकाश | 2012 |
| सरोजनी लकड़ा | 2014 |
| एमेल्डा एक्का | 2014 |
| सादिक अनवर रिजवी | 2014 |
| अरविंद कुमार सिंह | 2014 |
| विकास कुमार पांडेय | 2014 |
| विजय आशीष कुजूर | 2014 |
| दीपक कुमार शर्मा | 2016 |
| राजकुमार मेहता | 2016 |
| शंभु कुमार सिंह | 2016 |
| अजय कुमार सिन्हा | 2016 |
| अनुदीप सिंह | 2016 |
| पूज्य प्रकाश | 2016 |
| सहदेव साव | 2016 |
| अमित कुमार सिंह | 2016 |
| अजीत कुमार | 2016 |
| मुकेश कुमार | 2016 |
| दीपक कुमार पांडेय | 2016 |
| अनिमेष नैथानी | 2016 |
| अजय कुमार-1 | 2017 |
| आरिफ एकराम | 2017 |
| डा. विमल कुमार | 2017 |
| मनीष टोप्पो | 2017 |
| कैलाश करमाली | 2017 |
| पितांबर सिंह खेरवार | 2017 |

### ऐसे होगी वरिष्ठता का विनियमन

आईपीएस (वरिष्ठता का विनियमन) नियम, 1988 के नियम 4 के अनुसार, सिविल सूची में उपरोक्त अधिकारियों की नियुक्ति निम्नानुसार होगी। आनंद प्रकाश को झारखंड कैडर के 2012 बैच के आईपीएस अधिकार मोहम्मद अर्शी के नीचे और झारखंड कैडर के 2013 बैच के आईपीएस अधिकारी अंशुमन कुमार के ऊपर रखा जाएगा। सरोजनी लकड़ा, एमेल्डा एक्का, सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह,विकास कुमार पांडेय, विजय आशीष कुजूर को झारखंड कैडर के 2014 बैच के आईपीएस अधिकारी अमन कुमार से नीचे और 2015 बैच के आईपीएस एहतेशाम वकारिब से ऊपर रखा जाएगा। दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभु कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडेय, अनिमेष नैथानी को झारखंड कैडर के 2016 बैच के आईपीएस अमित रेनू से नीचे और 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी कुमार गौरव से ऊपर रखा जाएगा। अजय कुमार-1, आरिफ एकराम, डॉ. विमल कुमार, मनीष टोप्पो, कैलाश करमाली व पितांबर सिंह खेरवार को झारखंड कैडर के 2017 बैच की आईपीएस रीशमा आर के रश्मि के नीचे और विजय शंकर के ऊपर रखा जायेगा। विजय शंकर फिलहाल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गये हैं।

# श्रम विभाग के नियमों का पालन करना व्यापारी हित में : दामोदर

■ श्रम विभाग व चेंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** श्रम विभाग और गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापारियों को श्रम विभाग के कार्यों से अवगत कराया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता श्रम अधीक्षक श्री पुनीत मिंज और गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री दामोदर कसेरा डीके ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला का उद्देश्य गुमला के आम व्यापारियों को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित श्रमिक या कार्मिक स्टॉफ से संबंधित जो नियमावली जारी की गई है। उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में श्रम विभाग द्वारा बताया गया कि किसी भी प्रतिष्ठान में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को काम पर नहीं रखना है नहीं तो एफआईआर का प्रावधान है।



कार्यशाला में शामिल चेंबर ऑफ कामर्स के सदस्य व श्रम विभाग के लोग।

### दुकान में 10 से अधिक कर्मी हैं, तो लाइसेंस जरूरी

अगर कोई उद्योग है। जिसमें कोई खतरे की बात है तो उसमें 18 वर्ष से कम के श्रमिक को नहीं रखना है। किसी दुकान में 10 से अधिक कर्मी अगर है तो उसको लाइसेंस बनाने की आवश्यकता है और अपने कार्मिकों को बोनस भी देना होगा। सभी श्रमिकों या स्टाफ का श्रम कार्ड निर्गत कर लेना चाहिए जो ऑनलाइन व्यवस्था है। सरकार द्वारा निधारित जो न्यूनतम मजदूरी है उसका भुगतान बैंक पासबुक द्वारा ही करना है। प्रतिष्ठान में तीन तरह के रजिस्टर एडवांस रजिस्टर, हाजिरी रजिस्टर और निरीक्षण रजिस्टर रखना है। जितने भी श्रमिक प्रतिष्ठान में है हर वर्ष ऑनलाइन रिटर्न फाइलिंग भी करना है, और सभी स्टाफ के लिए सर्विस कार्ड बनाना है। ठेकेदारों को अपने लेबर के लिए सेफ्टी मेजरमेंट के हिसाब से जूता, हेलमेट, जैकेट आदि देना आवश्यक है। कोई भी ठेकेदार पेटी ठेकेदार को काम देते हैं तो सभी शर्तों के साथ एक एग्रीमेंट बना लें और पेटीदार को इन नियमों का पालन करना आवश्यक होगा। कार्यशाला में कई बिंदुओं पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। मौके पर चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि विभाग द्वारा जो नियमावली बताई जा रही है इसका पालन करना व्यापारी के हित में है। आप नियमों का पालन करते हैं तो आप खुद सुरक्षित रहेंगे। श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज ने कहा कि विभाग चेंबर और आम व्यापारियों के साथ खड़ा है।

## शिक्षा के स्तर को बेहतर बनायेगा शिक्षा कर भेंट कार्यक्रम: सुधीर गुप्ता

फोटो 7 में कार्यक्रम में बच्चों को शपथ दिलाते अपर समाहर्ता व अन्य

■ शिक्षा कर भेंट कार्यक्रम के तहत टाना भगत इंटर कॉलेज में कैरियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** टाना भगत इंटर महाविद्यालय घाघरा में शिक्षा कर भेंट कार्यक्रम के तहत बुधवार को कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता, सीओ प्रणव ऋतुराज ,बीडीओ दिनेश कुमार शामिल हुए। बच्चों को शिक्षा में पूरी रुचि और बेहतर करने के लिए शपथ भी दिलायी गयी। इस संबंध में बच्चों का करियर काउंसलिंग करते हुए अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के स्तर को और बेहतर करने को लेकर उपायुक्त गुमला के द्वारा शिक्षा कर भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले ताकि बच्चे बेहतर कर वार्षिक मूल्यांकन शत प्रतिशत कर सके। पाठ्यक्रम में बच्चों के कई सब्जेक्ट होते हैं।



## शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती प्रतिभा खोज परीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विद्या भारती प्रतिभा खोज/चयन परीक्षा आयोजित हुई। यह प्रारंभिक परीक्षा थी। इसमें उत्तीर्ण होने वाले भैया बहन आगामी आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षा में शामिल होंगे। यह परीक्षा बाल वर्ग एवं किशोर वर्ग में संपन्न हुई । प्रतिभा खोज एवं चयन की परीक्षा ओएमआर शीट पर अलग-अलग वर्गों में पूर्ण व्यवस्थित रूप से संपादित की गई। प्रतिभा खोज में 499 भैया बहन एवं प्रतिभा चयन में 43 भैया बहनों की उपस्थिति हुई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस प्रकार की परीक्षाओं से भैया बहनों में प्रतिभा का विकास होता है। वे जीवन में आने वाली चुनौतियों का सफलता पूर्वक सामना करने में सक्षम होते हैं। सभी भैया बहनों को अपनी शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा कि सभी परीक्षार्थी इस प्रारंभिक परीक्षा में सफल होकर मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होंगे।



### एमजीएम में डॉक्टरों का दूसरे दिन भी हड़ताल जारी

**जमशेदपुर।** रोगियों के परिजनों के दुर्व्यवहार और मारपीट की घटना से आजीज आ चुके एमजीएम अस्पताल के चिकित्सक बुधवार को भी हड़ताल पर रहे। उनका कहना था कि एमजीएम के पीआइसीयू वार्ड में कार्यरत पीजी मेडिकल के छात्र सह चिकित्सक डा कमलेश उरांव से मारपीट करने वाले मरीज के परिजनों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए। गिरफ्तारी होने तक वे कामकाज नहीं करेंगे। आज दूसरे दिन हड़ताल से एमजीएम की स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गईं तब एसडीओ पियूष सिन्हा, सिटी एसपी ऋषभ गर्ग और जिला दंडाधिकारी सुमित कुमार एमजीएम अस्पताल पहुंचे। तमाम डॉक्टर धरना पर बैठे हुए थे और दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। आइएमए के अध्यक्ष डा जीसी माझी, महासचिव डा सौरव चौधरी अपने सहयोगियों के साथ यहां डटे हुए थे। आईएमए के सचिव डॉक्टर सौरभ चौधरी ने कहा कि जब तक इसमें शामिल आरोपी जेल नहीं चले जाते है,तब तक अस्पताल में डॉक्टरों की हड़ताल जारी रहेगी दूसरी ओर हड़ताल के कारण इलाज कराने आये मरीजों को काफी परेशानी हुई। दो दिनों में करीब दो हजार मरीज बिना इलाज कराये वापस चले गये.। इसमें कई ऐसे मरीज थे जो दो दिनों से इलाज कराने के लिए घूम रहे है।

# गोरक्षा के नाम पर अराजकता फैलाने की इजाजत किसी को नहीं : राजीव रंजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में गोरक्षा के नाम पर अराजकता फैलाने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी। उक्त बातें गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कही। उन्होंने कहा कि गो सेवा आयोग के स्तर से योजनाओं का चयन कर उनके क्रियान्वयन के लिए प्रस्ताव के रूप में भेजा जाएगा। जिसमें सबसे महत्वाकांक्षी योजना ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस राज्य में गो सेवा कार्यो से जोड़ने के साथ ही गौशाला की आत्मनिर्भरता के लिए लाने का निर्णय लिया गया। योजना का नाम - हमारी गौमाता हमारा दायित्व। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि उपरोक्त योजना के माध्यम से सीधे-सीधे आम जनमानस को जोड़ा जाए जो संख्या अनुपात में मासिक/त्रैमासिक/अर्द्धवार्षिक और वार्षिक स्तर पर गौशालाओं में पोषित गोवंशीय पशुओं को गोद लेने के रूप में क्रियान्वित होगा। योजना का अनुश्रवण गो सेवा आयोग करेगा लेकिन इस मद में किए गए दान सीधे-सीधे गौशाला के खाते में जमा किए जाएंगे। पूरे राज्य स्तरीय कार्यक्रम के रूप में शीघ्र ही इस योजना का प्रारंभ आयोग के स्तर से किया जाएगा।



**उपायुक्त को गोचर भूमि चिन्हित करने की**

**बनी सहमति :** विभिन्न जिलों में गोचर भूमि के अतिक्रमण संबधी विषय पर सदस्यों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सभी जिलों के उपायुक्त के माध्यम से संबधित गोचर भूमि को चिन्हित कर प्रतिबंधित सूची में डाले जाने तथा उक्त भूमि का उपयोग गो अभ्यारण्य के रूप में विकसित करने के सुझाव पर सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान की। पन्द्रह वर्षो के लंबे अंतराल के बाद आयोग की संपन्न महती बैठक में आयोग के नियमावली के तहत प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए आयोग गौशाला में पोषित पशुओं के स्वास्थ्य रक्षा कवच प्रदान करने हेतु वार्षिक कैलेण्डर के अनुसार दवा वितरण पर अनुदान दिए जाने की योजना का प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजेगा। साथ ही साथ गौशाला परिसर में अलग से वृषभशाला एवं नन्दीशाला के आधारभूत संरचना निर्माण हेतु सरकार को प्रस्ताव भेजेगी। पशु तस्करी में अभिगृहित गोवंशीय पशुओं के लिए भोजनादि मद में अनुदान की वर्तमान सीमा एवं राशि बढ़ाने का प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजेगा। बढ़ती हुई मंहगाई के दृष्टिगत आयोग के सभी सदस्यों में इस बात को लेकर सहमति बनी कि वर्तमान में प्रचलित दर 100 रुपए को बढ़ाकर 150 रुपए करने एवं एक वर्ष के कालखंड को बढ़ाकर दो वर्ष करने संबंधी प्रस्ताव को सरकार के समक्ष भेजा जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में झारखण्ड गो सेवा आयोग के सचिव डा. संजय प्रसाद, रजिस्ट्रार डा. मुकेश मिश्रा, पशुचिकित्सा पदाधिकारी डा प्रभात कुमार पांडेय एवं डा जय कुमार तिवारी तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। नेपाल हाउस डोरंडा स्थित सभागार में झारखण्ड गो सेवा आयोग की बैठक का आयोजन अध्यक्ष, झारखंड गो सेवा आयोग राजीव रंजन प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष राजू गिरी, विकास आयुक्त झारखंड सरकार के प्रतिनिधि, वित्त विभाग झारखंड सरकार के प्रतिनिधि, नगर विकास विभाग झारखंड सरकार के प्रतिनिधि एवं कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अपर निदेशक सह संयुक्त सचिव अंजनी कुमार उपस्थित रहे। बैठक में आमंत्रित सदस्यों में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके रांची के प्रतिनिधि डा० आलोक कुमार पांडेय एवं झारखंड प्रादेशिक गौशाला के प्रतिनिधि अनिल मोदी भी उपस्थित थे।

# गंगा में स्नान तो दूर आचमन तक मुश्किल

## एनजीटी ने बिहार के 38 जिलों के डीएम से मांगी रिपोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो




**पटना।** नमामि गंगे प्रोजेक्ट के नाम पर हर साल करोड़ों खर्च हो रहे है, लेकिन गंगा को निर्मल बनाए रखना संभव नहीं हो रहा है। आज गंगा नदी के पानी को पीना तो दूर, उससे नहाना भी मुश्किल हो रहा है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने बिहार के 38 जिलाधिकारी को गंगा में प्रदूषण को लेकर रिपोर्ट मांगी है। एनजीटी ने सभी 38 जिलों के जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि अपने जिले में प्रदूषण की रोकथाम को लेकर अब तक क्या कदम उठाये हैं इस संबंध में आठ हफ्ते में रिपोर्ट सौंपे। एनजीटी ने झारखंड के चार जिलाधिकारी को भी यह निर्देश जारी किया है। एनजीटी नदियों में प्रदूषण की रोकथाम से संबंधित मामले पर सुनवाई कर रहा है। जिन जिलों को निर्देश जारी किया गया है, वहां से गंगा और उसकी सहायक नदियां गुजरती हैं।

**क्या था एनजीटी का आदेश :** एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने पिछले दिनों (28 अगस्त) अपने आदेश में कहा था कि गंगा और उसकी सहायक नदियों में प्रदूषण की रोकथाम का मुद्दा हर राज्य, जिले और शहर में उठाया जाय। इसके बाद एनजीटी ने 18 सितंबर को जारी एक और आदेश में कहा कि बिहार की नदियों में घरेलू अपशिष्ट, मल, भूजल प्रदूषण, बालू खनन, डूब इलाकों में अतिक्रमण, नदि की धारा में परिवर्तन से संबंधित तमाम ऐसे मुद्दे है, जिसपर बिहार के 38 और झारखंड के 4 जिलाधिकारी अपनी रिपोर्ट दें। साथ ही, अपने-अपने क्षेत्र में जिला गंगा संरक्षण समिति की ओर से प्रदूषण की रोकथाम के लिए किए गए कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराएं।

**केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट ने डराया :** बता दें कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पिछले दिनों (मार्च 2023) देश के 94 जगहों से गंगा जल का सैंपल लिया था. गंगा जल की जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए. रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ जगहों पर गंगा जल में टीसी यानी टोटल कोलीफॉर्म जीवाणुओं की संख्या 33 हजार के पार थी, जबकि यह अधिकतम 5 हजार (प्रति सौ मिलीग्राम) होनी चाहिए थी. हालांकि देश के चार जगहों से राहत भरी रिपोर्ट सामने आई। जिनमें कटिहार (बिहार), राजमहल, साहेबगंज (झारखंड) और ऋषिकेश (उत्तराखंड) शामिल है, इन चार जगहों को ग्रीम कैटेगरी में रखा गया, यानी इन जगहों के गंगाजल को छान कर पीने के लिए इस्तेमाल कर सकते है। बाकी जगहों को रेड जोन में रखा गया।

### क्यों प्रदूषित हो रहा है गंगाजल

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, बिहार में 33 जगह गंगा जल की शुद्धता की जांच की गई। जिसके बाद रिपोर्ट में पाया गया कि नदी का पानी न पीने लायक है और न नहाने लायक। इतना ही नहीं, बोर्ड के अनुसार साल 2021 में पटना के कुछ घाटों पर खतरनाक जीवाणु पाए गए थे। वजह शहर का सीवेज का गंगा नदी में सीधे प्रवाहित किया जाना। बता दें कि बिहार में गंगा नदी का प्रवाह 445 किलोमीटर का है।

# कुड़मी आंदोलन से घाघरा में रेलवे ट्रैक जाम

## रेलवे ने 30 ट्रेनों को किया रद, 9 ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया गया, देर शाम तक डटे रहे आंदोलनकारी

खबर मन्त्र संवाददाता





**चक्रधरपुर।** कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग को लेकर बुधवार को आदिवासी कुड़मी समाज के लोगों ने सैकड़ों की संख्या में चक्रधरपुर रेल मंडल अन्तर्गत हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग स्थित घाघरा रेलवे हाल्ट में रेल चक्का जाम कर दिया। आंदोलनकारी ग्रामीण ने सुबह 9:10 बजे से घाघरा स्टेशन पर पहुंच रेल पटरी पर बैठ गये। इस दौरान प्रशासन के रोक के बावजूद ग्रामीण रेल ट्रैक को जाम कर दिया। जिससे कई ट्रेनों के पहिए थम गए। गाजे बाजे व नारेबाजी के साथ अपना आंदोलन शुरू कर दिया। आंदोलन के शुरू होने के बाद दोपहर में लगभग 11:15 बजे अधिकारियों ने आंदोलनकारियों के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत की कोशिश की, पर आंदोलनकारियों ने बातचीत के लिए सक्षम पदाधिकारी के रूप में डीसी को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। जिस कारण वार्ता विफल हो गई। इधर आंदोलन के दौरान दोपहर के लगभग 12:40 में चक्रधरपुर की अनुमंडल अधिकारी रीना हसदा भी घाघरा पहुंची। पर दोपहर के 3:30 तक कोई भी वार्ता सफल नहीं हो पाई और ग्रामीण रेलवे ट्रैक पर जमे रहे। वहीं दक्षिण पूर्व रेलवे ने कुड़मी समाज के अनिश्चितकालीन रेल चक्का जाम को देखते हुए 30 ट्रेनों का परिचालन रद कर दिया है। जबकि 9 ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। वहीं चक्रधरपुर स्टेशन में सुबह साढे. आठ बजे से पुरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस खड़ी रही। वहीं रेल चक्का जाम शाम सात बजे तक समाप्त नहीं हो पाया था। विधि-व्यवस्था को देखते हुए एसडीओ रीना हांसदा, मनोहरपुर के प्रभारी डीएसपी अजीत कुजूर, बीडीओ हरि उरांव, पुलिस निरीक्षक फागू होरो, थाना प्रभारी अमित कुमार, जराईकेला थाना प्रभारी आशीष कुमार भारद्वाज, आनंदपुर थाना प्रभारी विकास दुबे, आरपीएफ के सीनियर कमांडेंट पी शंकर कुट्टी, एएससी अमित दास, ओसी सुरेंद्र कुमार, इंस्पेक्टर हाबिल बाखला, सुनील कुमार सिंह, एसआई जयनंदन मिश्रा के अलावा जीआरपी थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, एसआई करन सोरेन, उपेंद्र पासवान समेत काफी संख्या जिला पुलिस और रेल पुलिस अन्य अधिकारी और जवान आदि मौजूद रहे।

# जमीन विवाद में मंत्री हफीजुल समेत आठ की हुई पेशी

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** जमीन विवाद के मामले में बुधवार को अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. हफीजुल हसन समेत आठ आरोपित एमपी एमएलए की विशेष अदालत में पेश हुए। अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी जितेन्द्र राम की अदालत में देवघर जिले के मधुपुर अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में दाखिल परिवाद केस में मंत्री समेत आठ आरोपियों की ओर से वरीय अधिवक्ता एखलाक अहमद उर्फ पप्पू ने पैरवी की। अदालत में आरोप से पहले साक्ष्य की प्रक्रिया के तहत साक्षियों का बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए अगली तिथि चार अक्टूबर मुकर्रर की गयी।बचाव पक्ष के अधिवक्ता के अनुसार देवघर जिले के मधुपुर की रहनेवाली शांति देवी नामक महिला ने मधुपुर के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में चोरी, जमीन विवाद और मारपीट का आरोप लगाते हुए पीसीआर दाखिल किया था। 24 नवंबर 2013 को हुई घटना में हफीजुल अंसारी,मो. तनवीर, सुबोधानंद चौधरी, मुरारी चौधरी, सुशील अग्रवाल, राजेश पंसारी,पप्पू बथवाल और पल्टु बथवाल को आरोपी बनाया गया था। मो. हफीजुल वर्तमान में राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हैं। इस मामले में सभी आरोपी पूर्व से जमानत पर हैं। बचाव पक्ष के अधिवक्ता के अनुसार संबंधित मामले में दोनों पक्षों में सुलह हो गई और न्यायालय में पूर्व में ही संयुक्त रूप से सुलह पत्र दाखिल किया जा चुका है। परिवादी की ओर से अभिजीत शेखर न्यायालय में पैरवी की।

## एसकेएमयू के बिलिस समेत तीन विषयों का परीक्षा परिणाम हुआ जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के तीन विषयों का परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी हुआ। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि सत्र 2022-23 के बीलिस सेमेस्टर -1 का परीक्षा 2022, सत्र 2022-24 के एमबीए सेमेस्टर - 1 के परीक्षा 2022 एवं सत्र 2021-23 के एमबीए सेमेस्टर- 3 के परीक्षा 2022 का परीक्षाफल प्रकाशित हुआ। जिसमे बीलिस सेमेस्टर-1 के 119 परीक्षार्थियों में 81 परीक्षार्थी उत्तीर्ण एवं 30 परीक्षार्थी प्रमोटेड हुए हैं।

# डीसी ने जिला अनुकंपा समिति की बैठक में दी दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** उपायुक्त ,गोड्डा जिशान कमर की अध्यक्षता मे जिला अनुकंपा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान स्थापना उप समाहर्ता श्रीमती स्मिता टोप्पो के द्वारा सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए विभिन्न विभाग/कार्यालयों से प्राप्त आवेदन-प्रस्ताव को समिति के समक्ष रखा गया। उक्त बैठक में उपायुक्त द्वारा अनुकंपा से संबंधित सभी आवेदनों और प्रस्तावों पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सेवा काल के दौरान मृत सरकारी कर्मचारी के आश्रितों को नियमानुसार जांचोपरांत समिति ने सर्वसहमति से निर्णय लेते हुए अनुकंपा के आधार पर नौकरी दिए जाने को लेकर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया गया। महोदय के द्वारा अन्य मामले में संबंधित पदाधिकारी को स्पष्ट मंतव्य /वांछित कागजात उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया ताकि अगली अनुकम्पा समिति में निष्पादन हेतु निर्णय लिया जा सके। उपायुक्त के द्वारा स्थापना उपसमाहर्ता को निर्देश दिए गए की संबंधित विभागों के द्वारा अनुकंपा से संबंधित मामलों की विवरणी लिए जाए साथ ही साथ आगामी अनुकंपा समिति की बैठक में जो भी मामले आए हैं उसे अनुकंपा समिति के समक्ष रखने का निर्देश दिया गया।

# शंखनाद अभियान के तहत भाजपा के आईटी सेल और सोशल मीडिया के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** बुधवार को जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी गोड्डा जिले की सोशल मीडिया व आईटी की जिले व मण्डल की संयोजक, सहसंयोजक व सदस्यों का प्रशिक्षण शंखनाद अभियान के तहत हुआ। प्रशिक्षण की शुरूआत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित व सामूहिक वन्दे मातरम् गायन से हुआ। पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजीव कुमार मेहता ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर बहुत सक्रिय हैं और पार्टी के विचारधारा के प्रचार प्रसार में अमूल्य योगदान दे रहे हैं। श्री मेहता ने कहा कि देश की जनता मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय कर चुकी है। उन्होंने कहा कि गोड्डा को भगवामय करने की जिम्मेदारी सोशल मीडिया व आईटी सेल के कार्यकताओं पर है। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा आईटी सेल के प्रदेश सहसंयोजक विवेक विकास ने पदाधिकारियों को सोशल मीडिया की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 2024 झारखण्ड के लिए चुनावी वर्ष है और इसमें सोशल मीडिया की भूमिका बेहद महत्त्वपूर्ण रहने वाली है। केंद्र की सरकार की उपलब्धियों व हेमंत सोरेन सरकार की विफलताओं को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से जनता को अवगत कराना है।

# भागवत कथा सुनने मात्र से मोक्ष प्राप्ति संभव है : महाराज

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी(गोड्डा) विगत वर्षों की तरह इस वर्ष में ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के मोरडीहा ग्राम स्थित दुर्गा मंदिर के बगल में गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित कर वार्षिक उत्सव मनाया जा रहा है।गणेश भगवान की पूजा पाठ के साथ-साथ इस बार हरि नाम संकीर्तन और भागवत कथा का भी आयोजन हो रहा है। ग्रामीण समाज सेवी सौरभ कुमार वर्मा उर्फ मोनू और मुखिया प्रतिनिधि निक्कू उर्फ प्रीतम कुमार झा आदि ने मिलकर फीता काटकर विधिवत भागवत कथा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सौरव कुमार वर्मा ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन सुन उनका मन और प्रोत्साहित हो जाता है। उन्होंने कहा कि वह भले ही अभी राज्य और देश की राजधानी सहित कई जगहों पर व्यापार में आते जाते रहते हैं और रांची में निवास बनाए हुए हैं।लेकिन गांव समाज और धार्मिक कार्य से उनका शुरू से ही बहुत बड़ा लगाव रहा है।क्योंकि उनके पिताजी भुपाल प्रसाद वर्मा भी कई वर्षों तक इसी मोरडीहा गांव में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सहित पंचायत समिति सदस्य के साथ-साथ अन्य कई सामाजिक कार्यों संबंधी संगठनों में रहकर सेवा किए हुए हैं। कहा कि जब भी कभी समाज को उनकी आवश्यकता पड़ेगी वे हर संभव इसी प्रकार उपस्थित होकर सहयोग देते रहेंगे।अगर कभी उपस्थित नहीं भी हो पाए तो अलग तरीके से भी गांव समाज को हर संभव सहयोग करेंगे। मुखिया प्रतिनिधि निक्कू उर्फ प्रीतम कुमार झा आदि ने भी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए हर संभव सहयोग करने की बात कहा। स्वामी अभयानंद उर्फ अभिषेक शास्त्री जी महाराज ने भागवत कथा के माध्यम से कहा कि भागवत कथा गाना और करना तो दूर भागवत कथा सुनने मात्र से मोक्ष की प्राप्ति संभव है। भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसमें हर तबके हर रिश्ते और हर उम्र के व्यक्ति एक साथ बैठकर सुनते हैं। सुनकर जीवन में उतरने की नितांत आवश्यकता है।सुखदेव मुनि जी महाराज से गंगा तट पर जाकर राजा परीक्षित ने भागवत कथा सुनी थी और उन्हें फल की भी प्राप्ति हुई थी। प्रसाद रूपी फल से उत्पन्न गोकर्ण जैसे महान आत्मा धार्मिक प्रवृत्ति में छा गए थे।वही उनका ही भाई धुंधकारी का जन्म गलत तरीके से हुआ था और जन्म के बाद से ही अपना छोटा सा पूरा जीवन उन्होंने गलत में ही समाप्त कर दिया मुक्ति नहीं मिलने पर प्रेत के रूप में आकर गौकर्ण को डरता था।अंत में जानकारी लेने के बाद गोकर्ण ने धुंधकारी को भागवत कथा सुनवाई थी और धुंधकारी को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी।इसलिए मनुष्य के जीवन में भागवत कथा के साथ-साथ अन्य धार्मिक कथा अति आवश्यक है।

## स्पीड न्यूज

### एसकेएमयू के पीजी सेमेस्टर-2 का परीक्षा फॉर्म भरे जायेंगे 25 सितंबर से

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने बुधवार को पीजी सेमेस्टर-2 परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी हुआ। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि पीजी सेमेस्टर-2 के परीक्षा 2023 का परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भरने की तिथि घोषित जारी हुई। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी बिना विलंब शुल्क के 25 से 30 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट से भर सकते है। साथ ही 200 विलंब शुल्क के साथ एक से 3 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं। परीक्षा प्रपत्र भरने के बाद छात्रों को हार्ड कॉपी संबंधित कॉलेज या विभाग में 4 से 6 अक्टूबर के बीच जमा करना अनिवार्य होगा।

### एएन कॉलेज में प्रश्न मंच प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**दुमका।** सेवा ही स्वच्छता अभियान के तहत एएन कॉलेज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह के निर्देश पर एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार झा, डॉ संजय कुमार पाठक, डॉ चंपकलता कुमारी, प्रो राजीव रंजन सिंह और प्रो अन्हद लाल ने प्रतियोगिता का संचालन किया।प्रतिभागियों से अपने देश की धरोहरों, यहां के वैज्ञानिकों और प्राकृतिक संसाधनों से संबंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गये। जिनका कई छात्र छात्राओं ने सटीक जवाब देकर मेधा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के लिए तीन ग्रुप बनाए गए थे। प्रत्येक से पांच-पांच प्रश्न पूछे गए। सबसे अधिक सही जवाब देने वालों में सोनाली भारती, विशाल कुमार गुप्ता, राखी कुमारी व मनोज पाल प्रमुख थे रहे। इनके अलावा रेणु , प्रदीप, रेणुका, महफूज, प्रशांत, रिया, खातून, शिवशंकर, रूपेश व अन्य ने भाग लिया।

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय
सिविल जज जुनियर डिविजन-1, गुमला।
इजराय वाद संख्या-03/2000
बीणा देवी वगैरह- डिग्रीधारक बनाम सरोज पटेल वगैरह- जजमेंट डैब्टर।
नोटिस बनाम- जजमेंट डैब्टर संख्या-1(ए) से(डी)
सरोज पटेल पति स्व. शंकर पटेल, सुमित पटेल पिता स्व. शंकर पटेल, मिनल पटेल पिता स्व.शंकर पटेल, निवासी पालकोट रोड गुमला, शंकर शॉ मिल के पीछे थाना वो जिला गुमला। लक्ष्मी पटेल पति दिलीप पटेल निवासी हाई रोड नाल्हेतू बस स्टैंड पोस्ट नाल्हेतू जिला बीरभूम बंगाल। वजरिये इस नोटिस प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि वादी के द्वारा आपके विरूद्ध इस न्यायालय में यह इजराय वाद दायर किया गया है। जिसमें आपलोगों की उपस्थिति अनिवार्य है तथा आपलोगों की उपस्थिति हेतू न्यायालय द्वारा नजारत एवं निबंधित डाक के माध्यम सम्मन निर्गत किया गया परंतु आप लोग आज तक न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए हैं। आपलोगों को इस नोटिस प्रकाशन के द्वारा अगाह किया जाता है कि आपलोग दिनांक 18-10-23 को समय 11 बजे या उसके पूर्व न्यायालय के कार्य अवधि में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से चलायई जाएगी। इसे सख्त ताकिदत जाने।

## एक

### एसकेएमयू में कंटीन्युटी एंड चेंज इन संताल कल्चर पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में बुधवार को एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ।जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने की। जिसमें आईसीएसएसआर, नई दिल्ली द्वारा स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग को मिले प्रोजेक्ट जिसका विषय ह्ल कंटीन्युटी एंड चेंज इन संताल कल्चर ह्ल है।उसके अद्धयन के विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ धूनी सोरेन थे। संगोष्ठी की शुरूआत में कुलपति प्रो सिंह ने डॉ धूनी सोरेन को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर स्वागत से किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि डॉ सोरेन संताल संस्कृति के निरंतरता और बदलाव के जीवित उदाहरण है। राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष सह डीन डॉ जैनेंद्र यादव ने विभाग की तरफ से कुलपति का पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। इस प्रोजेक्ट के डायरेक्टर डॉ अजय सिन्हा ने इस प्रोजेक्ट के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए इस अद्धयन के महत्व और इसका राजनीति पर पड़ने वाले प्रभाव को ढूँढने की बात कही। डॉ धूनी सोरेन ने संताल संस्कृति के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृति को बचाये रखने के लिए अपनी भाषा को बचा के रखना आवश्यक है। उन्होंने इंग्लैंड और अमेरिका जैसे देशों में रहने वाले संतालों के जीवन के बारे में विस्तार से बता बदलाव की चर्चा की । उन्होंने बताया कि कैसे वे अपनी भाषा को विदेश में भी जीवित रखें हुए हैं। डॉ बिजय कुमार ने इस विषय पर अद्धयन के लिए शहरी और ग्रामीण , अमीर और गरीब, पढ़े लिखे और निरक्षर जैसे आयामों के आधार संस्कृति में आये बदलाव पर बल दिया। डॉ सुजीत सोरेन ने संस्कृति के भौतिक और दार्शनिक पक्षों पर अपना विचार व्यक्त करते हुए इस शोध प्रोजेक्ट में इन आयामों पर विचार करने की सलाह दी। प्रो अमिता कुमारी ने विस्थापन से आये बदलाव की चर्चा करते हुए सिजनल विस्थापन का भी संस्कृति पर प्रभाव पड़ने की बात कही। प्रो अमिता ने जंगलों की लगातार हो रही कटाई को भी संताल संस्कृति में बदलाव का कारण बताया। डॉ सुमित्रा हेमब्रन ने वैश्वीकरण और बाजार का संस्कृति के असर पर प्रकाश डाला। डॉ निर्मल मुर्मू ने शिक्षा के असर पर प्रकाश डालते उससे आये परिवर्तन की चर्चा की। डॉ नीरज बासुकी ने इस बात पर जोर दिया की संताल संस्कृति ने अन्य संस्कृतियों को भी प्रभावित किया है। इनके अलावे डॉ स्नेहलता मुर्मू , डॉ ईश्वर मरांडी, डॉ मेरी मार्ग्रेट टुडू, डॉ अमित मुर्मू, डॉ होलिका, डॉ स्वेता मरांडी , डॉ दीपक कोठरीवाल, शोध छात्र दुर्गा साहा ने भी इस विषय पर अपने विचार प्रकट किया। मंच संचालन प्रो अमिता कुमारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ इंद्रनिल मंडल ने किया।

### एसकेएमयू में धूनी सोरेन का विशेष व्यख्यान हुई आयोजित

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग में डॉ धूनी सोरेन का व्याख्यान बुधवार को आयोजित हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ जैनेंद्र यादव ने की। कार्यक्रम प्रारंभ डॉ जैनेंद्र यादव ने डॉ सोरेन को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत से किया। इस अवसर पर प्रो अमिता कुमारी ने डॉ सोरेन के दुमका से इंग्लैंड तक के सफर की चर्चा करते हुए उनका परिचय छात्रों से करवाया। डॉ सोरेन ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सिर्फ.शिक्षा से ही उनके जीवन में बदलाव आ सकता है। उन्होंने कहा कि आज तीर कमान से लड़ने कि आवश्यकता नहीं है, आज कलम से लड़ने की जरूरत है। उन्होंने छात्रों को स्किल डेवलपमेट पर जोर देते हुए सिर्फ.सरकारी नौकरी करने की मानसिकता से छात्र को बाहर निकले और प्राइवेट सेक्टेर में भी अपना भविष्य तलाशने की अपील की।

## पेज 1 का शेष

### ऐतिहासिक महिला आरक्षण...

उनके बाद कानून मंत्री ने चर्चा का जवाब दिया। विपक्ष ने बिल को तो सपोर्ट किया लेकिन भाजपा पर राजनीति करने का भी आरोप लगाया। श्री शाह इस आरोप पर कहा कि कुछ पार्टियों के लिए महिला सशक्तीकरण राजनीतिक मुद्दा हो सकता है, चुनाव जीतने का हथियार हो सकता है लेकिन मेरी पार्टी और मेरे नेता मोदी के लिए महिला सशक्तीकरण राजनीतिक मुद्दा नहीं है। उन्होंने बहुत अग्रेसिव तरीके से इसे दो बार दोहराया। फिर कहा कि यह हमारे लिए मान्यता का सवाल है। उन्होंने कहा, भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है जिसने सांगठनिक पदों पर महिलाओं को 33 पर्सेंट का आरक्षण दिया है। शाह ने केंद्र सरकार की जनधन अकाउंट, हर घर शौचालय, नल से जल, उज्ज्वला योजना सहित कई योजनाओं का जिक्र किया और कहा कि महिलाओं के लिए सुरक्षा, सम्मान और सहभागिता मोदी सरकार के लिए श्वास और प्राण बने हुए हैं। **चुनाव के बाद परिसीमन और जनगणना :** शाह ने कहा कि विपक्ष की तरफ से जो दो बड़े सवाल उठाए जा रहे हैं वह यह कि इसमें ओबीसी महिलाओं को आरक्षण क्यों नहीं है साथ ही डीलिमिटेशन की शर्त क्यों रखी है और इसे इसी बार के चुनाव से लागू क्यों नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद जल्दी ही जनगणना और डीलिमिटेशन दोनों होंगे। शाह ने कहा कि अभी तीन कटैगरी के सांसद चुनकर आते हैं- सामान्य जिसमें ओबीसी भी हैं, एससी और एसटी। इन सभी कटैगरी में 33 पर्सेंट आरक्षण महिलाओं को होगा। डीलिमिटेशन पर जवाब देते हुए उन्होंने कांग्रेस पर तंज भी किया। उन्होंने कहा कि कौन तय करेगा कि कौन सी एक तिहाई सीटें रिजर्व होंगी। अगर वायनाड (राहुल गांधी की सीट) को रिजर्व कर दिया तो कहेंगे राजनीति कर दी। इसलिए डीलिमिटेशन कमिशन हर जगह जाकर ओपन हेयरिंग करके पारदर्शी तरीके से निर्धारित करेगा कि कौन सी सीटें रिजर्व होंगी।

### गबन के आरोपी अभियंता...

**बरही में दर्ज हुआ है मामला :** वादी डुमरीडीह कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के बयान के आधार पर उपरोक्त वर्णित अभियुक्त के विरुद्ध हजारीबाग जिलान्तर्गत बरही थाना कांड संख्या 379/2013 धारा 406 के अंतर्गत दर्ज किया गया था। अनुसंधान के क्रम में धारा-34 का समावेश किया गया है। मामले में वादी द्वारा इस प्रमंडल के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरही के भवन निर्माण कार्य मद में विभागीय तौर पर अग्रिम राशि देकर कार्य कराया जा रहा था। अभियुक्त के द्वारा वर्णित कार्य के विरूद्ध एक करोड़ 27 लाख रुपये अग्रिम राशि ली गयी थी। एक करोड़ 27 लाख रुपये अग्रिम के विरुद्ध एक करोड़ नौ लाख 84 हजार 837 सौ रुपये समायोजन किये जाने के बाद शेष असमायोजित राशि 17,17,167 रुपये अभियुक्त के नाम पर अभी तक लंबित है। यह सरकारी राशि के गबन का मामला बनता है।

### सीएस के आश्वासन पर...

इसके बाद झारखंड कुरमी/कुड़मी मोर्चा और कुरमी विकास मोर्चा ने आंदोलन वापस ले लिया है। **25 को रांची में होगी बैठक :** झारखंड कुरमी/कुड़मी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार और कुरमी विकास मोर्चा के प्रवक्ता ओम प्रकाश महतो ने बताया कि समाज के लोगों को आश्वासन मिला है कि मुख्य सचिव और टीआरआई के निदेशक के साथ रांची में 25 को उनकी वार्ता होगी। उसके बाद आगे की रणनीति पर विचार किया जायेगा। इस अश्वासन के बाद आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि बैठक में अगर सकारात्मक फैसला नहीं लिया गया, तो वे इससे भी बड़ा आंदोलन करेंगे। इससे पूर्व सुबह से ही रेल टेका, डहर छेका (रेल रोको-रास्ता रोको) आंदोलन की वजह से काफी संख्या में ट्रेनों को रद्द करना पड़ा। झारखंड के चार रेलवे स्टेशन मुरी, गोमो, नीमडीह और घाघरा-मनोहरपुर रेलवे स्टेशन सुबह से ही आंदोनकारियों के कब्जे में रहा। सिल्ली-मुरी हाईवे पर नाकेबंदी की गयी थी। धनबाद में धारा 144 लगा था। मूरी जंक्शन पर आंदोलन को साथ दे रहे आजसू के गोमिया विधायक लंबोदर महतो को सिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। सरायकेला-खरसावां में आंदोलनकारी नीमडीह स्टेशन के अंदर जाने की जिद पर अड़ गये। पुलिस का घेरा तोड़ दिया। मजबूरन पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। आंदोलनकारियों ने भी पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। दोनों तरफ से कई लोग घायल हो गये। आंदोलनकारी पारंपरिक वेशभूषा, छऊ नाच, पाता नाच, नटुवा नाच, घोड़ा नाच एवं झूमर नाच, ढोल-नगाड़ों एवं गाजे-बाजे के साथ शामिल हुए।

स्पीड न्यूज

### जुलाई में इएसआइसी से 19.88 लाख कर्मी जुड़े

नयी दिल्ली। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने जुलाई, 2023 में अपनी स्वास्थ्य बीमा योजना ईएसआई के तहत 19.88 लाख नये कर्मचारी जोड़े हैं।इस दौरान लगभग 27,870 नए प्रतिष्ठान पंजीकृत हुए और उन्हें ईएसआईसी के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया। युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुईं। इस दौरान जोड़े गए 19.88 लाख कर्मियों में 9.54 लाख कर्मचारी 25 साल से कम उम्र के थे।

### दंतेवाड़ा में मुठभेड़ दो महिला नक्सली ढेर

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में बुधवार को सुरक्षाकर्मियों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र के नगरम-पोरो हिरमा गांव के जंगल में सुरक्षा बलों ने दो महिला नक्सलियों को मार गिराया है। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से सुरक्षा बलों को एक इंसास राइफल, 12 बोर का एक राइफल और दो महिला नक्सलियों के शव मिले।

### महिला आरक्षण विधेयक आधा अधूरा : अखिलेश

लखनऊ। सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक के मुद्दे पर भाजपा पर सवाल उठाते हुए इसे आधा-अधूरा विधेयक करार दिया। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि नयी संसद के पहले दिन ही भाजपा सरकार ने महाझूठ से अपनी पारी शुरू की है। जब जनगणना और परिसीमन के बिना महिला आरक्षण बिल लागू हो ही नहीं सकता, जिसमें कई साल लग जाएंगे, तो भाजपा सरकार को इस आपाधापी में महिलाओं से झूठ बोलने की क्या जरूरत थी।

### मेटा ने व्हाट्सऐप भुगतान सेवा का किया विस्तार

मुंबई। व्हाट्सऐप ने बुधवार को भारत में अपनी भुगतान सेवा के विस्तार की घोषणा की। इससे कारोबारियों के साथ लेनदेन करने वाले लोगों के लिए भुगतान करना आसान हो जाएगा। वे विभिन्न डिजिटल भुगतान विकल्पों सहित यूपीआई ऐप के विकल्प के साथ क्रेडिट और डेबिट कार्ड से भी सीधे चैट में खरीदारी कर सकेंगे।

### मणिपुर में बंद से जनजीवन प्रभावित

इंफाल। मणिपुर में हथियार रखने और सेना की वर्दी पहनकर घूमने के आरोप में गिरफ्तार पांच युवकों को बिना शर्त रिहा करने की मांग को लेकर मेइती समुदाय की महिलाओं के समूह मीरा पैबी और पांच स्थानीय क्लब द्वारा आहूत 48 घंटे के बंद के दूसरे दिन बुधवार को भी इंफाल घाटी के जिलों में आम जनजीवन प्रभावित रहा। ह शैक्षणिक संस्थान, बाजार, बैंक और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहे।

# नया सर्वे : भारतवंशी निक्की हेली से पिछड़ रहे बाइडेन

## अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव : हेली को 41% और बाइडेन को 37% लोग कर रहे हैं पसंद

एजेंसी

वाशिंगटन। एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, भारतीय-अमेरिकी और पूर्व संयुक्त राष्ट्र राजदूत निक्की हेली 2024 के चुनाव की दौड़ में राष्ट्रपति जो बाइडेन से आगे हैं, हालांकि वह भारतीय मूल के ही विवेक रामास्वामी से आगे हैं। इस सप्ताह जारी हार्वर्ड कैप्स-हैरिस पोल सर्वेक्षण में पाया गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों में डोनाल्ड ट्रंप, हेली और टिम स्कॉट से पीछे चल रहे हैं, लेकिन भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी और फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस से आगे हैं। जब 2024 में हेली और बाइडेन के बीच एक काल्पनिक मुकाबले के बारे में पूछा गया, तो



41 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे हेली का समर्थन करेंगे, जबकि 37 प्रतिशत ने कहा कि वे वर्तमान मौजूदा राष्ट्रपति का समर्थन करेंगे। इक्कीस प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे नहीं जानते या अनिश्चित हैं कि वे किसका समर्थन करेंगे, बाइडेन का या हेली। हार्वर्ड सीएपीएस/हैरिस पोल के सह-निदेशक मार्क पेन ने द हिल को बताया कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन राष्ट्रीय सर्वेक्षण संख्या में पिछड़ रहे हैं और अब कई उम्मीदवार उनसे आगे हैं। यह एक नया विकास है क्योंकि हेली जैसे (गैर-ट्रम्प) संभावित विरोधियों को एक्सपोजर मिलता है। द हिल के सर्वे के अनुसार 44% ट्रंप को और 40% बाइडेन को समर्थन। द हिल के साथ साझा किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि 44 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे ट्रम्प को वोट देंगे, जबकि 40 प्रतिशत ने कहा कि वे बाइडेन का समर्थन करेंगे। द हिल की रिपोर्ट के अनुसार, अलग-अलग 15 प्रतिशत ने कहा कि वे अनिश्चित थे या उन्हें नहीं पता था, जो जुलाई में इसी तरह के हार्वर्ड सीएपीएस-हैरिस पोल से काफी हद तक अपरिवर्तित थे, जिसमें ट्रम्प को 45 प्रतिशत और बाइडेन को 40 प्रतिशत वोट मिले थे। जब बाइडेन और स्कॉट के बीच मुकाबले के बारे में पूछा गया, तो 12-14 सितंबर तक 2,103 पंजीकृत मतदाताओं के साथ किए गए सर्वेक्षण में बाइडेन को 37 प्रतिशत वोट मिले, जबकि स्कॉट को 39 प्रतिशत वोट मिले। बाइडेन ने दौड़ में अन्य भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी से बेहतर प्रदर्शन किया।

ट्रम्प और उनके एमएजीए रिपब्लिकन अमेरिकी लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए दृढ़ हैं। यह आकलन करते हुए कि रिपब्लिकन उम्मीदवार उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के खिलाफ कैसा प्रदर्शन करेंगे, सर्वेक्षण में पाया गया कि ट्रम्प एकमात्र उम्मीदवार थे जो हैरिस को आमने-सामने के मुकाबले में (46 प्रतिशत : 40 प्रतिशत) में हरा देंगे।

### बूढ़ा होने के बावजूद मैं रेस में हूं : बाइडेन

अमेरिका के अब तक के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति बाइडेन ने हाल ही में कहा था कि ऐसा लगता है कि बहुत से लोगों का ध्यान उनकी उम्र पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि मैं समझ गया, मेरा विश्वास करो, मैं इसे किसी से भी अधिक जानता हूं। मैं इसलिए रेस में हूं क्योंकि लोकतंत्र दांव पर है।

### विदेश मंत्रालय की सलाह कनाडा में रहने वाले भारतीय बरतें सावधानी

नयी दिल्ली। भारत ने बुधवार को कनाडा में अपने नागरिकों और वहां की यात्रा पर विचार कर रहे लोगों को देश के कुछ हिस्सों में भारत विरोधी गतिविधियों के मद्देनजर अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी।

जून में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों में गिरावट के बीच यह परामर्श आया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडा में बढ़ती आपराधिक हिंसा को देखते हुए मौजूद सभी भारतीय नागरिकों कोसावधानी बरतने का आग्रह किया जाता है।

## सोनिया गांधी ने किया नारी शक्ति वंदन विधेयक का समर्थन, कहा

# राजीव गांधी का सपना था महिला आरक्षण विधेयक

एजेंसी

- 13 वर्षों से राजनीतिक जिम्मेदारी का इंतजार कर रही हैं भारतीय महिलाएं
- जातिगत जनगणना करवाकर एससी, एसटी, और ओबीसी की महिलाओं को भी मिले आरक्षण

नयी दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा सदस्य सोनिया गांधी ने बुधवार को कहा कि महिला आरक्षण विधेयक राजीव गांधी का सपना था।

उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों में स्त्रियों की भागीदारी तय करने वाला संविधान संशोधन विधेयक पहली बार उनके जीवनसाथी राजीव गांधी ही लाए थे। सोनिया गांधी ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक पर चर्चा में कहा कि वह कांग्रेस की ओर से इस विधेयक का समर्थन करती हैं। यह उनकी जिंदगी का बहुत ही मार्मिक क्षण है। आज देशभर के स्थानीय निकायों के जरिए हमारे पास 15 लाख चुनी हुई महिला जनप्रतिनिधि हैं। यह राजीव गांधी की पहल से ही संभव हो पाया था। जब यह कानून पूर्णरूप से लागू हो जाएगा तो राजीव गांधी का सपना भी पूरा हो जाएगा। सोनिया ने कहा कि पिछले 13 वर्षों से भारतीय स्त्रियां अपनी राजनीतिक जिम्मेदारी का इंतजार कर रही हैं। अब उन्हें और इंतजार करने को कहा जा रहा है। क्या भारत की स्त्रियों के साथ यह बर्ताव उचित है? सोनिया ने कहा कि भारत की स्त्री के हृदय में महासागर जैसा धीरज है। उसने खुद के साथ हुई बेईमानी की शिकायत नहीं की और सिर्फ अपने फायदे के बारे में कभी नहीं सोचा। उसने नदियों की तरह सबकी भलाई के लिए काम किया है और



मुश्किल वक्त में हिमालय की तरह अडिग रहीं। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल को लागू करने में और देर करना भारत की महिलाओं के साथ घोर नाइंसाफी है। सोनिया ने कहा कि स्त्री की मेहनत, स्त्री की गरिमा और स्त्री के त्याग की पहचान करके ही हम लोग मनुष्यता की परीक्षा में पास हो सकते हैं। आजादी की लड़ाई और नए भारत के निर्माण में हर मोर्चे पर वह पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ती रही हैं। स्त्री के धैर्य का अंदाजा लगाना नामुमकिन है। वह आराम को नहीं पहचानती और थक जाना भी नहीं जानती। स्त्री ने हमें सिर्फ जन्म ही नहीं दिया है बल्कि आंसुओं और खून पसीने से सींचकर हमें सोचने लायक, बुद्धिमान और शक्तिशाली भी बनाया है। सोनिया ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की मांग है कि ये बिल फौरन अमल में लाया जाए और इसके साथ ही जातिगत जनगणना करवाकर एससी, एसटी, और ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था की जाए। इस बिल को लागू करने में और देरी करना भारत की स्त्रियों के साथ घोर नाइंसाफी है। सोनिया ने कहा कि वह कांग्रेस की तरफ से मांग करती हैं कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम- 2023 को उसके रास्ते की सारी रुकावटों को दूर करते हुए जल्द लागू किया जाए।

### भारत में जल्द बनेंगे अमेरिकी हथियार

वाशिंगटन। भारत और अमेरिका के बीच आपसी रिश्तों की मजबूती सामान्य व्यापार के साथ अब सैन्य व्यापार की ओर भी दिखने लगी है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया है कि भारत और अमेरिका सैन्य प्रणालियों के निर्माण में सहयोग की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसके परिणाम स्वरूप जल्द ही भारत के आयुध कारखानों में अमेरिकी हथियार बनते नजर आएंगे। अमेरिकी रक्षा मंत्री कार्यालय में दक्षिण एशिया नीति के निदेशक सिद्धार्थ अय्यर ने वाशिंगटन के हडसन इंस्टीट्यूट में एक कार्यक्रम के दौरान दावा किया कि भारत और अमेरिका के सैन्य प्रणालियों के निर्माण में साथ आने पर भारत के रक्षा उद्योग को उच्च-तकनीक वाले हथियारों के उत्पादन का मौका मिल सकता है। इतना ही नहीं दोनों देशों के सहयोग के बाद भारत में अमेरिका के हथियारों के बनने का रास्ता भी साफ हो जाएगा। अय्यर ने कहा कि अमेरिका अब भारत सरकार के साथ युद्ध में इस्तेमाल होने वाले जमीन आधारित पारंपरिक हथियार बनाने के लिए बात कर रहा है।

# देश का पहला सी-295 विमान वडोदरा में उतरा

एजेंसी

- 25 को हिंडन स्टेशन में एक समारोह में आधिकारिक तौर पर वायुसेना में होगा शामिल विमान

नयी दिल्ली। भारत का पहला सी-295 मध्यम सामरिक परिवहन विमान बुधवार को वडोदरा में उतरा। कुछ दिन पहले ही स्पेन के दक्षिणी शहर सिविले में इसे भारतीय वायु सेना को सौंपा गया था। विमान को 25 सितंबर को दिल्ली के पास हिंडन में एक समारोह में आधिकारिक तौर पर वायुसेना में शामिल किया जाएगा। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने 13 सितंबर को पहले सी295 विमान को प्राप्त किया था। भारतीय वायु सेना के आधुनिकीकरण के उद्देश्य से सरकार ने एयरबस डिफेंस एंड स्पेस कंपनी के साथ दो साल पहले 21,935 करोड़ रुपये में 56 सी295 परिवहन विमानों को खरीदने का सौदा किया था। ये विमान पुराने होते एवरो 748 बेड़े का स्थान लेंगे। वायुसेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि वायुसेना का पहला सी-295 एमडब्ल्यू विमान आज वडोदरा में उतरा। माननीय रक्षा मंत्री श्री



राजनाथ सिंह 25 सितंबर को एएफ स्टेशन हिंडन में एक औपचारिक समारोह में विमान को वायुसेना को सौंपेंगे। इस समझौते के तहत एयरबस 2025 तक सेविले में शहर में अपने उत्पादन संयंत्र से फ्लाई-अवे (उड़ान के लिये तैयार) स्थिति में पहले 16 सी295 विमानों की आपूर्ति करेगा। इसके बाद शेष 40 विमानों का निर्माण और संयोजन भारत में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड(टीएएसएल) द्वारा वड़ोदरा में किया जाएगा। यह दोनों कंपनियों के बीच हुई एक औद्योगिक साझेदारी के हिस्से के रूप में किया जाएगा।

# देव आनंद का जुहू वाला बंगला बिका

एजेंसी

मुंबई। दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता देव आनंद का जुहू स्थित 73 साल पुराना बंगला बिक गया। इस बंगले की जगह पर 22 मंजिला ऊंचा टावर बनाया जाएगा। देव आनंद कई वर्षों तक अपनी पत्नी कल्पना कार्तिक और अपने बच्चों सुनील आनंद व देवीना आनंद के साथ अपने बंगले में रहे थे। अब इस बंगले को तोड़ दिया गया है। जानकारी के मुताबिक देव आनंद का जुहू स्थित बंगला एक रियल एस्टेट कंपनी ने खरीद लिया है। इस बंगले के दस्तावेज पूरे हो चुके हैं। बताया जाता है कि यह बंगला करीब 400 करोड़ रुपये में बिका है। इस बंगले की जगह 22 मंजिला ऊंची इमारत बनाई जाएगी। देव आनंद का घर अच्छी लोकेशन पर था। उनके घर के पास कई बड़े लोगों के घर हैं। उनके बंगले के बगल में ही माधुरी दीक्षित नेने और डिंपल कपाड़िया जैसे सितारे भी



रहते हैं। देव आनंद ने यह बंगला 1950 में खरीदा था। एक पुराने इंटरव्यू में उन्होंने बंगले के प्रति अपने प्यार का इजहार किया था। उन्होंने तब कहा था कि घर 1950 में बनाया गया था। तब जुहू एक छोटा-सा गांव था और वहां पूरा जंगल था। मैंने घर इसलिए बनाया क्योंकि मुझे यहां का जंगल पसंद था। मुझे यह पसंद था क्योंकि मैं अकेला था।

### गंगा में प्रदूषण को लेकर एनजीटी ने बिहार और झारखंड से मांगी रिपोर्ट

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने बिहार के 38 और झारखंड के चार जिलाधिकारियों को गंगा में प्रदूषण के मुद्दे पर आठ सप्ताह में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि अधिकरण के 28 अगस्त के आदेश में रेखांकित किया गया था कि गंगा में प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण से संबंधित मुद्दा प्रत्येक राज्य, शहर और जिले में उठाया जाए। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी शामिल थे। एनजीटी ने सोमवार को पारित एक आदेश में कहा कि बिहार में नदी से संबंधित प्रमुख मुद्दों में भूजल प्रदूषण, अपशिष्ट जल छोड़ा जाना, अवैध रेत एवं पत्थर खनन, डूब क्षेत्र पर अतिक्रमण, जलीय प्राणियों के लिए खतरा, नदी के मूल मार्ग में परिवर्तन और प्रदूषण शामिल हैं।

# 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी जीडीपी

एजेंसी

- इंडिया रेटिंग्स ने भारत की वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाया

नयी दिल्ली। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान 5.9 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने बुधवार को कहा कि सरकार के बढ़े हुए पूंजीगत व्यय, घरेलू कंपनियों एवं बैंकों के बही-खातों में कर्ज की कमी, वैश्विक जिंस कीमतों में नरमी और निजी निवेश में तेजी की उम्मीद जैसे कई कारकों की वजह से उसने वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया है। हालांकि, इंडिया रेटिंग्स ने अगले साल होने वाले आम चुनावों के पहले जीडीपी वृद्धि की राह में कुछ चुनौतियों को लेकर आगाह भी किया है। इनमें वैश्विक वृद्धि दर में गिरावट से भारत के निर्यात में सुस्ती, वित्तीय परिस्थितियों की वजह से पूंजी की लागत बढ़ना और मानसूनी बारिश में कमी के साथ विनिर्माण क्षेत्र की नरमी शामिल हैं। रेटिंग एजेंसी के प्रमुख अर्थशास्त्री सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि ये सभी जोखिम वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी वृद्धि को प्रभावित और बाधित करना जारी रखेंगे। जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत पर रही वृद्धि दर के अगली तीनों तिमाहियों में सुस्त पड़ने के ही आसार दिख रहे हैं।" भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहेगी। इसके पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही थी। रेटिंग एजेंसी के मुताबिक, उपभोग मांग व्यापक आधार वाली नहीं है और निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) 6.9 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 7.5 प्रतिशत था। निम्न आय वर्ग से संबंधित परिवारों की वास्तविक वेतनवृद्धि वित्त वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही से ही नकारात्मक रही है और सिर्फ अक्टूबर-दिसंबर, 2022 की तिमाही में ही यह मामूली रूप से बढ़ी है। रिपोर्ट कहती है कि उच्च आय वर्ग से संबंधित परिवारों की वास्तविक वेतनवृद्धि 9.5 प्रतिशत से 12.7 प्रतिशत के बीच रह सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश का निर्यात प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना कर रहा है जबकि सेवा क्षेत्र में सुधार हो रहा है। लेकिन मानसूनी वर्षा और औद्योगिक वृद्धि 'चिंता का क्षेत्र' बने हुए हैं।

**एडीबी ने वृद्धि दर अनुमान में घटाकर 6.3 प्रतिशत किया :** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 6.4 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया।

### निवेशकों को 2.89 लाख करोड़ की चपत

**सेंसेक्स ने लगाया 796 अंक का गोता निफ्टी 20,000 से नीचे फिसला**

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में दो दिनों की गिरावट से निवेशकों को करीब 2.89 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी है। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 796 अंक का गोता लगाया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर पर निर्णय आने से पहले वैश्विक बाजारों में कायम कमजोर रुख के बीच बैंक और पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और यह 796 अंक यानी 1.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 66,800.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 868.7 अंक तक लुढ़क गया था। सेंसेक्स सोमवार को 241 अंक गिरावट के साथ 67,596.84 पर बंद हुआ था।

# देशप्रिय क्लब थड़पकना : काल्पनिक मंदिर में पधारेंगी मां दुर्गा

**खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान**







खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। देशप्रिय क्लब दुर्गा पूजा समिति थड़पकना में इस बार काल्पनिक मंदिर में मां दुर्गा पधारेंगी। मंदिर के प्रारूप वाले पंडाल के लिए कपड़ों और थर्माकोल की बारीकी से कटिंग स्थानीय कारीगरों द्वारा किया जा रहा। पंडाल की ऊंचाई 35 फीट चौड़ाई 30 फीट लंबाई 30 फीट होगी।

पूजा समिति के सचिव प्रणव कुमार चौधरी ने बताया कि मां भगवती का 9 दिनों तक बांग्ला रीति रिवाज के साथ पूजा होता है। इस मौके पर कई प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचमी के दिन महिषासुर मर्दिनी का मंचन उदिति ग्रुप और नृत्य नाटिका दीपांजलि संस्थान के द्वारा किया जाएगा। साथ ही मौके पर रंगोली प्रतियोगिता के साथ-साथ बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि देवी दुर्गा सहित अन्य देवी देवताओं के मूर्ति का निर्माण स्थानीय मूर्तिकार अजय कर रहे हैं। पूजा समिति के सचिव ने बातया कि अष्टमी और नवमी के दिन भोग का वितरण किया जाएगा । क्लब में 60 वर्षों से लगातार हो रही है पूजा। पूजा पंडाल के आसपास विशेष विद्युत साज की जाएगी। इस बार का बजट पंडाल व अन्य खर्चों में लगभग 7 लाख रखा गया है।

- पंचमी को महिषासुर मर्दिनी का मंचन और नृत्य होगा
- क्लब में 60 वर्षों से लगातार हो रही है दुर्गा पूजा

### सड़क के गड्ढे को ठीक से नहीं भरा गया : सचिव

पूजा समिति के सचिव प्रणव कुमार चौधरी ने बताया कि पूरे मोहल्ले में सड़क के दोनों तरफ गड्ढा कर दिया गया है और ठीक से उसे भरा नहीं गया है। जिससे आमजन के साथ-साथ आने वाले भक्तों को भी काफी परेशानी होगी अतः विभाग से निवेदन है कि इसको जल्द बराबर करा दें।



VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!